

वाहन और दूरसंचार शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी सेंसेक्स 609 अंक उछला -12



गंगा एक्सप्रेस-वे से उत्तर प्रदेश के बारह जिलों में आर्थिक क्रांति की नींव -12



ईरान युद्ध में खुद ही चौतरफा घिरा अमेरिका ट्रंप की बढ़ीं मुश्किलें -13



ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट पीने पर विवादों से घिरे रियान पराग -14


आज का मौसम
38.0⁰ अधिकतम तापमान
25.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.33
सूर्यास्त 06.39

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 09:12 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 30 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 253, पृष्ठ 14 मूल्य 6 रुपये


# एक्सप्रेस-वे से भी तेज है उत्तर प्रदेश के विकास की रफ्तार: मोदी

## प्रधानमंत्री ने किया गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण, योगी के नेतृत्व में विकास को सराहा

- पीएम बोले-किसानों, उद्योग व युवाओं के लिए नई लाइफलाइन, 12 जिलों में बढ़ेंगे अवसर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हरदोई

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आज विकास की रफ्तार एक्सप्रेस-वे से भी तेज है। गंगा एक्सप्रेस-वे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक परिवर्तन का आधार है। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेस-वे प्रदेश की अर्थव्यवस्था, कनेक्टिविटी और रोजगार के लिए नई लाइफलाइन साबित होगा।

प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को हरदोई के तहसील बिलग्राम स्थित मल्लावां कट के पास गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मां गंगा के नाम पर बना यह एक्सप्रेस-वे प्रदेश की विरासत और विकास दोनों का प्रतीक है। इससे अब लोग कम समय में संगम और काशी पहुंच सकेंगे, जिससे आस्था और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। मेरठ के स्पोर्ट्स गुड्स, हरदोई का हैंडलूम, उन्नाव का लेदर और प्रतापगढ़ का आंवला जैसे उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचने का बेहतर अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक्सप्रेस-वे 12 जिलों में उद्योगों को आकर्षित करेगा और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री को प्रतीक के रूप में मां गंगा की प्रतिमा भी भेंट की।





गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण अवसर पर मंच पर उपस्थित पीएम मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन, सीएम योगी तथा अन्य।

### पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा लगाने जा रही जीत की हैट्रिक : मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि कुछ समय पहले, जब बिहार में चुनाव हुए तो भाजपा-एनडीए ने प्रचंड जीत दर्ज की थी, एक इतिहास रच दिया था। अभी कल ही गुजरात में महानगर पालिका, नगर पालिका, जिला पंचायतें, नगर पंचायतें, तहसील पंचायत... इन सब के चुनाव के नतीजे आए हैं। 80 से 85 प्रतिशत नगरपालिका और पंचायत भाजपा ने जीत ली हैं। मुझे विश्वास है कि इन पांच राज्यों के चुनाव में भी भाजपा ऐतिहासिक जीत की हैट्रिक लगाने जा रही है। 4 मई के नतीजे विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करेंगे। केंद्र की एनडीए सरकार नारी शक्ति वंदन संशोधन लेकर आई थी, अगर यह संशोधन पास हो जाता तो 2029 के चुनाव से ही महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण मिलता। सपा ने इस संशोधन के खिलाफ वोट किया। यूपी को सपा और उसके सहयोगियों से सावधान रहना है।

### इंफ्रास्ट्रक्चर से बदल रही यूपी की तस्वीर

मोदी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम हो रहा है। प्रदेश में 21 एयरपोर्ट विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें पांच अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हैं। ब्रह्मोस मिसाइल जैसे बड़े प्रोजेक्ट राज्य की औद्योगिक शक्ति को नई पहचान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उप्र अब एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### विपक्ष पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में अपराध और जंगलराज का माहौल था, जिससे निवेश और विकास बाधित होता था। आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है और प्रदेश निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है।

# भारत को जोड़ने की ताकत हैं प्रभु श्रीराम-श्रीकृष्ण और शिवः योगी

- मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर के शिखर पर किया धर्म ध्वजारोहण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रभु श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव भारत को जोड़ने की सबसे बड़ी शक्ति हैं। श्रीराम उत्तर-दक्षिण, श्रीकृष्ण पूर्व-पश्चिम और भगवान शंकर द्वादश ज्योतिर्लिंगों के माध्यम से पूरे देश को एक सूत्र में बांधते हैं। उन्होंने कहा कि जहां अयोध्या और राम होंगे, वहां विजय सुनिश्चित है।

सीएम योगी बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर के शिखर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धर्म ध्वजारोहण करके भगवान शिव व श्रीरामलला का विधिवत दर्शन-पूजन और आरती के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि डॉ. लोहिया कहते थे कि श्रीराम, श्रीकृष्ण व शिवशंकर हैं तो कोई भारत का बाल बांका नहीं कर सकता, लेकिन यह बात उनके शिष्य नहीं समझेंगे, क्योंकि समझ उन्हें आता है, जिनमें समझ का सामर्थ्य होता है। जिनमें समझ का सामर्थ्य नहीं, उन रामद्रोहियों-शिवद्रोहियों के लिए कोई ठौर-ठिकाना नहीं होगा। दुनिया अयोध्या धाम का अनुसरण कर रही है। सीएम ने नई अयोध्या की स्थिति का भी जिक्र किया। कहा कि नई अयोध्या त्रेतायुग की याद दिला रही है और यही डबल इंजन की ताकत है। यह तभी हो पाया, जब एक साथ एक स्वर में सनातन धर्मावलंबी बोल उठे, तभी रामजन्मभूमि में मंदिर निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त हो गया था। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव, अमित सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।



अयोध्या : मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजारोहण करने के बाद लोगों को संबोधित करते सीएम योगी।

### हम बंटे थे तो विधर्मियों ने लाभ उठाया

सीएम ने सनातनियों को चेताया कि जब हम बंटे थे तो विधर्मियों ने आकर लाभ उठाया था, हम आज एकजुट होकर मुकाबला कर रहे हैं तो सुरक्षित हैं। हम भावी पीढ़ी को गौरव से बता पाएंगे कि हमने श्रीरामजन्मभूमि का फैसला, भूमि पूजन, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा, रामनवमी के दिन सूर्य तिलक, सनातनी ध्वजा का आरोहण, श्रीराम यंत्र की स्थापना को अपनी आंखों से देखा है। आने वाली पीढ़ियां हमें कोसेंगी नहीं।

### महापुरुषों को जातीयता के दायरे में मत बांटिए

सीएम ने लोगों से आग्रह किया कि सनातन धर्म की एकता के जरिए भारत की एकता व अखंडता को मजबूती दीजिए। महापुरुषों को जातीयता के दायरे में मत बांटिए और बांटने वालों से सावधान रहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### विधानमंडल का विशेष सत्र आज हंगामे के आसार

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का एक दिवसीय विशेष सत्र गुरुवार को हंगामेदार रहने के आसार हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े संशोधन विधेयक के लोकसभा में गिरने के मुद्दे पर योगी सरकार सदन में निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी में है, जबकि विपक्ष इसके खिलाफ जोरदार विरोध की रणनीति बना चुका है। सूत्रों के अनुसार, सुबह 11 बजे सत्र शुरू होने से पहले भाजपा गठबंधन के विधायकों और मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी विधायक दल की बैठकें होंगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

### कम दूरी की पोत विध्वंसक मिसाइल का सफल 'साल्वो परीक्षण'

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना और डीआरडीओ ने बुधवार को ओडिशा तट के पास कम दूरी की पोत विध्वंसक मिसाइल प्रणाली का पहला 'साल्वो लॉन्च' सफलतापूर्वक पूरा किया। इस परीक्षण में नौसेना के हेलीकॉप्टर के जरिए एक ही लॉन्चर से कुछ ही सेकंड के भीतर कई मिसाइलें तेजी से दागी गईं। यह 'साल्वो' तकनीक दुश्मन की रक्षा प्रणाली को एक साथ कई सटीक हमलों से ध्वस्त करने के लिए डिजाइन की गई है।

# बंगाल में मतदान का महा-रिकॉर्ड दोनों चरणों में 92.47% वोटिंग

कोलकाता/नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव-2026 ने लोकतंत्र के उत्सव में एक नया इतिहास रच दिया है। राज्य में दो चरणों में हुए मतदान में आजादी के बाद से अब तक का सबसे अधिक 92.47 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने इस ऐतिहासिक भागीदारी के लिए जनता को बधाई देते हुए इसे पश्चिम बंगाल का गर्व बताया।

भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपना वोट डालने के बाद केंद्रीय बलों पर "अति" करने का आरोप लगाया। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ और पर्यवेक्षक मतदाताओं को डरा-धमका रहे हैं और लोगों की पिटाई कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि सुरक्षा बल महिलाओं और बच्चों तक को नहीं छोड़ रहे हैं और बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां की गई हैं। उन्होंने इसे अदालत की अवमानना और लोकतंत्र का अपमान बताते हुए कहा कि केंद्रीय बल लोगों को इस तरह प्रताड़ित नहीं कर सकते।

विपक्ष के आरोपों के बीच, निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव के बाद की अवधि में शांति सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की लगभग 700 कंपनियां अगले आदेश तक राज्य में तैनात रहेंगी। आयोग का कहना है कि यह तैनाती 19 मार्च की योजना के अनुसार कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई है। रिकॉर्ड मतदान और सियासी आरोपों-प्रत्यारोपों के बीच अब सभी की निगाहें 4 मई पर टिकी हैं, जब मतगणना के बाद यह साफ होगा कि बंगाल की जनता ने किसे अपना जनादेश दिया है।



- सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगी 700 कंपनियां, ममता ने लगाया केंद्रीय बलों पर प्रताड़ना का आरोप

### मतदान के बड़े आंकड़े

**ऐतिहासिक भागीदारी :** राज्य की 294 सीटों पर औसत मतदान 92.47% रहा, जिसने 2011 के 84.72% के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

**महिलाओं का वर्चस्व :** महिला मतदाताओं का प्रतिशत 93.24% रहा, जबकि पुरुषों का प्रतिशत 91.74% दर्ज किया गया।

**चरणवार स्थिति :** पहले चरण में 93.19% और दूसरे चरण में बुधवार शाम तक 91.66% मतदान हुआ।

# बंगाल-असम में भाजपा को बढ़त, केरल-तमिलनाडु में बदलाव की लहर; पुडुचेरी में फिर खिल सकता है कमल

नई दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क

चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के बाद आए अधिकांश सर्वेक्षणों में असम और पश्चिम बंगाल में भाजपा की स्थिति मजबूत दिखाई दे रही है, जबकि दक्षिण भारत के राज्यों और पुडुचेरी में कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

**पुडुचेरीः राजग की वापसी के आसार**

30 सीटों वाले केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में अधिकतर सर्वेक्षण एआईएनआरसी की अगुवाई वाले एनडीए को बहुमत दे रहे हैं।

### एग्जिट पोल

**एक्सिस माय इंडियाः** राजग को 16-20 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि कांग्रेस-द्रमुक गठबंधन 6-8 सीटों पर सिमट सकता है। यहाँ अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके को 2-4 सीटें मिलने की संभावना है।

**पीपुल्स प्लसः** इस सर्वे ने भी राजग को 16-18 सीटें देकर उनकी सरकार बनने का संकेत दिया है, जबकि कांग्रेस-द्रमुक गठबंधन को 10-12 सीटें दी गई हैं।

एग्जिट पोल की मानें तो उत्तर-पूर्व और बंगाल में भाजपा अपनी पकड़ मजबूत कर रही है, वहीं दक्षिण में क्षेत्रीय दलों और कांग्रेस गठबंधन का पलड़ा भारी है। अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके के प्रदर्शन ने तमिलनाडु और पुडुचेरी के समीकरणों को रोचक बना दिया है।

### असम और बंगाल: भाजपा के लिए शुभ संकेत

**असम :** 126 सीटों वाले इस राज्य में भाजपा गठबंधन जीत की हैट्रिक लगाता दिख रहा है। 'एक्सिस माय इंडिया' ने राजग को 88-100 और 'मैट्रिज' ने 85-95 सीटें दी हैं।

**बंगाल :** 294 सीटों पर 'पी-मार्क' (150-175) और 'पोल डायरी' (142-171) भाजपा की जीत देख रहे हैं, जबकि 'पीपुल्स प्लस' ने टीएमसी को 177-187 सीटों के साथ बहुमत का दावा किया है।

### तमिलनाडु और केरल: सत्ता परिवर्तन की आहट

**तमिलनाडु :** यहां द्रमुक गठबंधन की वापसी के संकेत हैं। 'पीपुल्स प्लस' ने द्रमुक को 125-145 सीटें दी हैं। दिलचस्प बात यह है कि अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके पहली बार 10 से 12 सीटें हासिल कर खाता खोल सकती है।

**केरल :** यहाँ वामपंथियों की विदाई होती दिख रही है। 'एक्सिस माय इंडिया' (78-90 सीटें) और 'पीपुल्स प्लस' (75-85 सीटें) ने कांग्रेस नीत यूडीएफ को पूर्ण बहुमत मिलने का अनुमान लगाया है।

**प. बंगाल सीटें 294 बहुमत 148**

| एजेंसी | टीएमसी+ | भाजपा |
|---|---|---|
| मैट्रिज | 125-140 | 146-161 |
| पोल डायरी | 99-127 | 142-171 |
| चाणक्य स्ट्रैटजीज | 130-140 | 150-160 |
| प्रजा पोल | 85-110 | 178-208 |
| पीपल्स पल्स | 177-187 | 95-110 |
| पी- मारक्यू | 118-138 | 150-175 |
| जनमत पोल्स | 195-205 | 80-90 |
| जेवीसी | 131-152 | 138-159 |

**तमिलनाडु सीटें 234 बहुमत 118**

| एजेंसी | द्रमुक+ | एनडीए | टीवीके |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 122-132 | 87-100 | 10-12 |
| पीपल्स पल्स | 125-145 | 65-80 | 18-24 |
| चाणक्य स्ट्रैटजी | 145-160 | 50-65 | - |
| प्रजा पोल | 148-168 | 61-81 | - |
| पी-मारक्यू | 125-145 | 65-85 | 16-26 |
| जेवीसी | 75-95 | 128-147 | 8-15 |
| पीपल्स इन्साइट | 120-140 | 60-70 | 30-40 |
| कामाख्या | 78-95 | 68-84 | 67-81 |

**केरल सीटें 140 बहुमत 71**

| एजेंसी | द्रमुक+ | एनडीए | टीवीके |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 122-132 | 87-100 | 10-12 |
| पीपल्स पल्स | 125-145 | 65-80 | 18-24 |
| चाणक्य स्ट्रैटजी | 145-160 | 50-65 | - |
| प्रजा पोल | 148-168 | 61-81 | - |
| पी-मारक्यू | 125-145 | 65-85 | 16-26 |
| जेवीसी | 75-95 | 128-147 | 8-15 |
| पीपल्स इन्साइट | 120-140 | 60-70 | 30-40 |
| कामाख्या | 78-95 | 68-84 | 67-81 |

# यूपी में आंधी-पानी ने मचाई तबाही, 12 की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अयोध्या में धूलभरी आंधी से एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा सीएम योगी का हेलिकॉप्टर
- सुल्तानपुर में सर्वाधिक छह की मौत, लखनऊ समेत 10 जिलों में जमकर ओले गिरे

**अमृत विचारः** यूपी में बुधवार को मौसम ने अचानक करवट ली। आंधी-बारिश से जगह-जगह पेड़, बिजली के खंभे उखड़ गए। कई कच्चे मकान ढह गए। इससे 12 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 6 मौत सुल्तानपुर में हुई। अयोध्या-अमेठी में 2-2, प्रयागराज और गाजीपुर में 1-1 की जान गई, जबकि दर्जनों घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को मौके पर जाकर बचाव एवं आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

यूपी में बुधवार को लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज-वाराणसी समेत 30 से ज्यादा जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। लखनऊ समेत 10 जिलों में जमकर ओले गिरे। सुल्तानपुर में 60 किमी की स्पीड से तूफान आया। इससे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बने टोल प्लाजा की छत उड़ गई। अयोध्या में धूलभरी आंधी के साथ बारिश हुई। इससे सीएम योगी का हेलिकॉप्टर एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। सुल्तानपुर में बिजली गिरने से खेत में आग लग गई। यूपी में पेड़-मकान व आकाशीय बिजली गिरने से मरने वालों में सुल्तानपुर के महेंद्र तिवारी (20) निवासी पूरे शिववंश दुबे, थाना कुड़वार, महिमा (8) – कस्बा माफियात, थाना बल्दीराय, रामबरन (58) – सिंघनी गांव, थाना बल्दीराय, रीता (35) – पूरे निधई तिवारी, मजरा डोभियारा, थाना हलियापुर, सुरेमन (8) – मुरादाबाद बरामदपुर, थाना अखंडनगर और सुषमा गुप्ता (40) – अलीगंज दाऊदपुर, थाना बंधुआकला शामिल हैं। जबकि अयोध्या की कर्मा देवी (64) – खजुरहट गणेशी गांव, बीकापुर और जमुना प्रसाद मिश्रा (40) – पूरा कलंदर क्षेत्र अमेठी से अंबिका पांडे (65) – खाखर देई गांव, थाना मुंशीगंज और मोहित गिरी (19)- शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के महिया सिंदुरिया की मौत हो गई। प्रयागराज में आकाशीय बिजली से कुसुम देवी (45) फूलपुर थाना क्षेत्र के दुल्मापुर गांव की जान चली गई, जबकि गाजीपुर में रामदरस राम निवासी बकराबाद निवासी (पेड़ गिरने से) की मौत हो गई। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं की वजह से मौसम बदला है। आज पूर्वांचल, अवध, बुंदेलखंड और ब्रज क्षेत्र के 58 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है।

### अगले 4 दिन कैसा रहेगा मौसम

1 मई : पश्चिमी यूपी में हल्की और पूर्वी यूपी में तेज बारिश होगी। बादलों की गड़गड़ाहट के बीच बिजली भी गिर सकती है।

2 मई : प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। तेज हवा चलेगी। तापमान में हल्की गिरावट आएगी।

3 मई : पूर्वी और पश्चिमी यूपी में कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होगी। आंधी-तूफान की संभावना नहीं है।

4 मई : आंधी-तूफान के साथ बारिश होगी। दिन वक्त बीच-बीच में धूप निकलने से उमस की स्थिति बनेगी।

# प्रवेश वाही बने दिल्ली के नए मेयर, मोनिका पंत उपमहापौर बनीं

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ पार्षद प्रवेश वाही दिल्ली नगर निगम के नए महापौर (मेयर) चुन लिए गए हैं। बुधवार को हुए चुनाव में रोहिणी पूर्व से पार्षद प्रवेश वाही ने भारी मतों से जीत हासिल की। उनके साथ ही आनंद विहार से भाजपा पार्षद मोनिका पंत को उपमहापौर चुना गया है। कुल 273 वोटों वाले निर्वाचक मंडल में जीत के लिए 137 वोटों की आवश्यकता थी। प्रवेश वाही को कुल 156 वोट मिले, जिसमें इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के 14 पार्षदों का समर्थन भी शामिल रहा। उनके प्रतिद्वंदी कांग्रेस उम्मीदवार हाजी जरफ को केवल नौ वोट मिले। उपमहापौर पद पर मोनिका पंत को भी 156 वोट हासिल हुए। विशेष बात यह रही कि आम आदमी पार्टी (आप) ने इस महापौर चुनाव की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया।

# उन्नाव : डंपर की टक्कर से छह की मौत मुंडन कराकर लौट रहा था परिवार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- एक ही परिवार की 4 महिलाओं समेत 6 की मौत, 4 घायल
- मुख्यमंत्री ने घटना पर जताया दुख, अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार।** उन्नाव के बिहार थानांतर्गत बक्सर-सुमेरपुर मार्ग पर बुधवार सुबह ओवर टेक के दौरान हुए सड़क हादसे में बोलेरो सवार एक ही परिवार की चार महिलाओं सहित छह लोगों की जान चली गई। वहीं दंपति समेत चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए घायलों के बेहतर उपचार के आदेश जिला प्रशासन को दिए हैं।

मौरावां थानाक्षेत्र के अकोहरी गांव के मजरा पठई निवासी सूरज पुत्र नरेंद्र सिंह मां गीता, पत्नी भारती, चाची बिटान, बहन ज्योति, सुनीता, पड़ोसी अर्चना, भांजे आनंद व भांजी गौरी के साथ तीन वर्षीय बेटे शुभ का मुंडन कराने मां चंद्रिका देवी धाम बक्सर गए थे। जहां से सभी बुधवार को बोलेरो से लौट रहे थे। जिसे सूरज के गांव का निवासी रामधनी चला रहा था। तभी बिहार थानांतर्गत सुमेरपुर मार्ग पर ओवरटेक के दौरान पहले डंपर फिर ट्रक की टक्कर हुई और दोनों वाहन सड़क किनारे खंती में पलट गए। इससे बोलेरो में फंसे लोगों में चीखपुकार मच गई। बिहार व बारासगवर थानाक्षेत्र की पुलिस ने वाहन को कटर से कटवाकर घायलों को अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने गीता, बिटान, ज्योति, सुनीता, अर्चना व रामधनी को मृत घोषित कर दिया। वहीं सूरज, भारती, आनंद व गौरी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डीएम घनश्याम मीना, क्षेत्रीय विधायक अनिल सिंह व एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव सहित अन्य अफसरों ने दुखी परिजनों को ढांढस बंधाया। सीओ मधुपनाथ मिश्रा ने बताया कि शवों के पोस्टमार्टम कराए जा रहे हैं। ओवरटेक के दौरान हादसा होने की बात सामने आई है। घटना की जांच की जा रही है।



हादसे के बाद पलटा पड़ा ट्रक व पूरी तरह से क्षतिग्रस्त बोलेरो गाड़ी।

उत्तराखण्ड शासन

उत्तराखण्ड 25 गौरव, विकास और संकल्प का पर्व

देवभूमि उत्तराखण्ड
विकास भी, विरासत भी


# चारधाम यात्रा

## आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन

श्री यमुनोत्री



श्री गंगोत्री





श्री केदारनाथ



श्री बदरीनाथ

## चारधाम मार्ग के समीप आध्यात्मिक और प्राकृतिक रत्न

### यमुनोत्री के पास

जानकी चट्टी, हनुमान चट्टी, खरसाली गांव, सप्तऋषि कुंड, लाखा मण्डल, केदारकांठा ट्रैक, राणा चट्टी

### केदारनाथ के पास

भैरवनाथ मन्दिर, वासुकीताल, गौरीकुंड, त्रियुगीनारायण मन्दिर, चोपता तुंगनाथ चंद्रशिला, गुप्तकाशी, देवरियाताल

### गंगोत्री के पास

गौमुख ट्रैक, भोजबासा, तपोवन, सूर्यकुंड व गौरीकुंड, हर्षिल वैली, मुखीमठ (मुखबा), दयारा बुग्याल ट्रैक, गर्तांग गली, काशी विश्वनाथ मन्दिर, नचिकेताताल, डौडीताल

### बदरीनाथ के पास

माणा गांव, व्यास गुफा और गणेश गुफा, भीमशिला, औली, फूलों की घाटी, वसुधारा जलप्रपात, चरणपादुका, तप्तकुंड, नारदकुंड, ज्योतिर्मठ (जोशीमठ), सतोपंथ झील, पाण्डुकेश्वर, आदिबदरी मन्दिर, हेमकुंट साहिब



त्रियुगी नारायण मन्दिर | फूलों की घाटी | औली | देवप्रयाग



गर्तांग गली | ऋषिकेश | हर्षिल वैली | कार्तिक स्वामी मंदिर



## मेरे प्यारे देशवासियों,

देवभूमि उत्तराखण्ड की पावन धरती पर चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो गया है। बाबा केदार के दर्शन सहित चारो धामों की यह पावन यात्रा भारत की सनातन सांस्कृतिक चेतना का एक भव्य उत्सव है। जगदगुरु आदि शंकराचार्य ने बदरीनाथ और केदारनाथ की यात्राओं से भारतीय संस्कृति को एक नई दिशा दी थी। जगदगुरु रामानुजाचार्य और जगदगुरु मध्वाचार्य ने भी अपने धर्मविचारों को समृद्ध करने के लिए बदरीनाथ की यात्रा की थी।

आज भी हिमालय की गोद में विराजमान ये चारो धाम हमारी शाश्वत आस्था और विश्वास के दिव्य केंद्र हैं। हर वर्ष विविध भाषाओं, परंपराओं और संस्कृतियों के लोग यहां पहुंचते हैं और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के भाव को और अधिक सशक्त करते हैं। इस वर्ष की यात्रा भी इसी परंपरा का विस्तार है।

हमारे शास्त्रों में कहा गया है,

**अग्रिष्टोमादिभिर्यज्ञैरिष्ट्वा विपुलदक्षिणैः।**
**न तत्फलमवाप्नोति तीर्थाभिगमनेन यत्॥**

भाव ये है कि बड़े-बड़े यज्ञों और दान आदि से हमें अपार पुण्य प्राप्त होते हैं। और इन अनुष्ठानों से भी कहीं अधिक पुण्य, हमें तीर्थ यात्राओं से प्राप्त होता है।

विकसित भारत के संकल्प में विकसित उत्तराखण्ड की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कुछ वर्ष पहले, बाबा केदार के द्वार पर मैंने कहा था कि ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। आज उत्तराखण्ड की प्रगति इस विश्वास को साकार कर रही है। उत्तराखण्ड आज पर्यटन, आध्यात्मिकता और आर्थिक प्रगति, तीनों क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

पिछले कुछ वर्षों से उत्तराखण्ड में विकास का जो महायज्ञ चल रहा है, उसने चारधाम यात्रा को पहले से अधिक सुगम, सुरक्षित और दिव्य बनाया है। इससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं, संतजनों और पर्यटकों को बहुत सुविधा हो रही है। इन सारे कामों में उत्तराखण्ड की प्राकृतिक सुंदरता का ध्यान रखने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

मैं उत्तराखण्ड आने वाले हर अतिथि से भी कहूंगा कि वो इस नए अनुभव का आनंद जरूर लें। सभी यात्रीगण अपनी यात्रा के दौरान डिजिटल उपवास रखने और उत्तराखण्ड की प्राकृतिक सुंदरता को जीने का प्रयास भी करें। इससे आपको एक अलग संतुष्टि भी मिलेगी।

चारधाम की हर यात्रा में हम एक संकल्प लेकर अपने मूल स्थान से देवभूमि के लिए आते रहे हैं। इसी क्रम में, मैं भी आपसे पांच संकल्पों का आग्रह करना चाहता हूं:

**पहला संकल्प - स्वच्छता सर्वोपरि** : धाम और उसके आस पास स्वच्छता बनाए रखें। नदियों को साफ रखने के लिए अपना योगदान दें। सिंगल यूज़ प्लास्टिक से मुक्त यात्रा का संकल्प लें और इस पावन धरा की गरिमा को बनाए रखें।

**दूसरा संकल्प - प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता** : हिमालय की इस दिव्य धरा के प्रति संवेदनशील रहें। प्रकृति के संतुलन को बनाए रखते हुए, 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे प्रयासों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

**तीसरा संकल्प - सेवा, सहयोग और एकता पर बल** : पुरातन काल से हमारी तीर्थ यात्राएं सर्वजन की सेवा और सामाजिक समरसता को स्थापित करने का माध्यम रही हैं। आज भी लोग इसी सेवा भाव से तीर्थयात्रियों की सेवा करते हैं। मैं चारधाम आने वाले हर तीर्थयात्री से भी आग्रह करता हूं कि वो अपनी यात्रा के हर दिन, किसी ना किसी रूप में, लोगों की सेवा का एक काम अवश्य करें।

सहयात्रियों की सहायता करें और देश की विभिन्न जगहों से आए लोगों से जुड़ें। उनकी परंपराओं का सहभागी बनकर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को इस यात्रा के माध्यम से सशक्त करें।

**चौथा संकल्प - वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा** : अपने मूल स्थान से चलकर यात्रा से घर लौटने तक अपने कुल खर्च का पांच प्रतिशत हिस्सा लोकल उत्पादों को खरीदने पर जरूर खर्च करें। अगर किसी स्थानीय चीज की जरूरत इस मौसम में नहीं भी है, तो भी उसे भविष्य के इस्तेमाल के भाव से ही खरीदने का प्रयास करें।

**पांचवां संकल्प - अनुशासन, सुरक्षा और मर्यादा का पालन** : यात्रा के नियमों और यातायात निर्देशों का पालन करें। एक जिम्मेदार और सजग नागरिक के रूप में इस तीर्थ यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाएं। हम ये प्रयास करें कि हमारी यात्रा से, इस यात्रा के आयोजन और प्रबंधन में जितने भी लोग लगे हुए हैं, उन्हें कोई असुविधा ना हो।

हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में हमारे क्रिएटर्स, इंफ्लूएंसर्स चारधाम दर्शन के लिए जाने लगे हैं। मैं सभी से ये आग्रह करूंगा कि वो उत्तराखण्ड की स्थानीय कहानियों और यहां की छोटी-छोटी परंपराओं को भी जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करें।

बाबा केदार के साथ ही चारो धामों का आशीर्वाद आपके जीवन में नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और नए संकल्पों का संचार करे। मेरी यही कामना है।

आप सभी को एक सफल, सुरक्षित, दिव्य और आत्मीय यात्रा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

आपका

नरेन्द्र मोदी

**नरेन्द्र मोदी**





"माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी** मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## महत्वपूर्ण सूचना

- यात्रा से पूर्व पंजीकरण अनिवार्य है।
- रजिस्ट्रेशन में सही मोबाईल नम्बर दर्ज करें।
- अपने साथ पर्याप्त ऊनी कपड़े, छतरी, रेनकोट आदि अवश्य रखें।
- पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान सटीक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करें।
- वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह दी जाती है।
- यदि आप कोई दवा लेते हैं तो प्रचुर मात्रा में स्टॉक साथ रखे।
- यात्रा मार्ग पर विभिन्न पड़ावों पर विश्राम करते हुए प्रस्थान करें, जिससे जलवायु अनुकूल हो सकें।
- यदि आप अस्वस्थ महसूस कर रहे हैं तो यात्रा ना करें।
- धामों पर दर्शन कराने का दावा करने वाले अनधिकृत व्यक्तियों से बचें।
- यात्रा मार्गों पर गंदगी न फैलाकर, उन्हें स्वच्छ रखने में हमारा सहयोग करें।
- कृपया वाहनों की गति नियंत्रित रखें एवं वाहनों को उचित स्थलों पर ही पार्क करें।
- सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करें।

| पंच केदार | पंच प्रयाग | पंच बद्री |
| --- | --- | --- |
| 1. केदारनाथ | 1. देवप्रयाग | 1. विशाल बद्री |
| 2. तुंगनाथ | 2. रुद्रप्रयाग | 2. योगदर्शन बद्री |
| 3. रुद्रनाथ | 3. कर्णप्रयाग | 3. भव्य बद्री |
| 4. मदमहेश्वर | 4. नन्दप्रयाग | 4. वृद्धा बद्री |
| 5. कल्पेश्वर | 5. विष्णुप्रयाग | 5. आदि बद्री |



**केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से हेलीकॉप्टर बुकिंग करें धोखाधड़ी से सुरक्षित रहें।**
**www.heliyatra.irctc.co.in**

**चारधाम यात्रा पर आप पंच केदार, पंच प्रयाग एवं पंच बद्री के भी दर्शन कर सकते हैं।**
**पंच बद्री में अलग-अलग रूपों में भगवान विष्णु की पूजा की जाती है।**

### रजिस्ट्रेशन के माध्यम

वेबसाइट पर जाएं या QR कोड स्कैन करें:
registrationandtouristcare.uk.gov.in

ऐप डाउनलोड करें
touristcareuttarakhand
Google Play | App Store

अधिक जानकारी के लिए हमारे टोल फ्री नंबर (24x7) पर संपर्क करें
**0135-3520100**
विस्तृत जानकारी हेतु फोन नंबर
0135-2552627
0135-2559898
पर संपर्क करें
ई-मेल :
touristcare.uttarakhand@gmail.com

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

**सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।**
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# इतना बड़ा आंदोलन, अंततः विजय अयोध्या में ही संभव : योगी

## बोले मुख्यमंत्री, कहा -अयोध्या दुनिया को दे रही संदेश कि हम झुकेंगे नहीं, रुकेंगे नहीं, अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे


अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार शाम करीब 5:45 बजे शुभ मुहुर्त में राम मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर के 75 फिट ऊंचे शिखर पर धर्म ध्वजा का आरोहण किया। इससे पूर्व उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ध्वज का पूजन-अर्चन किया। मंच से अतिथियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इतना बड़ा आंदोलन और अंततः विजय यह अयोध्या में ही संभव है। इससे संदेश गया कि हम झुकेंगे नहीं, रुकेंगे नहीं, अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। यह अयोध्या ने दुनिया को बताया है। कहा कि सभी सनातन धर्मावलंबी बोल उठे थे तब राम जन्मभूमि में मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो पाया। हमारे विभाजन का हमेशा से लाभ उठाया गया। हम आज एकजुट होकर जब उसका मुकाबला कर रहे हैं तो सुरक्षित है। हर व्यक्ति सुरक्षित है। अपनी विरासत को गौरव के साथ आगे बढ़ते हुए आने वाली पीढ़ी को गौरव के साथ बताने की स्थिति में हैं। यह गौरवमयी क्षण हमने अपनी आंखों से देखा है। हमें अपने पूर्व जन्म का पुण्य प्राप्त हो रहा है। हमने इसके महत्व को भी समझा है और इसको वर्तमान और भावी पीढ़ी को बताएं।

इससे पहले बुधवार शाम करीब 4 बजे उनका हैलीकॉप्टर महर्षि वाल्मिकी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा। वहां से वे सड़क मार्ग से सबसे पहले हनुमानगढ़ी मंदिर गये। हनुमान जी की आरती उतारी, परिक्रमा की। दर्शन-पूजन किया। उसके बाद वह वीआईपी प्रवेश द्वार नंबर 11 जगदगुरु आद्य शंकराचार्य से राम मंदिर परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने रामलला व राम दरबार की आरती उतारी। पूजन अर्चन किया।



शिव मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा का आरोहण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।


रामलला को हाथ जोड़कर नमन करते मुख्यमंत्री ।


शिव मंदिर में पूजन – अर्चन करते मुख्यमंत्री ।

इसके बाद वह शिव मंदिर पहुंचे, जहां भोलेनाथ का अभिषेक कर पूजन किया। इस दौरान राम मंदिर परिसर जय श्रीराम के साथ हर हर महादेव के उद्घोष से गूंजता रहा।

इस मौके पर कृषि व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय, सदस्य महंत स्वामी दिनेंद्र दास, कृष्ण मोहन, डॉ. अनिल मिश्रा, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, बीकापुर विधायक डॉ.अमित सिंह चौहान, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, मिल्चंकीपुर विधायक चंद्र भानु पासवान, भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व विधायक से इंद्र प्रताप तिवारी, विहिप के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र पंकज, गोपाल राव, गजेंद्र समेत करीब एक हजार अतिथि मौजूद रहे।

### 19 फिट सात इंच ऊंचा है ध्वज दंड

श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के परकोटे में ईशान कोण (उत्तर –पूर्व) पर स्थित शिव मन्दिर का ध्वजदंड 19 फिट सात इंच ऊंचा है। ध्वज की लंबाई (लहर) नौ फिट तीन इंच और चौड़ाई (लपेट) चार फिट सात इंच है। ध्वज पूजन के दौरान आचार्य इंद्रदेव मिश्र, पुष्पदीप ने वेद मंत्रोचार के साथ ध्वज पूजन कराया। साथ में वेदपाठी गोपाल पाण्डेय, त्रिपुरारी त्रिपाठी, शिवा दीक्षित, उत्कर्ष पाण्डेय, मृदुल तिवारी ने ध्वज आरोहण के समय राष्ट्र सूक्त पाठ किया।

### एक हजार वर्ष है मंदिर की आयु

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने मंदिर निर्माण प्रक्रिया को बताते हुए कहा निर्माण विधि ऐसी है कि मंदिर एक हजार वर्ष से अधिक की आयु प्राप्त करे। उन्होंने सम्पूर्ण जन्मभूमि मंदिर को सामाजिक समरसता का उच्चतम प्रमाण बताया। कहा राम ने जिनसे आशीष लिया, जिनको गले लगाया व जिनसे मित्रता की, सभी का मंदिर बनाया गया है। चारों और राम से सम्बद्ध भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के कांस्य धातु की भित्ति प्रतिमाएं (म्यूरल्स) लगाए गए हैं। राम कथा पर आधारित भित्तिचित्र भी उकेरे गए हैं। बताया कि राम मंदिर के न्यायिक संघर्ष को डिजिटली सुरक्षित किया गया है, निर्माण की तकनीक इंजीनियरिंग के छात्र पढ़ सकें, इस के लिए पुस्तक बनाई गई है।


हनुमानगढ़ी मंदिर की परिक्रमा करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### प्रभु की कृपा से मौसम हुआ सुहाना

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि ईश्वर की कृपा यही होती है कल तक कोई कल्पना भी नहीं कर रहा था कि इतना सुहाना मौसम होगा। ये ईश्वर की कृपा नहीं तो और क्या है? श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के हमारे पदाधिकारी चिंतित हो रहे थे के कार्यक्रम 5 बजे होगा। भीषण गर्मी में लोग कैसे बैठेंगे? खुले में कार्यक्रम है, फिर आज दोपहर 3 बजे मौसम खराब होने लगा तो चिंता होने लगी, लेकिन बिजली की कड़क और बारिश दोनों नहीं है मौसम उसके विपरीत सब अच्छा है।लोग सोच रहे होंगे कि चंपत जी एसी लगवाए हैं, लेकिन उन्होंने एसी तो दूर एक पंखा भी नहीं चलवाया है, प्रभु की कृपा से अत्यंत सुहावना है।

## श्रीराम त्रेता से भारत को जोड़ रहे, यही हमारी सबसे बड़ी ताकत

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस दिन देश का 140 करोड़ भारतवासी अपने नेतृत्व पर विश्वास मजबूत करते हुए आगे बढ़ेगा, उस दिन दुनिया की कोई ताकत उसके सामने पनप नहीं सकती है। नए भारत को इसी दिशा में आगे बढ़ाने का हम सब का संकल्प होना चाहिए। कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन पूरे विश्व में अपने तरह का अनूठा आंदोलन रहा। गरीब से अमीर तक सभी अपने राम का भव्य मंदिर चाहते थे। 1528 ईस्वी से अब तक सभी सनातन धर्मावलम्बी लगातार संघर्ष करते रहे। अशोक सिंघल जी द्वारा आंदोलन हाथ में लेते ही जो ताप आया वह आज भी देश के विभिन्न हिस्सों में महसूस होता है। राम त्रेता से भारत को जोड़ रहे हैं, वही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। कहा कि हम सब साक्षी हैं उन तिथियों की जब उच्चतम न्यायालय ने श्रीराम जन्मभूमि का फैसला दिया। पूरा भारत झूम उठा था। जो लोग इसके विरोध में बोलते थे, वकील खड़े करते थे, ये वही लोग हैं जो रामसेतु को तोड़ना चाहते थे। ये वही लोग हैं जिन्होंने प्रयास किया कि समस्या का समाधान न निकले और भारत का सनातन धर्मावलंबी अपने को अपमानित महसूस करता रहे। लेकिन जब उच्चतम न्यायालय ने देश के हित में सनातन धर्म की भावनाओं के अनुरूप उपलब्ध साक्ष्यों व प्रमाणों के आधार पर फैसला दिया तो देश ही नहीं पूरी दुनिया ने उसका स्वागत किया। मैं कह सकता हूं कि भारत के इतिहास का वह सबसे शांत दिन था, सबसे खुशहाल दिनों में से एक दिन था। जिस दिन निर्णय आया कहीं कोई हलचल नहीं हुई।


समारोह में मौजूद अतिथि गण।


राम दरबार की आरती उतारते मुख्यमंत्री।

### मंदिर के पूजन का कार्यक्रम इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2020 को भव्य श्रीराम मंदिर का भूमि पूजन किया तो लोगों को संशय था क्या राम मंदिर बन जाएगा। हम सब साक्षी हैं 5 अगस्त 2020 के दुनिया कोविड से परेशान थी, परन्तु अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर के पूजन का कार्यक्रम इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया। हम सब श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने जब 22 जनवरी 2024 को देश के प्रधानमंत्री ने यह भव्य मंदिर देश को समर्पित किया। अगले दिन पांच लाख लोगों ने अयोध्या दर्शन किए। पूरा देश ही नहीं दुनिया भर के लोग प्रसन्न थे। यह दुनिया में एक मिसाल थी। कहा कि आज भगवान राम का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है और इससे बड़ी कृपा दूसरी नहीं हो सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### लखनऊ-वाराणसी स्पेशल ट्रेन 14 दिन के लिए निरस्त

अयोध्या। जौनपुर जंक्शन पर यार्ड रिमॉडलिंग के कार्य के चलते ट्रेन नंबर 04217 व 04218 लखनऊ–वाराणसी–लखनऊ स्पेशल ट्रेन को 14 दिन के लिए निरस्त कर दिया गया है। यह ट्रेन बाराबंकी–अयोध्या–अकबरपुर–जफराबाद–जौनपुर होते हुए आती जाती है। लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि यह ट्रेन 13 से 27 मई तक निरस्त रहेगी।

### विश्वविद्यालय से आज निकलेगी पदयात्रा

अयोध्या, अमृत विचार : गुजरात स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 30 अप्रैल गुरुवार को अवध विश्वविद्यालय से सुबह 6:30 बजे पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में यह पदयात्रा विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर से नाका हनुमानगढ़ी तक निकाली जाएगी। कार्यक्रम संयोजक प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से यह पदयात्रा आयोजित की जा रही है। विवि प्रशासन ने सभी से समय पर मुख्य परिसर स्थित प्रशासनिक भवन के सामने एकत्र होने की अपील की है।

### ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से बालक की मौत

शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार : शुजागंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत मानपुर मजरे हयातनगर गांव में बुधवार सुबह ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से मानपुर गांव निवासी अंशु यादव (लगभग 9 वर्ष) पुत्र विनोद कुमार यादव की मौत हो गई। वो घर के बाहर साइकिल चला रहा था। इसी दौरान धान पालेसर मशीन लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे ट्रॉमा सेंटर दर्शननगर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुजागंज चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### हत्या के आरोपी को जमानत नहीं

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या कोतवाली के अनीश वर्मा हत्याकांड में कोर्ट ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया है। यह आदेश अपर जिला जज सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से बुधवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडे व रोहित पांडे ने बताया कि घटना 23 दिसंबर 2025 की है। अयोध्या कोतवाली के तारुन उपरहार निवासी अनीश यादव पर आरोप हैं कि उसने घटना वाले दिन वादिनी शीला वर्मा के भतीजे आलोक वर्मा को जान से मारने की नीयत से गोली मार दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला की गोली लगने से आलोक वर्मा के लीवर फट गया था और उसकी दाहिने तरफ की पसली भी फ्रैक्चर हो गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

### पुलिस बल में अनुशासन सर्वोपरि : सीओ

सोहावल, अयोध्या। सीओ सदर अरविंद सोनकर ने मंगलवार शाम रौनाही थाने में नवागत प्रशिक्षु आरक्षियों के साथ बैठक कर अनुशासन का महत्व समझाया। कहा कि पुलिस बल में अनुशासन सर्वोपरि है, यदि आरक्षी अपने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन का पालन करेंगे, तो वह भविष्य में विभाग का नाम रोशन करेंगे। सीओ ने कहा कि वर्तमान समय उनका प्रशिक्षण काल है, इसलिए इस दौरान सीखने पर विशेष ध्यान दें। थाना प्रभारी लालचंद सरोज ने बताया कि थाने में 30 पुरुष व सात महिला आरक्षियों की आमद हुई है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद सभी को नियमित ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा।

## सीएम दौरा, सुरक्षा के कड़े इंतजाम रामपथ पर डायवर्ट रहा रूट



मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान गेट नंबर 11 के पास लगे बैरियर पर रोका गया आवागमन और खाली कराया गया रामपथ।

**अयोध्या, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान बुधवार को रामनगरी कड़ी सुरक्षा के घेरे में रही। रामपथ पर टेढ़ी बाजार चौराहे से लता चौक तक दोपहर तीन बजे से वाहनों का आवागमन रोक दिया गया। इस मार्ग पर रामपथ से जुड़ी गलियों पर बैरियर गिराकर सभी प्रकार के वाहनों को रोका गया। वीवीआईपी गेट नंबर 11 के पास एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसपी यातायात व प्रोटोकॉल एपी सिंह, सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी समेत कई सीओ व निरीक्षक स्तर के अधिकारियों ने मोर्चा संभाल रखा था। सभी चौक चौराहों, गलियों से जुड़े बैरियर पर पुलिस व यातायातकर्मियों की तैनाती की गई थी। शाम करीब 4:30 बजे मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना पर पर अलर्ट जारी करते हुए रामपथ को खाली कराकर सुरक्षित कर लिया गया। मुख्यमंत्री के प्रस्थान के बाद आवागमन सुचारू हो सका। हालांकि इस दौरान राम मंदिर दर्शन पूजन के लिए पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं से रोका टोकी नहीं की गई। वहीं, करीब चार बजे के आसपास आई धूल भरी आंधी के दौरान सुरक्षाकर्मी भी सुरक्षित स्थान ढूंढते नजर आए। एसपी सिटी ने बताया कि वीआईपी प्रोटोकॉल के तहत सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे।

## भू-माफियाओं ने श्मशान की भूमि पर खड़ा कर दिया होटल

मवई, अयोध्या।

**अमृत विचार :** रुदौली तहसील क्षेत्र की बसौढ़ी ग्राम पंचायत में एक चौंकानेवाला मामला सामने आया है। भू-माफियाओं ने सुनियोजित ढंग से न केवल श्मशान की भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर डाली बल्कि वहां एक होटल तक खड़ा कर दिया। शिकायत के बाद मामला उजागर हुआ। उप जिलाधिकारी रुदौली ने जांच और कार्रवाई के कड़े निर्देश दिए हैं।

मवई चौराहा के समीप हाईवे किनारे स्थित गाटा संख्या 487, 0.044 हे.जो कि राजस्व अभिलेखों में श्मशान के खाते की भूमि दर्ज है, उस पर प्लाटिंग कर बेचने का आरोप और शिकायत हुई है। श्मशान भूमि के बगल स्थित गाटा संख्या 443 व 444 पर प्लाटिंग कर कई लोगों को भूखंड बेचे गए। इसी क्रम में लखनीपुर निवासी अजय कुमार को भी गाटा संख्या 443 में हाईवे से सटा प्लाट बेचा गया, जिस पर उन्होंने निर्माण कर दुकान बना ली। वर्तमान में उक्त दुकान किराये पर संचालित हो रही है। शिकायत मिलने के बाद नायब तहसीलदार रुदौली शेखर शुक्ला द्वारा जांच कराई गई। जांच में अनियमितता पाए जाने पर अजय कुमार की दुकान पर धारा 67 के तहत कार्रवाई करते हुए बेदखली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं जिस भवन में होटल चल रहा है, वह भूमि अजय निषाद की पत्नी के नाम दर्ज बताई जा रही है। ऐसे में यदि भूमि श्मशान के खाते में दर्ज है, तो अलग से नाम दर्ज जमीन की स्थिति भी जांच के दायरे में है। हल्का लेखपाल मुकेश कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि गाटा संख्या 487 राजस्व अभिलेखों में श्मशान भूमि के रूप में दर्ज है। जांच के बाद उक्त भूमि पर धारा 67 के तहत कार्रवाई कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अब इस प्रकरण में न्यायालय में मुकदमा चलेगा। न्यायालय से बेदखली का आदेश मिलने के बाद मौके पर संचालित होटल पर जुर्माना सहित अन्य विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।


श्मशान की भूमि गाटा संख्या 487 पर बना होटल। अमृत विचार

● **प्लाटिंग का खेल उजागर, धारा 67 में कार्रवाई, अब चलेगा मुकदमा**

> उक्त विवादित श्मशान भूमि पर धारा 67 की कार्रवाई चल रही है। जिसमें तीन महीने का समय लगता है। इस पूरे प्रकरण में जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके ऊपर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। **–संतोष कुमार, एसडीएम, रुदौली।**

साधन | **रुदौली व सोहावल की ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को मिलेगी आवागमन की सुविधा, जल्द ही मया ब्लॉक लिए भी चलेंगी बसें**

## ग्राम परिवहन योजना : मवई ब्लॉक से बस का संचालन आज से

अयोध्या, कार्यालय।

**अमृत विचार :** अब मवई और मया ब्लॉक के निवासियों को जिला मुख्यालय आने जाने में दिक्कतें नहीं होगी। इसके लिए ग्राम परिवहन योजना के तहत दोनों ब्लॉक के लिए एक-एक बस चलाई जाएगी। फिलहाल एक मई से मवई ब्लॉक के लिए बस का संचालन प्रारंभ हो जाएगा। इससे सोहावल, रुदौली व मवई ब्लॉक के 63 गावों को प्रत्यक्ष व 66 गांवों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा।

वर्तमान में गांवों से जिला मुख्यालय या कस्बों तक पहुंचने के लिए लोगों को अकसर क्षमता से अधिक भरे निजी वाहनों में सवार होकर आना जाना पड़ता है। कभी कभी घंटों इंतजार के बाद भी साधन नहीं मिलते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्राम परिवहन योजना की शुरुआत की है। इसके तहत उन गांवों तक बस सेवा पहुंचाई जाएगी, जहां अब तक सार्वजनिक परिवहन का कोई साधन उपलब्ध नहीं था।

> मवई ब्लॉक के लिए ग्रामीण परिवहन सेवा के तहत बस का संचालन एक मई से प्रारंभ होगा। यह योजना ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी। बस चालक और सहायक स्टाफ की भर्ती स्थानीय स्तर पर की जाएगी। निजी ऑपरेटरों को कर छूट और परमिट में राहत देकर इस मॉडल में शामिल किया जा रहा है। **–आदित्य प्रकाश, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, अयोध्या डिपो।**

यह पहल गांवों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार से जोड़ने का व्यापक प्रयास है। उन गांवों तक जहां बड़ी बसें नहीं पहुंच सकती, वहीं 28 सीटर की छोटी बसों का चलाया जाएगा। यह सेवा दिन में कम से कम दो बार रहेगी। निजी ऑपरेटरों को कर छूट और परमिट में राहत देकर इस मॉडल में शामिल किया जा रहा है।

अयोध्या जिले में योजना के तहत मया ब्लॉक और मवई ब्लॉक से दो बसों का संचालन शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इसमें मवई के लिए बस का संचालन एक मई से प्रारंभ हो जाएगा। यह बस उमापुर गांव से चलेगी जो बाबा बाजार, रुदौली, अमानीगंज, रामनगर, ड्योढी बाजार, रौनाही, सोहावल होते हुए अयोध्या आएगी व जाएगी। वहीं, मया के लिए भी जल्द ही बस संचालन की योजना है। दोनों मार्गों पर बस सेवा शुरू होने से जिले की कुल 255 ग्राम पंचायतों को सीधा लाभ मिलेगा, जिनमें 134 प्रत्यक्ष और 121 अप्रत्यक्ष रूप से शामिल होंगी।

### मवई के उमापुर से संचालित होगी बस सेवा

मवई ब्लॉक के उमापुर से संचालित होने वाली बस सेवा से रुदौली और सोहावल ब्लॉक के निवासियों को लाभ मिलेगा। मवई ब्लॉक के उमापुर, न्योरा, कोडिला, हरचंदपुर, बाबा बाजार, ऐठार, रौजागांव, कैथी समेत 12 ग्राम पंचायत, रुदौली ब्लाक के नरौली, नेवादा, टाडा सूफी, अमरई, बडेला, भैसोली, वनमई, फिरोजपुर मकदूमी, अमानीगंज, रानीपुर, बहबरपुर, मेवापुर समेत 37 ग्राम पंचायतें, सोहावल ब्लॉक की ड्योढ़ी, गदुरही, कंदई कला, इब्राहिमपुर, रौनाही, जुबेरगंज, कोटसराय समेत 24 ग्राम पंचायतों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचेगा। साथ ही तीनों ब्लॉक के करीब 66 गांवों को अप्रत्यक्ष लाभ भी पहुंचेगा।

## मुंबई जाने वाली अमृत भारत ट्रेन का संचालन 6 से

**अयोध्या, अमृत विचार।** मुंबई के लिए चलने वाली साप्ताहिक अमृत भारत अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनल ट्रेन का संचालन 6 मई से इस शुरू होगा। प्रत्येक बुधवार को अयोध्या कैंट से दोपहर 1:50 बजे रवाना होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से वर्चअुल माध्यम से मंगलवार को ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया था।

लोकमान्य तिलक टर्मिनल से यह ट्रेन प्रत्येक मंगलवार सुबह 7:55 बजे रवाना होगी। जो बुधवार सुबह 10:15 बजे अयोध्या कैंट पहुंचेगी। अयोध्या से यह ट्रेन सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, मानिकपुर, सतना, जबलपुर, इटारसी, खंडवा, भुसवल, जलगांव, नासिक रोड, कल्याण, थाने होते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनल पहुंचेगी। यह ट्रेन करीब 1500 किमी. की दूरी 27 घंटे में तय करेगी। इससे महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश से अयोध्या आने जाने वाले श्रद्धालुओं को आसानी होगी। लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि इस अमृत भारत ट्रेन में सामान्य 11, पैंटी कार एक, स्लीपर आठ, एलएलआरडी दो कोच मिलाकर कुल 22 कोच होंगे। बताया कि ट्रेन की बुकिंग प्रारंभ हो गई है।

● **प्रत्येक बुधवार को दोपहर 1:50 बजे रवाना होगी अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनल ट्रेन**

# आंधी ने मचाई भारी तबाही, दो की मौत, कई वाहन क्षतिग्रस्त

## जगह-जगह पेड़ गिरने से कई हुए घायल, आवगमन और बिजली आपूर्ति ठप ▪ अयोध्या धाम में मुख्यमंत्री के स्वागत में लगी होर्डिंग धराशायी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जिले में बुधवार अपराह्न करीब तीन बजे अचानक मौसम में हुए परिवर्तन के बाद आई तेज आंधी ने तबाही मचाई। मसौधा में युवक और बीकापुर में वृद्धा की मौत हो गई। अयोध्या धाम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वागत में लगीं होर्डिंग आंधी में धराशायी हो गईं। ग्रामीण इलाकों में कई जगहों पर भारी-भरकम पेड़ गिरने के बाद आवागमन ठप हो गया। वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। कई गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। हालांकि बूंदाबांदी ने मौसम खुशनुमा बना दिया और लोगों को गर्मी से निजात मिली। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. सीताराम मिश्र ने बताया कि गुरुवार को भी हल्की बूंदाबांदी की संभावना है।

थाना पूराकलंदर क्षेत्र के भदरसा रेलवे क्रॉसिंग पर बुधवार शाम करीब चार बजे मालगाड़ी के आने से फाटक बंद था। आंधी आने पर जमुना प्रसाद मिश्र (38) पुत्र रामजग मिश्र निवासी कोटवा मिर्जापुर निमौली थाना पूराकलंदर क्रॉसिंग के बगल स्थित एक बाग में पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। इस दौरान डाल टूटकर उसके ऊपर गिर गई। उसे गंभीर हालत में सीएचसी बीकापुर पहुंचाया गया।जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी पूराकलंदर मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

बीकापुर प्रतिनिधि के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गणेशी का पुरवा खजुरहट में आवासीय टीनसेड पर विशालकाय पेड़ गिरने के चलते एक वृद्धा की मौत हो गई। पति गंभीर रूप से घायल हो गए। राममिलन (70) और उनकी पत्नी कर्मा देवी (65) टिन सेड के अंदर मौजूद थे। इस दौरान अचानक तेज आंधी और बरसात शुरू हो गई। तेज आंधी के चलते पेड़ अचानक गिर पड़ा, जिसकी चपेट में राममिलन और उनकी पत्नी कर्मा देवी आ गए। ग्रामीण और परिजनों द्वारा आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया। डॉ. अनुराग गुप्ता ने कर्मा देवी को मृत घोषित कर दिया। राममिलन को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट, दशरथपुर, शेरपुर पारा, उमरनी पिपरी, पातूपुर, धेनुवावा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे मकान, छप्पर और छोटे दुकानदारों को भी नुकसान हुआ है। कई जगह टीन शेड उड़ने व फसलों को क्षति पहुंचने की भी जानकारी मिली है। गेहूं और सरसों की मड़ाई लगभग समाप्त हो गई है, लेकिन कई किसानों को पशुओं के चारे का नुकसान हुआ है। बीकापुर-विनायक नगर मार्ग पर रामदासपुर मझौली के पास सड़क के किनारे स्थित पेड़ गिर जाने से आवागमन घंटों बाधित रहा। जाम में फंसे लोग सड़क से पेड़ की डाल हटाने में जुटे रहे। आंधी शुरू होने के साथ विद्युत उपकेंद्र बीकापुर के तहसील सहित सभी फीडरों पर अपराह्न तीन बजे बाधित हुई विद्युत आपूर्ति देर शाम तक बहाल नहीं हो पाई थी।

अमानीगंज क्षेत्र में आंधी से खंडासा रोड पर अमानीगंज बाजार के पास बड़ी संख्या में पेड़ और बिजली के खंभे सड़क पर गिर गए, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, वहीं कई वाहन डाल की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गए। इलाके की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। खबर लिखे जाने तक प्रशासन और पॉवर कॉर्पोरेशन की टीमें आपूर्ति व यातायात व्यवस्था सुचारू करने में जुटी थीं।



मठिया तिराहे पर आंधी से ऑटो पर गिरा पेड़। अमृत विचार



वसापुर चौराहे के पास गिरा विद्युत पोल, सड़क पर गिरा ट्रांसफार्मर।

### पिकअप व दो मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** आंधी से क्षेत्र के कोडरी चौराहा पर भीड़भाड़ वाले इलाके में पेड़ गिरने से घंटों आवागमन बाधित रहा। जमुरतगंज में पंकज गुप्ता के दुकान के पास पुराना नीम का पेड़ टूट कर गिर गया, जिससे वहां खड़ी पिकअप व दो मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। इटौरा, कर्मा, भवानीपुर, गांगुली चौराहे, रसूलाबाद, पूरा बाजार, बेलहर घाट समाहाकला, बिल्हारघाट, बाकरगंज सहित क्षेत्र में तेज आंधी से कई पेड़ गिरे जिससे आगमन बाधित हुआ। तेज आंधी के चलते विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई।

● बूंदाबांदी से मौसम हुआ ठंडा, लोगों को गर्मी से मिली निजात



जमूरतगंज में आंधी से बाइकों पर गिरा पेड़।

### शादी समारोह का उखड़ गया टेंट

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** आंधी से अमानीगंज-मिल्कीपुर संपर्क मार्ग पर नवगंवा गांव के पास एक विशाल अर्जुन का पेड़ अचानक सड़क पर गिर पड़ा, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। मौके पर 84 कोसी परिक्रमा मार्ग का निर्माण कार्य कर रही कंपनी की जेसीबी मशीन लगाकर काफी मशक्कत के बाद पेड़ को हटाया गया, जिसके बाद धीरे-धीरे यातायात बहाल हो सका। महुआ गांव में चल रहे एक शादी समारोह में टेंट उखड़ गए और कुर्सियां बिखर गईं। लोग खुद को सुरक्षित बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। कुमारगंज-गोकुला संपर्क मार्ग पर वसापुर चौराहे के पास सड़क किनारे लगा विद्युत खंभा उखड़ गया और ट्रांसफार्मर सड़क पर आ गिरा। अमानीगंज से खंडासा मार्ग पर दर्जनों स्थानों पर पेड़ गिरने से देर शाम तक आवागमन शुरू नहीं हो सका। महात्मा गांधी चौराहे के आसपास भी कई पेड़ गिरने से विद्युत पोल और तार टूट गए, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। मठिया तिराहे पर एक पेड़ के नीचे ऑटो दबकर क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन उसमें सवार लोग सुरक्षित बच गए। इसके अलावा हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के घुरेहटा गांव में हाईटेंशन लाइन पर पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई। खजुरहट-मिल्कीपुर मार्ग पर भी कई स्थानों पर पेड़ गिरने से लंबे समय तक आवागमन प्रभावित रहा।

### दो घंटे का शटडाउन, मुख्य आपूर्ति हुई बाधित

**अयोध्या, अमृत विचार :** आंधी से 220 केवीए कैंट विद्युत उपकेंद्र की मेन सप्लाई फेल हो गई। इससे चौक, नियावां, दुर्गापुरी, लालबाग, अमानीगंज, देवकाली, सिविल लाइन समेत आधे शहर की बिजली गुल हो गई। करीब दो लाख उपभोक्ता चार घंटे तक अंधेरे में रहे। मुख्य अभियंता वितरण बृजेश कुमार ने बताया कि लाइन क्लियरेंस के बाद रात 10 बजे तक सामान्य सप्लाई का प्रयास है।

### एयरपोर्ट पर शीशे का दरवाजा टूटा

**अयोध्या, अमृत विचार :** आंधी से महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रस्थान डी-टू का शीशा टूट गया। घटना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन से पहले हुई। डायरेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि तेज हवा से शीशे का गेट टूट गया। कोई कोई चोटिल नहीं हुआ। कांच का टुकड़ा हटवा दिया गया है।

### आग में अनाज व गृहस्थी का सामान जला, दो घायल

**हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** आंधी के बीच जाना बाजार की चौबेपुर निवासी रमेश पुत्र काली प्रसाद के घर आग लगने से अनाज और सामान जल गया। सरायमनोधर में अज्ञात कारणों से आग लगने से संवारी पत्नी कल्लू, बिल्लू पुत्र कामेश्वर, ननकू पुत्र कामेश्वर की गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। सरैया गांव में रंजना विधवा सुरजीत दलित के आवासीय छप्पर पर पेड़ गिरने से पूरा मकान धराशायी हो गया। हीरा पुत्र रामनिवास, परशुराम पुत्र राजा का भी आवासीय छप्पर धराशायी हो गया। सूर्यनारायण के घर पर विष्णु सोनी की दीवार गिरने से मकान ध्वस्त हो गया। कोरोराघवपुर में लगभग 53 लाख से बनी मिनी स्टेडियम की पूरी बाउंड्रीवॉल गिरकर ध्वस्त हो गई। ग्राम प्रधान परशुराम निषाद ने बताया कि मऊ बिछिया में विद्युत पोल और पेड़ गिरने से फुलवा (55) पत्नी विश्राम, साक्षी (17) पुत्री विश्राम घायल हो गई। इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि रास्तों को खुलवाने और पीड़ितों की मदद में हैदरगंज पुलिस के दरोगा चौकी प्रभारी श्रीपति मौर्य पूरी टीम के साथ लगे हैं। उपकेंद्र केलालाल खां से संचालित विभिन्न फीडरों पर लगभग 50 पोल टूट कर जमींदोज हो गए हैं। करीब 24 घंटे के बाद ही विद्युत आपूर्ति बहाल होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मार्कशीट विवाद में छात्र पर मुकदमा दर्ज

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार।** मार्कशीट को लेकर हुए विवाद में छात्र द्वारा पुस्तकालयाध्यक्ष को फोन पर धमकी देने के मामले में कोतवाली रुदौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मेहनौरा गांव निवासी रामतेज यादव श्रीरामचन्द्र सिंह महाविद्यालय लोहटी सरैया में पुस्तकालयाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। उनके अनुसार सीतापुर के महमूदाबाद क्षेत्र के जरावन निवासी छात्र अनुपम कुमार ने बीए व एमए की पढ़ाई उक्त महाविद्यालय से की है, लेकिन उसकी कुछ फीस बकाया है। आरोप है कि 23 अप्रैल को छात्र ने फोन कर बीए तृतीय वर्ष की मार्कशीट की मांग की। फीस जमा करने को कहने पर वह नाराज हो गया और रात में फोन कर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल संजय मौर्या ने बताया कि आरोपी छात्र के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर किया देहदान

**अयोध्या। :** अपना दल (एस) के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं किसान मंच सम्राट के राष्ट्रीय सचिव अंजनी कुमार मौर्य ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल के जन्मदिवस के मौके पर राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज में अपना शरीर दान कर दिया। कहा मेरा शरीर जीवनपर्यंत समाज के लिए कार्य करता रहा और मरणोपरांत भी मेडिकल छात्रों की पढ़ाई के काम आए, इसलिए यह निर्णय लिया है। देहदान की प्रक्रिया के दौरान डॉ. भाला प्रसाद वर्मा, डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह, अरविंद कुमार वर्मा, आलोक मौर्य सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**सोहावल/ बड़ागांव, अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र पिलखांवा ग्राम सभा के पास युवक का पेड़ के सहारे रस्सी के फंदे से शव लटका मिलने के बाद हडकंप मच गया।मृतक की पहचान ग्राम सभा करेरू के मजरे गिरधर का पुरवा निवासी अनिल निषाद(26) पुत्र राम उजागिर के रूप में हुई। थाना प्रभारी लाल चंद सरोज ने बताया कि परिजनों के अनुसार वो मानसिक रोग से पीड़ित था। उसका इलाज चल रहा था। भोजन के बाद मंगलवार रात घर से निकला। तलाश की जा रही थी। पीएम रिपोर्ट के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व सीएमओ ने छात्र को दी बधाई

**अयोध्या, अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा प्रथम श्रेणी 77.8% अंक से प्राप्त करने वाले पलिया के अनिल निषाद के पुत्र सौरभ निषाद को पूर्व सीएमओ डॉ. नानक शरन ने घर पहुंचकर बधाई दी है। बैग, ट्रैकसूट और डायरी देकर उज्जवल भविष्य की कामना भी की। निषाद समाज के अध्यक्ष श्याम लाल निषाद, पार्षद रमाशंकर निषाद, महामंडलेश्वर संतोष निषाद, कुश निषाद, गंगा राम व अन्य मौजूद थे।

### अग्निकांड पीड़ितों को दिये चेक

**बड़ागांव, अमृत विचार। अमृत विचार :** सोहावल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर धौरहरा में बीते सप्ताह कंबाइन मशीन से गेहूं की मड़ाई हो रही थी। मशीन ठीक करने पहुंचे मिस्त्री की गलती के चलते कंबाइन में आग लग गई, जिससे कुछ किसानों का गेहूं जलकर राख हो गया था। मामले का संज्ञान लेते हुए मंडी परिषद ने विधायक बीकापुर अमित सिंह चौहान व उप जिलाधिकारी सोहावल, प्रधान रामनगर योगेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में 12,500-12,500 का चेक किसान पराग दत्त सिंह ,शिव शंकर सिंह, धर्मराज सिंह को दिया। विधायक प्रतिनिधि सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख व प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान, प्रधान योगेंद्र प्रताप सिंह फौजी सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

### बेहतर स्वास्थ्य के लिए सहज योग जरूरी : सुरेंद्र

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पीवीएस इंटर कॉलेज कादीपुर में सहज योग का निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम दिल्ली से आई टीम के देखरेख में बुधवार को हुआ। जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक शिक्षकाओं ने भाग लिया। प्रबंधक सुरेंद्र उपाध्याय ने कहा कि छात्रों में आलस्य, एकाग्रता की कमी, अवसाद, गुस्सा, डर जैसी बाधाओं को सहज योग से दूर करने का एक सरल तरीका है। सहज योग के नियमित अभ्यास से पढ़ाई में मन लगता है। स्वास्थ्य बेहतर होता है। मन शांत होता है। जिससे एक सशक्त समाज का निर्माण होता है। प्रशिक्षण के दौरान योग के विभिन्न तरीके बताए गए और उनके नियमित अभ्यास के महत्व पर चर्चा हुई। सहज योग कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक संतोष मिश्रा, अंजुम वर्मा, पूर्णिमा, अंजली, सुनीता आदि मौजूद रहे।

## कनक किड्स में पूल पार्टी का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** पंचकोसी परिक्रमा मार्ग स्थित प्रतिष्ठित कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को नर्सरी के बच्चों के लिए पूल पार्टी का आयोजन किया गया। बच्चों ने पानी में विभिन्न खेलों का आनंद लिया। रंग-बिरंगे स्विमिंग ट्यूब, आकर्षक पानी के खिलौने और मधुर संगीत के बीच बच्चों की खिलखिलाहट से पूरा परिसर गूंज उठा। बच्चों को गर्मी से राहत देने के लिए ठंडे पेय (फ्रूट ड्रिंक्स) भी उपलब्ध कराए गए। इसके साथ ही स्वच्छता और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से की गईं। निदेशिका डॉ. मधु त्रिपाठी ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कौशल का भी विकास होता है। आयोजन में हेड मिस्ट्रेस, प्रीति सिंह, शिल्पी जायसवाल, साक्षी यादव, अजिता तिवारी व अंजलि मिश्रा आदि ने योगदान दिया।



कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित पूल पार्टी में मस्ती करते बच्चे।

## डीएम से गैस वितरण में अनियमितता की शिकायत

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली गैस एजेंसी की गैस वितरण में उपभोक्ताओं के साथ की जा रही अनियमितता की शिकायत भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने जिलाधिकारी से की है। डीएम को लिखे पत्र में होम डिलीवरी का न होना, अस्पष्ट और मनमाने ढंग से बुकिंग निरस्त करने व उपभोक्ताओं से अपमानजनक व्यवहार की बात कही है।कहा कि उपभोक्ता के पास कस्टमर नॉट फाउंड जैसे संदेश आ रहे है।होम डिलेवरी के स्थान पर गैस पर्ची देकर ट्रक से रिफिल कराने के लिए कहा जा रहा। जिलाधिकारी से विसंगतियों को दूर करा कार्यवाही की मांग की है।

# प्रैक्टिकल में मिले सिर्फ चार नंबर, फेल हुई छात्रा

## प्रधानाचार्य पर गंभीर आरोप, कुचेरा बाजार स्थित एक इंटर कॉलेज का मामला, डीआईओएस ने दिए जांच के आदेश

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर तहसील के कुचेरा बाजार स्थित एक इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की एक छात्रा ने विद्यालय के प्रधानाचार्य पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि उसे प्रैक्टिकल परीक्षा में जानबूझकर चार अंक देकर उसे फेल कर दिया गया, जबकि लिखित परीक्षा में वह सभी विषयों में उत्तीर्ण है। पीड़ित छात्रा ने मुख्यमंत्री, माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव, डीएम और एसएसपी को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की मांग की है। वह अपने पिता के साथ बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी से भी मिली। जिला विद्यालय निरीक्षक ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

छात्रा का आरोप है कि प्रधानाचार्य का व्यवहार उसके प्रति गलत नजरिए वाला था। विरोध करने और परिजनों द्वारा शिकायत करने पर वह गाली-गलौज कर धमकी देता था कि वह 10वीं की परीक्षा में उसे पास नहीं होने देंगे। छात्रा का दावा है कि इसकी रिकॉर्डिंग उसके पास मौजूद है। 23 अप्रैल को रिजल्ट आने पर छात्रा ने पाया कि प्रत्येक विषय के 30 अंक के प्रैक्टिकल में उसे अधिकतम चार अंक ही दिए गए, जिससे वह अनुत्तीर्ण हो गई। पूछने पर प्रधानाचार्य ने कहा जो करना था कर दिया, तुम्हें जो करना हो कर लो। छात्रा ने आरोप लगाया कि टीसी व चरित्र प्रमाण पत्र खराब करने की धमकी भी दी गई। इस संदर्भ में डीआईओएस का कहना है कि पीड़ित छात्रा ने पूरे प्रकरण की लिखित शिकायत दी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### छात्रा ने शिक्षिका पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

सोहावल, अयोध्या, अमृत विचार। शिक्षा क्षेत्र सोहावल के प्राथमिक विद्यालय गंगापुर की शिक्षिका पर करेरू मजरे गिरधरपुर निवासी छात्रा अनामिका तिवारी के पिता विजय तिवारी ने प्रताड़ना का आरोप लगाया है। एसडीएम सोहावल सविता देवी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी पुत्री को विद्यालय में प्रताड़ित किया जाता है। इसकी शिकायत खंड शिक्षाधिकारी सोहावल रविता राव से की गई थी। बेटी जब मंगलवार को विद्यालय गई तो उक्त शिक्षिका उससे अभद्रता की।शिकायतकर्ता ने एसडीएम से मामले में कठोर कार्रवाई करने के साथ बेटी की टीसी दिलवाने की मांग की है। एसडीएम ने बताया कि अभिभावक की शिकायत पर खंड शिक्षाधिकारी को जांच के बाद कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

## खेल शिविर में प्रतिभागियों को दिया प्रमाणपत्र

**अयोध्या, अमृत विचार:** उप्र खेल निदेशालय के तत्वावधान में प्रदेश के खेल छात्रावासों में प्रवेश के लिए डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित 15 दिवसीय केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी शम्शी रजा ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व टी-शर्ट वितरित की। आरएसओ अनिमेष सक्सेना ने बताया कि क्रीड़ा संकुल में बालक फुटबॉल और बालक व बालिका टेबल टेनिस का केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। फुटबॉल में 50 खिलाड़ी और टेबल टेनिस में चार बालक व एक बालिका खिलाड़ी ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के स्किल, शारीरिक दक्षता व खेल प्रदर्शन के आधार पर प्राप्त अंकों का ब्योरा प्रदेश खेल निदेशालय भेजा जाएगा। जहां मेरिट सूची के आधार पर रिक्त सीटों पर खिलाड़ियों को खेल छात्रावास में प्रवेश दिया जाएगा। शिविर समापन के अवसर पर क्रीडाधिकारी राजेश कुमार सोनकर, संजीव कुमार सिंह, शमीम अहमद, शकील अहमद अन्सारी सहित मानदेय प्रशिक्षक, खिलाड़ी व कार्यालय कर्मी मौजूद रहे।



टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए चयनित उप्र बालिका टीम। अमृत विचार

### टेनिस बॉल क्रिकेट की उप्र बालिका टीम घोषित

**अयोध्या, अमृत विचार :** हरिद्वार उत्तराखंड में एक से तीन मई तक आयोजित ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने वाली उप्र की बालिका टीम की घोषणा उप्र टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव रमेन्द्र सिंह ने बुधवार को जीजीआईसी में की। टीम में अयोध्या की ऋषिका तिवारी, मुस्कान, दिव्यानी सिंह, नीलम निषाद, शांभवी, शालीन, रूद्राणी, प्रीति, बाराबंकी की विधि, गोरखपुर की रागिनी व दीपिका, लखनऊ की रिद्धि, वाराणसी की आयुषी, कानपुर की नेहा, कुशीनगर की छवि व प्रयागराज की नंदिनी शामिल हैं। रमेंद्र सिंह को टीम कोच व तृप्ति को टीम मैनेजर बनाया गया है। उप्र टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष तौसीफ अहमद लारी, जिलाध्यक्ष डॉ. संजय तिवारी, जिला ओलंपिक संघ के सचिव परमेंद्र सिंह, जीजीआईसी की प्रधानाचार्या कुसुमलता आदि ने किट प्रदान कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

## मणिपुरी लोक-नृत्य से कलाकारों ने छोड़ी छाप

**अयोध्या, अमृत विचार:** स्पिक मैके के तत्वावधान में बुधवार को जेबी अकादमी सभागार में आयोजित मणिपुरी लोक नृत्य से कलाकारों ने दर्शकों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी। मुख्य कलाकार डॉ. सिनम बसु सिंह ने मणिपुरी शास्त्रीय व लोक नृत्य का विस्तृत इतिहास, आधुनिक प्रारूप, इसकी विधा, भाव भंगिमा आदि के बारे में जानकारी दी। बसु ने साथी कलाकारों ओइनम कल्याण सिंह, चनम प्रद्युम सिंह, चिंगंगबम यिपुरेम्बा, एलंगबाम जोशीरानी देवी व खुमुजम जेनिवा देवी के साथ लाई हारोबा, पुंग चोलोम आदि मणिपुरी लोक-नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। शिव पंचाक्षर स्त्रोत की भावमयी प्रस्तुति ने दर्शक झूम उठे। छात्रों ने मणिपुरी नृत्य के बारे में प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत की। अकादमी की प्रधानाचार्या डॉ. दिव्या शुक्ला, स्पिक मैके की समन्वयक बबिता पूर्ण, सुधीर गुप्ता, साधना तिवारी सहित, स्पिक मैके सदस्य, शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे। संचालन डॉ. अनीता शुक्ला के मार्गदर्शन में छात्र शालीन, प्रव्या व शताक्षी ने किया। अथर्व ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 21 प्रकार की दिव्यांगता की जांच करेगा 'प्रशस्त एप'

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** परिषदीय और माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान अब आसान होगी। एनसीईआरटी द्वारा विकसित 'प्रशस्त एप' के जरिए 21 प्रकार की दिव्यांगता की प्रारंभिक जांच स्कूल स्तर पर ही की जा सकेगी। इससे दिव्यांग बच्चों को समय पर सुविधा और शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलेगी।

शिक्षा मंत्रालय की उप सचिव इरा सिंघल द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को जारी आदेश में कहा गया है कि प्रशस्त एप दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग का सेतु बनेगा। उन्होंने कहा है कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की समय पर जांच, मूल्यांकन और पहचान जरूरी है। इसलिए सभी को चरणबद्ध जांच के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

● एनसीईआरटी ने किया विकसित, आसान होगी विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान



डीआईओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि अयोध्या में भी शिक्षकों को एप के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बीआरसी पर मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा रहे हैं। जांच के बाद चिन्हित बच्चों को सहायक उपकरण, विशेष शिक्षक, स्कॉलरशिप व चिकित्सा सुविधा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और आरटीई के लक्ष्यों का हिस्सा है। एप से डेटा सीधे पोर्टल पर फीड होगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी।

### जानें क्या है प्रशस्त एप 2.0

- एनआईसी व डीओएसईएल द्वारा विकसित किया जा रहा नया प्रशस्त एप 2.0 यू-डायस से जुड़ेगा।
- विद्यालय प्रमुख, शिक्षक, विशेष शिक्षाविद और छात्र इससे जुड़कर स्कूल स्तर पर जांच कर सकेंगे।
- 21 तरह की दिव्यांगता जैसे दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, अस्थिबाधित, ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, लर्निंग डिसेबिलिटी आदि की पहचान होगी।
- एक मई 2026 में लॉन्च होने की उम्मीद। अभी उपयोगकर्ता स्वीकृति परीक्षण चल रहा है ताकि कमियां दूर की जा सकें।

### संगोष्ठी में इंटर्नशिप के छात्र-छात्राओं से संवाद

**कुमारगंज अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर बुधवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. पीएस प्रमाणिक के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को पशु चिकित्सा क्षेत्र में नए अवसरों और तकनीकी प्रगति से अवगत कराया गया। संगोष्ठी के प्रथम चरण में मार्केटिंग हेड डॉ. अमित सिंह ने चतुर्थ वर्ष और इंटर्नशिप कर रहे छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने कॉर्पोरेट सेक्टर में पशु चिकित्सकों के बढ़ते रोजगार अवसरों, उद्योग की आवश्यकताओं और कॅरिअर निर्माण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes
July 2026 session in the following disciplines
- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences (All Specialities)
- Faculty of Management
Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

# निर्माणाधीन परियोजनाएं समय में करें पूर्ण : गिरीश चंद्र

## प्रभारी मंत्री ने जनपद के विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा कर दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण व जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की गहन समीक्षा किया। बैठक में प्रभारी मंत्री ने जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने स्मार्ट मीटर के भुगतान होते ही लाभार्थी को तत्काल विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने



कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करते प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव व साथ में जिलाधिकारी ईशा प्रिया व एसपी प्राची सिंह।

मीरपुर शेखपुर में लो वोल्टेज की समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आरडीएसएस एवं सौभाग्य योजना के कार्यों सहित अन्य स्वीकृत कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जनपद में ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना प्राप्त होते ही निर्धारित समयसीमा के अंदर बदला जा रहा है, कोई भी खराब ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य लंबित नहीं है। उन्होंने बताया कि जनपद में 9 मोबाइल ट्रांसफार्मर उपलब्ध है आवश्यकतानुसार उनका उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। बैठक में प्रभारी मंत्री ने फसल बीमा योजना के बारे में अधिक से अधिक किसानों को जागरूक कर इससे जोडने एवं लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के मजदूरी भुगतान समय से करने एवं सभी लाभार्थियों को शौचालय के लाभ से भी आच्छादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सडक़ निर्माण एवं अनुरक्षण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने वर्षा ऋतु से पूर्व सभी स्वीकृत कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### नियमित निगरानी और करें सत्यापन

जल जीवन मिशन ग्रामीण की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण ने बताया कि जनपद में 571 परियोजनाओं के सापेक्ष 212 परियोजनाएं पूर्ण हैं, इनमें शिरोपरि जलाशय से जलापूर्ति की जा रही है। 136 परियोजनाओं में सीधे पंप से जलापूर्ति की जा रही है तथा 223 अन्य परियोजनाएं भी निर्माणाधीन हैं। बैठक में प्रभारी मंत्री ने 15वां वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि का कार्य योजना के सापेक्ष नियमानुसार समय से व्यय सुनिश्चित करने तथा सभी कार्य योजनाओं की नियमित निगरानी करने और सत्यापन कराने के निर्देश दिए।

### अराजक तत्वों पर करें सख्त कार्रवाई

प्रभारी मंत्री ने कानून-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने लंबित एवं पुराने वादों की विवेचना का नियमानुसार त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गो-बध से संबंधित मामलों में सख्त एवं शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ ही भू-माफियाओं के विरुद्ध प्रभावी दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले एवं अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तदोपरांत प्रभारी मंत्री द्वारा कर, करेत्तर एवं राजस्व से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## 21 मेधावियों को किया गया सम्मानित


मेधावी छात्रा संजना को साइकिल देकर सम्मानित करते प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव।

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** राजकीय हाईस्कूल जहांगीरगंज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 21 छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के साथ ही वर्ष 2026-27 के शिक्षक-अभिभावक संघ का गठन अभिभावकों की उपस्थिति में समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज रामनगर के प्रधानाचार्य शिवनाथ, राजकीय हाईस्कूल आमा दरवेशपुर के प्रधानाचार्य, राजकीय हाईस्कूल अहिरौली रानीमऊ की प्रधानाचार्या विद्यावती, उच्च प्राथमिक विद्यालय जहांगीरगंज की प्रधानाध्यापिका सुमन पाण्डेय और विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव ने अपनी परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा संजना को साइकिल भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही 400 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 20 अन्य छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुस्तकें एवं शील्ड वितरित कर सम्मानित किया। समारोह के दौरान शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। संघ में बविता को अध्यक्ष चुना गया, जबकि प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव पदेन उपाध्यक्ष बने। मंत्री पद पर परशुराम, उप मंत्री शिक्षक मुकेश कुमार तथा कोषाध्यक्ष के रूप में संगीता को जिम्मेदारी सौंपी गई। सदस्य पद के लिए संतोष, हयात मोहम्मद, रामजतन वर्मा और मयंक राय का चयन किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए अनिरुद्ध सिंह

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के एएसपी विद्यापीठ फखरपुर में नरेंद्र देव इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य व शिक्षाविद स्वर्गीय अनिरुद्ध सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सादगी के साथ मनाई गई। इस अवसर पर परिजनों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम में उनके पुत्र अरुण कुमार सिंह ने कहा कि स्व. अनिरुद्ध सिंह एक उच्च कोटि के विद्वान और विज्ञान के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। उन्होंने गणित जैसे जटिल विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज को ज्ञान की दिशा दी। उनका जीवन सादगी, अनुशासन और शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण रहा। उन्होंने कहा कि उनके पिता के लिए विज्ञान केवल पेशा नहीं, बल्कि जुनून था। वह सदैव सत्य, तर्क और वैज्ञानिक सोच को महत्व देते थे और परिवार के साथ-साथ छात्रों को भी यही सीख देते थे कि ज्ञान ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। पुण्यतिथि के अवसर पर परिजनों ने किसी आडंबर के बजाय सादगीपूर्वक प्रार्थना कर उन्हें याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# जयमाल में कूलर की हवा के लिए चाकूबाजी

संवाददाता, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** जिले के जीयनपुर थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर, अजमतगढ़ में एक शादी समारोह उस समय दर्दनाक हादसे में बदल गया, जब जयमाल के दौरान कूलर की हवा को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। इस घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल


घटना के बाद मौके पर तैनात पुलिस बल। अमृत विचार

बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजमतगढ़ क्षेत्र में एक शादी समारोह धूमधाम से चल रहा था। घराती और बाराती पक्ष के लोग जयमाल कार्यक्रम का आनंद ले रहे थे। इसी दौरान मंच के पास लगे कूलर की हवा किस दिशा में जाएगी, इसे लेकर दोनों पक्षों के कुछ लोगों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। शुरुआत में यह विवाद मामूली लग रहा था, लेकिन कुछ ही देर में बात बढ़ती चली गई और दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पहले कहासुनी हुई, फिर गाली-गलौज और उसके बाद अचानक मारपीट शुरू हो गई। माहौल इतना बिगड़ गया कि कुछ लोगों ने धारदार हथियार निकाल लिए और एक-दूसरे पर हमला कर दिया। देखते ही देखते शादी का खुशनुमा माहौल चीख-पुकार और अफरा-तफरी में बदल गया। मौके पर मौजूद महिलाएं और बच्चे भयभीत होकर इधर-उधर भागने लगे। वहीं इस हिंसक झड़प में आमिर चंद्र साहनी (26) पुत्र मिठाईलाल की मौके पर ही मौत हो गई।

# चलती बाइक से गिरी महिला के सिर में चोट लगने से मौत

संवाददाता, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक से गिरकर महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंबेडकर नगर जनपद के टांडा थाना क्षेत्र अंतर्गत चितौरा ईदगाह निवासी 45 वर्षीय सविता देवी पत्नी रामसेवक यादव अपने पुत्र मुलायम यादव के साथ आजमगढ़ से रिश्तेदारी से वापस घर लौट रही थीं। इसी दौरान अतरौलिया थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर के पास अचानक बाइक पर पीछे बैठी सविता देवी संतुलन खो बैठीं और सड़क पर गिर पड़ीं। गिरने के दौरान उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। आनन-फानन में उन्हें नजदीकी सौ सैया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतका के बड़े पुत्र मुलायम यादव के अनुसार, हादसा अचानक हुआ और संभलने का कोई मौका नहीं मिला। सविता देवी अपने पीछे तीन पुत्र मुलायम यादव, अखिलेश यादव और धनंजय छोड़ गई हैं, जबकि उनकी दो बेटियां विवाहित हैं। परिवार के मुखिया रामसेवक यादव मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

# तेज हवाओं के साथ हुई झमाझम बारिश

मालीपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** बुधवार दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ले ली। तेज धूप और भीषण गर्मी के बीच अचानक आसमान में काले घने बादल छा गए। लगभग 3 बजे दिन में ही अंधेरा जैसा माहौल हो गया। कुछ ही देर में तेज हवाएं चलने लगीं और फिर झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिली।

अचानक बदले मौसम से सडक़ों पर चल रहे लोग और बाजारों में खरीदारी कर रहे लोग इधर-उधर छिपते नजर आए। कई जगह पेड़ों की डालियां भी टूटकर गिरने की


अकबरपुर-टांडा मार्ग पर बारिश के बीच जाते वाहन। अमृत विचार

सूचना है। तेज हवाओं और आंधी-तूफान के चलते जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं जनजीवन भी प्रभावित हुआ और कई स्थानों पर नुकसान की खबरें सामने आईं। तेज तूफान के चलते जलालपुर नगर स्थित नरेंद्र इंटर कॉलेज में आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन व मुशायरे के लिए लगाया गया टैंट गिर गया। वहीं नगर पालिका के पास खड़ा पानी का टैंकर भी तेज हवा के कारण पलट गया। जीजीआईसी इंटर कॉलेज के पास एक बड़ा पेड़ धराशायी हो गया, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित रहा। मालीपुर थाना क्षेत्र के हरिपालपुर गांव में तेज आंधी के चलते खजूर का पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में आकर राजेंद्र प्रसाद तिवारी की दुधारू गाय गंभीर रूप से घायल हो गई।

## 68 लाख 60 हजार में टैक्सी स्टैंड की नीलामी, जितेंद्र को मिला ठेका

**जालालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जालालपुर नगर पालिका परिषद में टैक्सी स्टैंड की नीलामी नगर पालिका चेयरमैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। नीलामी प्रक्रिया में कुल चार ठेकेदारों ने भाग लिया। बोली 44 लाख रुपए से शुरू होकर अंततः 68 लाख 60 हजार रुपए पर पहुंची, जहां जितेंद्र प्रताप सिंह ने सबसे ऊंची बोली लगाकर ठेका अपने नाम कर लिया। इसके बाद अन्य ठेकेदारों ने बोली नहीं लगाई। अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि जितेंद्र प्रताप सिंह को 68.60 लाख रुपए में टैक्सी स्टैंड का ठेका आवंटित किया गया है। इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2025-26 में यही ठेका मनोज कुमार ने 65 लाख 50 हजार रुपए में लिया था। हालांकि नियमानुसार 31 मार्च तक 4.50 लाख रुपए पालिका के खाते में जमा नहीं किए गए। नीलामी के दौरान सभासद इसरार अहमद ने पुराने ठेकेदार द्वारा बकाया राशि जमा न करने का मुद्दा उठाया, जिससे बैठक में मौजूद अधिकारी और जनप्रतिनिधि चौंक गए। इस पर अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि संबंधित ठेकेदार के खिलाफ नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और आगे आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पारंपरिक जल प्रबंधन उपायों से बचाएं पर्यावरण : डॉ. महिमा

**अयोध्या, अमृत विचार :** सतत संसाधन प्रबंधन की अवधारणा का विकास 18वीं शताब्दी के आसपास प्रारंभ हुई, जिसका उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित एवं दीर्घकालिक उपयोग सुनिश्चित करना है। पारंपरिक जल प्रबंधन उपायों से पर्यावरण बचाएं। ये बातें पर्यावरण विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. महिमा चौरसिया ने बुधवार को कही। वे विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में सस्टेनेबल एनवायरमेंटल मैनेजमेंट इंटीग्रेटिंग इंडियन नॉलेज सिस्टम पॉलिसी फ्रेमवर्क एंड टेक्नोलॉजिकल इन्नोवेशंस विषय पर आयोजित 12 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के चौथे दिन के कार्यक्रम को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहीं थीं।

उन्होंने सतत संसाधन प्रबंधन के अंतर्गत प्राकृतिक एवं मानव संसाधनों के प्रकार, पृथ्वी की जैव-क्षमता तथा प्राकृतिक संसाधनों के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वदेशी ज्ञान की विशेषताओं को रेखांकित करते हुए बताया कि यह ज्ञान स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप, पर्यावरण-अनुकूल एवं सतत विकास के लिए अत्यंत उपयोगी है। डॉ. महिमा ने राजस्थान के जोहड़ जल संरक्षण प्रणाली, नागालैंड की ज़ाबो कृषि प्रणाली व बिहार की आहर-पाइन प्रणाली जैसे पारंपरिक जल प्रबंधन उपायों के उदाहरण प्रस्तुत किए।

# महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसद में लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जनपद में महिलाओं का आक्रोश सामने आया है। विपक्षी दलों के सांसदों द्वारा अधिनियम लागू करने के विरोध में संसद में रुख अपनाने के विरोध में बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित लोहिया भवन में जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसके बाद महिलाओं ने लोहिया भवन से कलेक्ट्रेट गेट तक पद मार्च निकालकर नारेबाजी करते हुए विपक्ष का पुतला दहन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रभारी मंत्री खेल एवं


पैदल मार्च निकालकर नारेबाजी करतीं महिला मोर्चा जिला महामंत्री अंजू पाण्डेय।

युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं को नीति निर्धारण में भागीदारी देने वाला ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को वोट बैंक समझने वाली सोच को समाप्त कर उन्हें नेतृत्व की भूमिका में स्थापित करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने शुरू से ही इस विधेयक के प्रति महिला विरोधी रुख अपनाया है। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि विपक्ष पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण देने का झूठा श्रेय लेकर अपनी राजनीति चमकाना चाहता है, जबकि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण को मजबूत करने के लिए लाया गया है।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Grants Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 02 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 03 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 07 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 11 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 12 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 13 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 14 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 15 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 17 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 18 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 20 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 21 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 22 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 25 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 26 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 27 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 28 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 29 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 30 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 31 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 32 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 33 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 34 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 35 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 36 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 37 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 40 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 41 | ANM | 10+2 | 2 Year |

BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | | | |
|---|---|---|---|
| 42 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 43 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 44 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 45 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 46 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 47 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 50 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 54 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 55 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 56 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 58 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 61 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 65 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 66 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

FACULTY OF FINE ARTS

| | | | |
|---|---|---|---|
| 67 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 68 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 69 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 70 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 71 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 72 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 73 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# बाजार से घर लौट रहे युवक पर हमला, मौत

## परिजनों की तहरीर पर ग्राम प्रधान समेत छह पर मुकदमा दर्ज

**भदैया, सुलतानपुर**

अमृत विचारः मंगलवार की शाम बाजार से घर लौट रहे युवक पर विपक्षियों ने जानलेवा हमला कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल युवक को जिला अस्पताल ले गए जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। परिजन युवक को लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार शिवगढ़ थाना क्षेत्र के भीटौरा गांव निवासी जसवंत सिंह 28 वर्ष पुत्र स्व. विजय बहादुर सिंह शिवगढ़ बाजार से सब्जी लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। तभी भटौरा इंटर कॉलेज के पास पहले से घात लगाए हमलावरों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने जसवंत को बाइक से गिराकर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल जसवंत को परिजन तत्काल अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

मृतक के भाई बलवंत सिंह ने आरोप लगाया कि गांव में ग्राम प्रधान के कार्यो में भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच चल रही थी। इसी वजह से प्रधान पक्ष के लोग जसवंत से रंजिश रखते थे और इसी रंजिश में सुनियोजित तरीके से



जसवंत की फाइल फोटो।

हत्या को अंजाम दिया गया।पुलिस ने बलवंत सिंह की तहरीर पर ग्राम प्रधान मान सिंह, रामशरण, रामजस, रामसुरेश, नीरज, सूरज, धनंजय समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक बृज नारायण सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। वहीं थानाध्यक्ष शिवगढ़ चंद्रभान वर्मा ने बताया कि मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पिता के बाद बेटे की भी मौत, गांव में मातम

भीटौरा गांव की यह घटना सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि एक परिवार के टूटने की दर्दनाक कहानी बन गई है। जसवंत सिंह की हत्या ने पूरे गांव को झकझोर दिया, लेकिन इसके पीछे की कहानी और भी ज्यादा दिल दहला देने वाली है। बताया जा रहा है कि जसवंत ने अपनी और कुछ साथियों की सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर एक ठग को पैसे दिए थे। ठग रुपये लेकर फरार हो गया और किसी को नौकरी नहीं मिली। इस मामले में जसवंत के साथी कमलेश ने कोर्ट के जरिए मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके चलते जसवंत को जेल भी जाना पड़ा। जसवंत तीन अप्रैल को जमानत पर जेल से बाहर आया था। इसी बीच 11 अप्रैल को उनके पिता विजय बहादुर को हार्ट अटैक आया और उनका निधन हो गया। दो दिन पहले ही पिता की तेरहवीं हुई और अब बेटे की हत्या ने घर को पूरी तरह से उजाड़ दिया। पिता की मौत के महज 17 दिन बाद बेटे की भी मौत ने गांव में शोक की लहर दौड़ा दी है। हर कोई इस घटना को लेकर स्तब्ध है और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना जता रहा है।

# एडमिशन के नाम पर जालसाजी का आरोप

● कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचारः** क्षेत्र के आल सेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, नरहरपुर पर एक छात्र के पिता ने एडमिशन के नाम पर जालसाजी और फर्जीवाड़े का गंभीर आरोप लगाया है। मामले में एफटीसी कोर्ट के आदेश पर स्कूल के प्रिंसिपल व कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

चांदा थाना क्षेत्र के परिगड़ा निवासी राजीव तिवारी ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका पुत्र सत्य मूर्ति तिवारी उक्त स्कूल में कक्षा 8 तक अध्ययनरत था। वर्ष 2024-25 में कक्षा 9 में प्रवेश के दौरान स्कूल के क्लर्क अनीस ने 3600 रुपये फीस लेकर सेंट जेवियर्स स्कूल, पट्टी (प्रतापगढ़) के नाम की रसीद दे दी और उसी आधार पर पढ़ाई शुरू करा दी। पीड़ित के अनुसार, जब वह सेंट जेवियर्स स्कूल पहुंचे तो पता चला कि उनके बेटे का वहां कोई प्रवेश ही नहीं है और दी गई रसीद फर्जी है। शिकायत करने पर 20 फरवरी 2026 को स्कूल पहुंचने पर प्रिंसिपल व अन्य कर्मचारियों द्वारा गाली-गलौज और धमकी दी गई। राजीव तिवारी ने पुलिस व अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर कोर्ट का सहारा लिया। एफटीसी कोर्ट के आदेश पर लंभुआ थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### अपहरण मामले में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव से चार माह पूर्व किशोरी के अपहरण के मामले में कोतवाली देहात पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर लिया है। पॉक्सो कोर्ट के जज नीरज श्रीवास्तव की अदालत में पीड़िता के पिता की ओर से अधिवक्ता अशोक शुक्ल ने अर्जी दाखिल कर केस दर्ज कराने की मांग की थी। बुधवार को थानाध्यक्ष ने केस दर्ज होने की रिपोर्ट अदालत में दाखिल की। आरोप है कि धम्मौर थाना क्षेत्र का निवासी रामभवन पीड़िता को 22 फरवरी को भगा ले गया था। कोर्ट के आदेश पर रामभवन व उसके पिता के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### मतऊ हत्याकांड में आरोपी की जमानत पर सुनवाई एक को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार बाजार में भूमि विवाद में प्रापर्टी डीलर माता प्रसाद पांडेय की हत्या के मामले में जेल भेजे गए आरोपी राहुल सिंह की जमानत पर सुनवाई एक मई के लिए टल गई है। आरोपी के अधिवक्ता संदीप सिंह व सन्तोष पाण्डेय ने बताया कि सेशन जज सुनील कुमार ने पुलिस से रिकॉर्ड तलब किए हैं। मृतक माता प्रसाद पांडेय के पुत्र अवनीश पांडेय ने तहरीर में बताया कि 26 मार्च की शाम माता प्रसाद कुड़वार बाजार स्थित अपनी दुकान पर खड़े थे। तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार आरोपी वहां पहुंचे। गोली मारकर हत्या करने के बाद आरोपी फरार हो गए थे जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### बीएसए के मुकदमे में शेष बहस आज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले की पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी के कार्यालय में घुसकर सरकारी काम में बाधा डालने, गाली गलौज तथा धमकी के मुकदमे में बहस जारी है। बचाव पक्ष के वकील सन्तोष पाण्डेय ने बताया कि सीजेएम नवनीत सिंह की अदालत ने बुधवार को बहस शेष बहस के लिए मौका देते हुए 30 अप्रैल की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात के बेलामोहन निवासी सुरेश प्रताप सिंह पर 22 फरवरी 2023 को ये मुकदमा दर्ज हुआ था।

### वकीलों की बैठक आज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन सुलतानपुर के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं महासचिव दिनेश कुमार दूबे ने जानकारी देते हुए बताया कि बायलॉज संशोधन पर 30 अप्रैल को बार एसोसिएशन की साधारण सभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से अपील की है कि वे बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने विचार एवं सुझाव रखें, जिससे संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाया जा सके।

### इंस्टाग्राम पर अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप, शिकायत

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** चांदा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसके पुत्र के मोबाइल नंबर से जुड़े इंस्टाग्राम नाम से फर्जी आईडी बनाकर उसकी भतीजी सुमन कुमारी और उसकी ननद के नाम से अश्लील गानों के साथ वीडियो बनाकर वायरल किया गया। विरोध करने पर आरोपी ने जातिसूचक गालियां दीं और पूरे परिवार की लड़कियों के फर्जी वीडियो बनाकर बदनाम करने तथा दुष्कर्म करवाने की धमकी दी। इस घटना से पीड़ित परिवार दहशत में है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली प्रभारी चांदा को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर चांदा कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## 442 वाहन ब्लैकलिस्ट व 174 के पंजीयन निलंबित

● स्कूली वाहनों पर बड़ी कार्रवाई

**संवाददाता सुलतानपुर, अमृत विचार :** बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने जनपद में बड़ा अभियान चलाते हुए स्कूली वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अलका शुक्ला ने बताया कि अपर मुख्य सचिव परिवहन एवं परिवहन आयुक्त के निर्देश पर मोटरयान नियमावली का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान संचालित किया गया। इसी क्रम में जिले के कुल 3639 विद्यालयों को पोर्टल पर ऑनबोर्ड किया गया और उनके वाहनों का निरीक्षण कराया गया। जांच में सामने आया कि 174 वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र समाप्त है, जबकि 215 वाहनों के परमिट खत्म पाए गए। वहीं 227 वाहन ऐसे मिले जिनके लिए अब तक परमिट ही नहीं लिया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए 174 वाहनों का पंजीयन निलंबित कर दिया, जबकि 215 परमिट समाप्त और 227 बिना परमिट वाले कुल 442 वाहनों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। सभी संबंधित विद्यालयों को नोटिस जारी कर वैध दस्तावेज पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि यदि कोई भी वाहन नियमों के विपरीत सड़क पर संचालित पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ संबंधित स्कूल प्रबंधन के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाएगी।

### फोन पर बात करने से मना किया तो पत्नी ने पति को पीटा

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के रामगढ़ मठिया गांव में घरेलू विवाद में पत्नी द्वारा पति की पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़ित कृष्ण कुमार यादव के अनुसार, 28 अप्रैल की सुबह पत्नी को फोन पर बात करने से मना करने पर उसने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे से हमला कर दिया। मारपीट में पति के सिर पर गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने पत्नी पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अधिकारियों की डायरी में लिखे हों आवश्यक नंबर: डीएम



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम-एसपी।

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुए सड़क हादसे के बाद डीएम एक्शन मोड में आ गए। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक चारू निगम की संयुक्त अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक की, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाई गई। बैठक में डीएम अधिकारियों को साफ निर्देश दिए गए कि अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुई हालिया बस दुर्घटना का जिक्र करते हुए कहा कि सभी अधिकारी आपात स्थिति से निपटने के लिए पहले से तैयारी रखें। एम्बुलेंस, डॉक्टर, निजी वाहन चालकों सहित जरूरी संपर्क नंबर अपनी डायरी में अनिवार्य रूप से दर्ज करें। वही यूपीडा, एनएचआई, पीडब्ल्यूडी व नगर निकायों को सड़कों का निरीक्षण कर ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने और वहां तुरंत सुरक्षा उपकरण लगाने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को जिला अस्पताल व सीएचसी/पीएचसी में इमरजेंसी वार्ड तैयार करने और एम्बुलेंस बढ़ाने को कहा गया। डीएम ने एक सप्ताह में दिन-रात निरीक्षण कर साइनेज, रिफ्लेक्टर व सफेद पट्टी दुरुस्त करने का अल्टीमेटम दिया। वही एसपी ने दुर्घटना आंकड़ों के आधार पर संसाधन बढ़ाने के निर्देश दिए।

## सरकारी जमीन पर कब्जा हटाने का आदेश, चार याचिकाएं खारिज

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने ग्राम पंचायत हरिहरपुर में तालाब, खलिहान और पंचायत भवन की जमीन पर वर्षों से कब्जा किए अतिक्रमणकारियों को बड़ा झटका दिया है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने चार रिट याचिकाएं खारिज करते हुए 30 मई 2026 तक भूमि खाली करने का सख्त निर्देश दिया है। निर्धारित समय सीमा के भीतर कब्जा न हटने पर प्रशासन को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने का आदेश भी दिया गया है। यह मामला गाटा संख्या 222 (तालाब), 327 (खलिहान) और 326 (पंचायत भवन) से जुड़ा है, जिन पर याचिकाकर्ताओं ने 1945 के पूर्व के इकरारनामा के आधार पर अपना दावा प्रस्तुत किया था। हालांकि न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जमींदारी उन्मूलन कानून लागू होने के बाद याचिकाकर्ताओं का नाम कभी भी राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं हुआ और चकबंदी के समय भी कोई आपत्ति नहीं उठाई गई। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के बाबू सिंह बनाम चकबंदी अधिकारी फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि- जैसे तालाब, खलिहान और पंचायत भवन की अदला-बदली किसी भी स्थिति में मान्य नहीं है। ऐसे मामलों में निजी दावे स्वीकार नहीं किए जा सकते। न्यायालय ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता 30 मई तक एसडीएम लंभुआ के समक्ष शपथ पत्र देकर कब्जा हटाए, अन्यथा प्रशासन नियमानुसार कार्रवाई करेगा। आदेश की प्रति प्रशासन को प्राप्त हो चुकी है और कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है।

### कादीपुर के पूर्व सपा विधायक पर दर्ज केस में फैसला 8 को

**सुलतानपुर :** कादीपुर के पूर्व सपा विधायक रामचन्दर चौधरी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के खिलाफ दर्ज केस में बुधवार को फैसला नहीं आ सका। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया मामले में बहस हो चुकी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कोर्ट न्यायाधीश राकेश की अदालत ने फैसले के लिए 8 मई की तारीख निर्धारित की है। 17 दिसंबर 2002 को कादीपुर के संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के पास सड़क दुर्घटना में छात्रा पूनम श्रीवास्तव की मौत हो जाने पर लोगों ने सड़क जामकर प्रदर्शन किया था। तत्कालीन कोतवाल शिवराज सिंह ने पूर्व सपा विधायक राम चन्दर चौधरी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था।










### ऑल सेंट स्कूल की प्रधानाचार्य समेत पांच पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज


**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** नरहरपुर स्थित आल सेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रधानाचार्य समेत पांच कर्मचारियों पर एडमिशन के नाम पर जालसाजी का आरोप लगा है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चांदा थाना क्षेत्र के परिगड़ा निवासी राजीव तिवारी ने आरोप लगाया कि उनके पुत्र का कक्षा 9 में प्रवेश कराते समय स्कूल के क्लर्क ने 3600 रुपये लेकर सेंट जेवियर्स स्कूल, पट्टी (प्रतापगढ़) की फर्जी रसीद दे दी और पढ़ाई शुरू करा दी। बाद में जांच करने पर पता चला कि उक्त स्कूल में बच्चे का कोई एडमिशन नहीं है। शिकायत करने पर स्कूल स्टाफ द्वारा गाली-गलौज व धमकी देने का भी आरोप है। कई स्तर पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट का सहारा लिया। एफटीसी कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ करते ब्लाक प्रमुख।

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** डी हॉलमार्क वर्ल्ड साइंस इंटर कॉलेज, बगिया चौराहे पर कौशल विकास मिशन के तहत संचालित प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ बुधवार को ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ला ने किया।अपने संबोधन में राहुल चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि केंद्र पर सेल्स एवं कंप्यूटर (डीसीए) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद युवाओं को इफको, गोदरेज, जीवीके, आईआरटीसी, केपीएमजी, एयरटेल और वोडाफोन जैसी कंपनियों में निशुल्क प्लेसमेंट दिया जाएगा। कुल 100 सीटें निर्धारित हैं, जिनके लिए 14 से 35 वर्ष आयु के इंटर या स्नातक पास बेरोजगार युवा आवेदन कर सकते हैं।कार्यक्रम में कौशल विकास से जुड़े डी सी श्रीवास्तव, स्वागत पांडेय, संदीप पांडेय, कॉलेज प्रबंधक जेपी वर्मा, गोपाल वर्मा, प्रधानाचार्य विजय बहादुर सिंह, डॉ. राम हिमाचल, रामकेश, राजन सिंह, धर्मेद्र कुमार, रोहित कुमार, दधिचंद शुक्ला, शरद उपाध्याय, प्रवेश, हरीश सिंह, बलराम शर्मा, दीपा, महेश, अंकित, दीपिका, चंचल सिंह और रूपम सहित अनेक शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।






# बीजेपी में पुराने कार्यकर्ता हाशिए पर, अखिलेश ने दिखाई राजनीतिक मर्यादा:बृजभूषण

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले कैसरगंज से पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण ने एक बार फिर से अपनी ही पार्टी की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया है। पूर्व सांसद का कहना है कि भाजपा में पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा हो रही है। नए लोग पुराने कार्यकर्ताओं को अपना नहीं, बल्कि विरोधी मानते हैं, जिससे संगठन में दूरी बढ़ रही है। बहराइच की भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल से अखिलेश यादव की मुलाकात पर उन्होंने अखिलेश यादव की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा विधायक से अस्पताल जाकर मुलाकात कर अखिलेश यादव ने एक स्वस्थ राजनीतिक परंपरा का परिचय दिया है। उन्होंने अनुपमा जायसवाल के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और कहा कि समय मिला तो वह भी उनका कुशल क्षेम जानने अस्पताल जायेंगे।

● पूर्व भाजपा सांसद का दर्द छलका अखिलेश यादव की सराहना की



बृजभूषण शरण सिंह पूर्व सांसद भाजपा।

बृजभूषण शरण सिंह बुधवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। भारतीय जनता पार्टी के अंदरूनी हालात और हालिया राजनीतिक घटनाक्रम पर पूर्व सांसद ने कहा कि पार्टी में पुराने कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। कहा कि जब तक पार्टी बैकफुट पर थी, तब तक पुराने नेता सक्रिय थे, लेकिन अब नए लोग आने से पुराने कार्यकर्ताओं को किनारे किया जा रहा है। नए लोग पुराने कार्यकर्ताओं को अपना नहीं, बल्कि विरोधी मानते हैं, जिससे संगठन में दूरी बढ़ रही है।

पुतला दहन करते समय झुलसकर घायल हुईं भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल का हालचाल लेने गए अखिलेश यादव के कदम की सराहना करते हुए बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि उन्होंने स्वस्थ राजनीतिक परंपरा का परिचय दिया है। राजनीति में यह परंपरा रही है कि नेता एक-दूसरे के सुख-दुख में शामिल होते हैं। अखिलेश यादव ने अस्पताल जाकर बड़प्पन दिखाया है।

पूर्व सांसद ने अपनी पार्टी के नेताओं पर भी निशाना साधा। उन्होने कहा कि अखिलेश यादव के अस्पताल जाने के बाद अब भाजपा नेताओं की भी वहां कतार लग गई है। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष सबसे पहले विधायक से मिलने पहुंचे थे, जबकि अन्य नेता भी धीरे-धीरे समय मिलने पर पहुंच रहे हैं। बृजभूषण सिंह ने कहा कि यदि उन्हें अवसर मिला तो वे भी विधायक से मिलने जाएंगे।

पश्चिम बंगाल में चल रहे चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें वहां का अधिक अनुभव नहीं है, लेकिन जो जानकारी मिल रही है उसके अनुसार भाजपा वहां अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

# हादसों में दो की मौत, पांच घायल

## छपिया क्षेत्र में ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, खरगूपुर में ट्रक और पिकअप टकराये

**बेकाबू रफ्तार**

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुईं सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि पांच लोग घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

छपिया थाना क्षेत्र में गैरा चौकी मसकनवा मार्ग पर धर्म कांटा बुक्कनपुर के पास मंगलवार की देर रात ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार काफी अधिक थी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी बभनजोत भेजा। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मृतक की पहचान राम सुरेश (34) पुत्र मुन्नार निवासी तरैनी खोडारे के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान माता प्रसाद (33) पुत्र दुर्गा भारती निवासी तरैनी के रूप में की गई है। दोनों युवक किसी काम से जा रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। बुधवार दोपहर मे खरगूपुर के मंगल नगर चौराहे के पास एक ट्रक ने पिकअप वाहन को टक्कर मार दी जिससे पिकअप के परखचे उड़ गए और चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पिकअप वाहन बहराइच की ओर से गोण्डा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक ने पिकअप को टक्कर मार दी। लोगों ने तुरंत डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज गोण्डा में भर्ती कराया। हादसे में ट्रक में सवार चालक सहित दो लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। खरगूपुर थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि मृतक चालक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है, क्योंकि मौके से उसकी कोई आईडी नहीं मिली। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### कार ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की हालत गंभीर

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित घायल के भाई की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तरबगंज के करनीपुर निवासी अश्वनी पाण्डेय ने बताया कि 26 अप्रैल को उनका भाई अंकित पाण्डेय अयोध्या के हनुमानगढ़ी से प्रसाद चढ़ाकर बाइक से लौट रहा था। नवाबगंज-गोंडा मार्ग पर नकहा पुल के पास एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को सीएचसी ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल गोंडा रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि अज्ञात कार चालक के खिलाफ अभियोग दर्ज कर लिया गया है।

# एफआईआर की कॉपी लेने गए पिता को सिपाही ने पीटा

● दो दिन पहले सड़क हादसे में हुई थी छात्रा की मौत

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार:** दो दिन पहले सडक हादसे में हुई बेटी की मौत के मामले में एफआईआर की जानकारी लेने थाने गए पिता की थाने में मौजूद एक सिपाही ने पिटाई कर दी। पिटाई का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल हो रहा है।

करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर कमियार निवासी विनोद कुमार सिंह की पुत्री दिव्या सिंह (14) की सोमवार को एक सड़क हादसे में मौत हो गयी थी। मामले में मृतका के पिता ने वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी थी। वहीं स्थानीय लोगों ने चालक को वाहन समेत पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। बुधवार को मृत छात्रा के पिता विनोद सिंह एफआईआर की कॉपी लेने तथा मामले में की गयी कार्रवाई की जानकारी लेने थाने गए थे।

विनोद सिंह का आरोप है कि जब उन्होने पकड़े गए चालक के विषय में जानकारी मांगी तो वहीं थाने पर मौजूद एक सिपाही ने उनसे अभद्रता करते हुए मारपीट की। विनोद का आरोप है कि पुलिस ने पकड़े गए वाहन चालक को घटना वाली रात में ही छोड़ दिया। मारपीट करने वाला सिपाही एसओजी में तैनात बताया जा रहा है। विनोद के साथ हुई मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि पुलिस मारपीट जैसी किसी घटना से इंकार कर रही है। इस संबंध में कोतवाल नरेंद्र राय का कहना है कि आरोप बेबुनियाद है। किसी के साथ कोई अभद्रता नहीं हुई है। रिपोर्ट दर्ज कर चालक को जमानत पर छोड़ा गया है।

# सराफा व्यापारी से लूट के खुलासे को छह टीमें लगीं

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** सराफा व्यापारी से दिनदहाड़े हुई लूट की घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने पूरी ताकत झोंक दी है, लेकिन घटना के दूसरे दिन बुधवार तक भी बदमाशों का कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस के साथ सर्विलांस, एसओजी और अपराध शाखा समेत कुल छह टीमें जांच में जुटी हुई हैं।

पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनकी तलाश तेज कर दी गई है। वहीं सर्विलांस टीम मोबाइल नेटवर्क और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के जरिए बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। बुधवार को कोतवाली में सभी टीमों की संयुक्त बैठक हुई, जिसमें हर टीम को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गयीं। अभियान में करीब तीन दर्जन पुलिस अधिकारी व कर्मचारी लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी एएसपी राधेश्याम राय और सीओ अभिषेक दावाच्या कर रहे हैं। पुलिस की विशेष नजर गोंडा-बहराइच सीमा क्षेत्र पर बनी हुई है, जहां से बदमाशों के फरार होने की आशंका जताई जा रही है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि सभी टीमें लगातार प्रयासरत हैं और जल्द सफलता मिलने की उम्मीद है।

# रानी बाजार में घंटों गुल रही बिजली

**गोंडा, अमृत विचार :** शहर के रानी बाजार मोहल्ले में घंटों तक विद्युत आपूर्ति ठप रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अचानक बिजली कटने से घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए। बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को दिक्कतें उठानी पड़ीं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आपूर्ति बाधित कर दी गई, जिससे पानी की टंकियां नहीं भर सकीं और दैनिक कार्य प्रभावित हुए। कई लोगों ने बिजली विभाग के कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराई, देर शाम आपूर्ति बहाल हो सकी। निवासियों ने विभाग से नियमित और सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

# स्कूलों की मनमानी पर सख्ती

● एक दुकान से खरीद का दबाव और अवैध वसूली पर कार्रवाई के निर्देश



शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीएम प्रियंका निरंजन। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में आयोजित जिला शुल्क नियामक समिति की समीक्षा बैठक में निजी एवं अन्य विद्यालयों की शुल्क प्रणाली और अभिभावकों की शिकायतों पर चर्चा की गई। बैठक में स्कूल प्रबंधन की मनमानी पर सख्त रुख अपनाते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए।

डीएम ने स्पष्ट किया कि कोई भी विद्यालय छात्र-छात्राओं या उनके अभिभावकों को किसी एक निर्धारित दुकान से पुस्तकें, कॉपियां या यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विद्यालय प्रबंधन वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों, उत्सवों या अन्य गतिविधियों के नाम पर अभिभावकों से किसी प्रकार की अवैध शुल्क वसूली न करे। डीएम ने कहा कि विद्यालय द्वारा लिए जाने वाले शुल्क की रसीद अभिभावकों को देना अनिवार्य होगा। साथ ही, हर वर्ष अनावश्यक रूप से यूनिफॉर्म, किताबें और कॉपियां बदलने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने सभी विद्यालयों की जांच करने को कहा। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. रामचंद्र, बीईओ मुख्यालय रामखेलावन सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रमाणपत्रों में त्रुटि सुधार को 6 तक करें आवेदन

**यूपी बोर्ड**

**गोंडा, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटर परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित होने के बाद छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र और अंकपत्र में त्रुटि सुधार का अंतिम अवसर दिया गया है। यूपी बोर्ड ने नाम, माता-पिता के नाम की वर्तनी, जन्मतिथि, फोटो समेत अन्य शैक्षणिक विवरणों में संशोधन के लिए 27 अप्रैल से 6 मई तक आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है।

प्रधानाचार्यों को परिषद की वेबसाइट पर लॉगिन कर निर्धारित प्रारूप डाउनलोड कर आवेदन भरना होगा। इसके बाद विवरण सत्यापित कर डीआईओएस से अनुमोदन प्राप्त कर ऑनलाइन अपलोड करना होगा। डीआईओएस डॉ. रामचंद्र ने बताया कि यह अंतिम मौका है।



राजस्व वादों की सुनवाई करतीं एसडीएम नेहा मिश्रा। ● अमृत विचार

### बार-बेंच समझौते के बाद पटरी पर लौटी व्यवस्था

**करनैलगंज, अमृत विचार :** करीब ढाई महीने बाद तहसील न्यायालयों में बुधवार से सुनवाई शुरू होने पर वादकारियों में न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। लंबे समय से अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते न्यायालय का कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा था। एसडीएम व तहसील से नाराज करनैलगंज तहसील के अधिवक्ता क्रमिक अनशन, न्यायिक कार्य से विरत रहकर धरना-प्रदर्शन कर रहे थे, जिससे दो माह से अधिक समय तक न्यायालयों में कामकाज ठप पड़ा रहा। मंगलवार को बार और बेंच के बीच सम्मानजनक समझौता होने के बाद बुधवार से न्यायालयों का संचालन फिर शुरू हो गया। उप जिलाधिकारी न्यायालय में एसडीएम नेहा मिश्रा ने बैठकर 22 मामलों की सुनवाई की। वहीं एसडीएम न्यायिक न्यायालय का भी संचालन किया गया। तहसीलदार अतुल कुमार पाल ने 20 मुकदमों की पत्रावलियों पर सुनवाई की। एसडीएम नेहा मिश्रा ने बताया कि लंबित मुकदमों के निस्तारण पर विशेष जोर दिया जाएगा।

# जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार:** जान से मारने की नियत से किए गए हमले के मामले में धानेपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बीते 27 अप्रैल को एक महिला ने थाना धानेपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि शौच के लिए जाते समय रास्ते में कुछ युवकों ने उससे अश्लील हरकतें कीं। महिला द्वारा यह बात घर आकर बताने पर उसका पति आरोपियों से पूछताछ करने गया, जिससे नाराज आरोपियों ने लाठी-डंडों और चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों पर मामला दर्ज किया था। बुधवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

# मौर्य होटल में लाखों की चोरी पुलिस जांच में जुटी

**धानेपुर गोंडा, अमृत विचार:** कस्बा बग्गी रोड स्थित मौर्य होटल में मंगलवार रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने होटल में घुसकर लाखों रुपये के जेवर, नकदी व अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

पीड़ित तिलक राम मौर्या बग्गी रोड बाजार में बने मकान में परिवार समेत रहते हैं। मकान के अगले हिस्से में उन्होने होटल खोल रखा है। पीड़ित ने बताया कि मंगलवार की रात जब वह सो गए तभी चोर देर रात होटल में दाखिल हुए और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक चोर लाखों रुपये के जेवर व अन्य कीमती सामान ले गए। सुबह जब वह सोकर उठे तो उन्हे चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने तत्काल धानेपुर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच-पड़ताल के बाद वापस लौट गयी। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

प्रभारी निरीक्षक अरविंद यादव का कहना है कि पुलिस टीम आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# इटियाथोक में गैस एजेंसी पर धांधली का आरोप

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार:** शासन-प्रशासन के लाख दावों के बावजूद क्षेत्र में रसोई गैस की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। स्थानीय गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली से उपभोक्ता परेशान हैं। लंबी कतारों में घंटों इंतजार करने के बाद भी लोगों को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि जब उनका नंबर आता है तो एजेंसी कर्मी यह कहकर लौटा देते हैं कि उनका सिलेंडर डिलीवर हो चुका है। जबकि हकीकत यह है कि न तो उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिला है और न ही उनके मोबाइल पर कोई ओटीपी आया। ऐसे में बिना ओटीपी के डिलीवरी दिखाया जाना कई सवाल खड़े कर रहा है। लोगों का कहना है कि एजेंसियों की मिलीभगत से कुछ खास लोगों को आसानी से गैस उपलब्ध करा दी जाती है। आरोप है कि यही सिलेंडर बाद में जरूरतमंदों को ऊंचे दामों पर बेचे जा रहे हैं। पांडे पुरवा पारासराय स्थित एचपी गैस एजेंसी पर भी ऐसे ही आरोप सामने आए हैं। यहां उपभोक्ताओं की लंबी लाइनें देखी गईं, लेकिन अधिकतर लोगों को "डिलीवरी हो चुकी है" कहकर वापस कर दिया गया। भगवा रक्षा वाहिनी के राष्ट्रीय सदस्यता प्रभारी गुरु प्रसाद कश्यप ने भी आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि उनके साथ भी इस प्रकार की धांधली हो चुकी है और कई उपभोक्ता भी इसका शिकार बने हैं। उनका आरोप है कि एजेंसी का कार्यालय अक्सर बंद रहता है।

**सदन** | नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी

# विधानमंडल का विशेष सत्र आज, हंगामे के आसार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का एक दिवसीय विशेष सत्र गुरुवार को हंगामेदार रहने के आसार हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े संशोधन विधेयक के लोकसभा में गिरने के मुद्दे पर योगी सरकार सदन में निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी में है, जबकि विपक्ष इसके खिलाफ विरोध की रणनीति बना चुका है।

सूत्रों के अनुसार, सुबह 11 बजे सत्र शुरू होने से पहले भाजपा गठबंधन के विधायकों और मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी विधायक दल की बैठकें होंगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। भाजपा ने इस सत्र में महिला सशक्तीकरण को प्रमुख मुद्दा बनाते हुए महिला मंत्रियों और विधायकों को अग्रिम भूमिका देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से महिलाओं के लिए किए गए कार्यों और योजनाओं को सदन में रखा जाएगा। आज का विशेष सत्र न केवल महिला आरक्षण के मुद्दे पर बहस का मंच बनेगा, बल्कि पक्ष-विपक्ष के बीच राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन का भी केंद्र रहेगा।

**निंदा प्रस्ताव पर टकराव तय :** सरकार का मानना है कि संशोधन विधेयक को गिराना विपक्ष की महिला विरोधी सोच को दर्शाता है। वहीं मुख्य विपक्षी दल सपा ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया है कि सरकार स्वयं महिला आरक्षण लागू करने में देरी कर रही है। विपक्ष इस मुद्दे को लेकर सदन में सरकार को घेरने की तैयारी में है।

### महिला आरक्षण पर सियासी संग्राम

सत्र के दौरान महिला आरक्षण के क्रियान्वयन, परिसीमन और प्रतिनिधित्व जैसे मुद्दों पर तीखी बहस होने की संभावना है। दोनों पक्षों की महिला विधायक इस बहस में प्रमुख भूमिका निभाएंगी, जिससे सदन में राजनीतिक गर्माहट और बढ़ने के आसार हैं।

### अखिलेश ने जारी किया 'अति निंदा प्रस्ताव'

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने विशेष सत्र से पहले 'अति निंदा प्रस्ताव' जारी कर सियासी हलचल बढ़ा दी। उन्होंने केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया। अखिलेश ने कहा कि भाजपा परिसीमन के जरिए चुनावी लाभ लेना चाहती है, जबकि विपक्ष ने महिला आरक्षण का समर्थन किया है।

### विधान परिषद में भी 'नारी सशक्तिकरण' पर चर्चा

विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को विधान परिषद की कार्य परामर्शदात्री समिति की बैठक में गुरुवार के एजेंडे पर चर्चा की गई। बैठक में 'नारी सशक्तिकरण' विषय पर नियम-59(9) के तहत लोकहित में अनवरत चर्चा का प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

### यूपी बोर्ड परीक्षा की मेधावी छात्राएं सम्मानित



मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधन के सदस्य। ● अमृत विचार

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में स्कूल टॉप करने वाली छात्रा सहित अन्य मेधावी छात्राओं को प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने मंगलवार को सम्मानित किया। खरगूपुर के बाबा पृथ्वीनाथ बालिका इंटर कॉलेज की हाईस्कूल की छात्रा साक्षी ने 94 .66% अंक पाकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया था, जिसे विद्यालय के प्रबंधक नित्यानंद शुक्ल व प्रधानाचार्य ऊषा त्रिपाठी ने छात्रा को साइकिल, किताब व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। हाईस्कूल की निधि, प्रज्ञा, अंशिका, दृष्टि, प्रतिज्ञा, पल्लवी तथा इंटर की मानसी, आंचल, प्रिया सहित 20 छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रबंधक शुक्ल ने कहा कि मेहनत से पढ़कर स्कूल, जिले व प्रदेश का नाम रोशन करो। प्रधानाचार्य व सहायक अध्यापक टीपी यादव, वासुदेव तिवारी, सुनीता ने भी संबोधित किया। इस मौके पर शेषनारायण शुक्ल, रामदास पांडेय, धर्मेंद्र शर्मा, माधव राज यादव, राम उददुर वर्मा, रंजू शुक्ला, माधुरी शुक्ला, सैयदा खातून, गीता शुक्ला रहीं।

### मेधावी सम्मानित, टॉपर्स को मिली साइकिल व मेडल



सम्मानित किए गए छात्र-छात्राएं एवं मौजूद अन्य लोग। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** रींवा गांव स्थित प्रताप नारायण सिंह वीरेंद्र प्रताप सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर दुर्गागंज के प्रधान प्रतिनिधि एवं समाजसेवी लालजी यादव ने छह मेधावी विद्यार्थियों को साइकिल, मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किया। प्रधानाचार्य जय प्रकाश मौर्य के अनुसार, हाईस्कूल में श्रेया मौर्या ने प्रथम, आकांक्षा शुक्ला दूसरे और अवधेश साहू तीसरे स्थान पर रहे। वहीं इंटर में अंकुश यादव ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया, विवेक यादव दूसरे और सीमा राजभर तीसरे स्थान पर रहीं। मेधावियों के अभिभावकों आकाश यादव, जगराम साहू और मनोज को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर रामनरायन यादव, संजय यादव, राजेश गुप्ता, अनीता मिश्रा, सरिता श्रीवास्तव, विजय यादव, मीरा, रेहाना और अनुपम शामिल रहे।

### कोतवाली के दो मंदिरों में मूर्तियों की हुई प्राण-प्रतिष्ठा



मंदिर में स्थापित की गई प्रतिमा।

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में दो मंदिरों का निर्माण पूरा होने के बाद बुधवार को दोनों मंदिरों में प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कोतवाली में करीब 40 वर्षों से भगवान शिव के मंदिर निर्माण का कार्य अटका पड़ा था। वहां भव्य भगवान शिव परिवार का मंदिर तथा परिसर में ही लगे पीपल के नीचे मां दुर्गा व हनुमान जी का मंदिर निर्माण भी पूरा हुआ। पिछले दो दिनों से मंदिरों में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत पूजन चल रहा था। बुधवार को मां दुर्गा व भगवान शिव की प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली गई जिसे करीब पांच मंदिरों से मिलान कराकर कोतवाली लाया गया जहां मूर्तियों को स्थापित किया गया। यजमान महेश कुमार पिंटू मिश्र रहे। पूजन कार्यक्रम कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय व उनकी पत्नी ने किया। एसपी विनीत जायसवाल ने भी पहुंचकर मंदिर में पूजा अर्चना की तथा भंडारे का उद्घाटन किया। कोतवाली परिसर में ही कार्यक्रम समापन होने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

### अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण में 65 पुलिसकर्मी प्रशिक्षित

**गोंडा, अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन में अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विषयक व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन प्रतिसार निरीक्षक अजय प्रताप सिंह ने किया, जिसमें 65 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को आग लगने की विभिन्न परिस्थितियों से निपटने के उपाय बताए गए। प्रतिसार निरीक्षक ने बताया कि अग्निकांड के दौरान सूझबूझ और सही तकनीक का प्रयोग करना आवश्यक है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को फायर सेफ्टी उपकरणों के उपयोग और प्राथमिक अग्निशमन उपायों का अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम में मौजूद पुलिसकर्मियों ने प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी करते हुए विभिन्न परिस्थितियों में आग पर काबू पाने के तरीकों का अभ्यास किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस बल को आपात स्थितियों के प्रति अधिक सक्षम और सजग बनाना है।

### सेवानिवृत्त कार्यकर्त्रियों को दी गयी विदाई

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** विकास खंड के बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा कार्यरत ग्यारह आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को नगर स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों सुमन द्विवेदी, आशा देवी, सरोज सिंह, शुभावती, गुलाब सिंह, कमलेश देवी, फूल देवी, पुष्पलता एवं दयावती को बाल विकास परियोजना अधिकारी रमा सिंह ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। रमा सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्त्रियों ने करीब 25 वर्षों तक विभाग से जुड़े रहकर अपने-अपने क्षेत्रों में ईमानदारी, समर्पण और लगन के साथ समाजसेवा की है। विदाई के क्षणों में सेवानिवृत्त कार्यकर्त्रियों की आंखें नम हो गईं और माहौल भावुक हो उठा। इस मौके पर मुख्य सेविका, मिताली सिंह, दीपाली सिंह, अतुल सिंह, धनंजय सिंह, इकबाल अंसारी, माया सिंह, आरती तिवारी, नीलम श्रीवास्तव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत सदस्य के बेटे का निधन



शोक संतप्त परिवार के साथ मौजूद विधायक विनय द्विवेदी। ● अमृत विचार

**धानेपुर गोंडा, अमृत विचार :** धानेपुर के गनेशपुर ग्रंट निवासी व मेहनौन से जिला पंचायत सदस्य अखिलेश पांडेय के बेटे विपुल पांडेय(30) का बुधवार को निधन हो गया। विपुल के निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। बताया जा रहा कि मंगलवार को विपुल की तबीयत अचानक बिगड़ गयी। उन्हें इलाज के लिए मुख्यालय ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। विपुल ईंट भट्ठा संचालक भी थे। उनके निधन की खबर से शोक की लहर दौड़ गयी। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी व क्षेत्र की पूर्व विधायक नंदिता शुक्ला समेत अन्य कई जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों ने गनेशपुर ग्रंट पहुंचकर विपुल के निधन पर दु:ख जताया और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।



विपुल (फाइल फोटो)

# सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत

## उतरौला-बलरामपुर मुख्य मार्ग पर गलिबापुर चौराहे पर दो बाइकों की हुई टक्कर

श्रीदत्तगंज, बलरामपुर

**अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। उतरौला-बलरामपुर मुख्य मार्ग पर गलिबापुर चौराहे के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में यह हादसा हुआ, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

पुलिस के अनुसार, ग्राम महमूदनगर के इमलिया रज्जाक निवासी आकाश वर्मा (17) पुत्र बृजलाल वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार बलरामपुर नगर के नहरबालागंज निवासी आशीष सोनी (22) पुत्र नरेश कुमार सोनी और बड़ा पुल खलवा दक्षिणी निवासी सूरज कश्यप (22) पुत्र गोपाल कश्यप ने भी दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि आकाश अपनी मौसी के घर धौराही गांव सामान देने जा रहा था। देर तक न पहुंचने पर जब परिजनों ने फोन किया, तो एक पुलिसकर्मी ने कॉल उठाकर हादसे की सूचना दी। खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में जहां शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहां मातम छा गया। थाना प्रभारी अविरल शुक्ला ने बताया कि तीनों युवक बिना हेलमेट के थे और तेज रफ्तार के कारण हादसा हुआ। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

### उर्स मेले में घुसी बस दर्जनों श्रद्धालु घायल

उतरौला, बलरामपुर ,अमृत विचार : ग्राम पंचायत कपौवा शेरपुर में बाबा मलंग शाह के उर्स मेले के दौरान सोमवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच एक स्कूली बस होकर मेले में घुस गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस तेज रफ्तार में थी और चालक नियंत्रण खो बैठा, जिसके चलते वाहन सीधे भीड़ में जा घुसा। हादसे में करीब एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। लोगों ने तुरंत घायलों को स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है।

## बहूभोज विवाद में हुई हत्या के मामले में 14 गिरफ्तार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** थाना तुलसीपुर क्षेत्र में बहूभोज के दौरान हुए विवाद में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोहे का पल्टा, टूटा हुआ आला कत्ल और लाठी-डंडे भी बरामद किए हैं।

घटना 28 अप्रैल की रात की है, जब चमरबोझिया निवासी कमलेश (27) बहूभोज कार्यक्रम में शामिल होने गया था। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कहासुनी बढ़ने पर विपक्षियों ने उस पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल कमलेश की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में मृतक के भाई मोहित की तहरीर पर थाना तुलसीपुर में गैर इरादतन हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

एसपी विकास कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई की।

29 अप्रैल को पुलिस ने मध्यनगरी रोड स्थित नन्हेलाल की आटा चक्की के पास घेराबंदी कर सभी 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रवेश कुमार, धर्मेन्द्र बहादुर, अमरेन्द्र, सुरेन्द्र कुमार, रंजीत, राजेन्द्र उर्फ सुरेन्द्र, हरीराम, रामकिशोर पाठक उर्फ पप्पू, कौशल किशोर, नन्हेलाल, रामकिशुन, मुकेश, वीरेन्द्र और मुन्नालाल शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय भेजते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ



पद और गोपनीयता की शपथ लेते उतरौला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** उतरौला अधिवक्ता संघ की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को दीवानी संघ भवन में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी शंभू लाल गुप्त ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में अध्यक्ष पद पर प्रह्लाद यादव, महामंत्री रवि शंकर मिश्र और वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद सोनी सहित अन्य पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया। कोषाध्यक्ष के रूप में सतीश वर्मा, संयुक्त मंत्री पद पर बृजेश वर्मा, सर्वेश जायसवाल व सत्यदेव चौधरी ने शपथ ली। इसके अलावा कनिष्ठ उपाध्यक्ष राम शंकर मौर्य, उपकनिष्ठ उपाध्यक्ष मारुति नंदन मिश्र तथा वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के रूप में इशरत अबरार, भुग्गुल प्रसाद, अब्दुल कय्यूम, सुरेश श्रीवास्तव और कुंवर जी शामिल रहे। कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुनील तिवारी, दिवाकर विक्रम, विनय श्रीवास्तव, रवि गुप्त और गजनफर अली ने भी शपथ ली। इस अवसर पर सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रिंस जिंदल, अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन सिद्धांत सोलंकी सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### मेले में 141 युवाओं को मिला रोजगार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के मिशन रोजगार के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय रोजगार मेला एवं परिसर चयन कार्यक्रम का समापन हुआ। रोजगार मेले का आयोजन 28 अप्रैल को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उतरौला तथा 29 अप्रैल को छत्रपति शाहूजी महाराज राजकीय पॉलीटेक्निक, उतरौला में किया गया। दोनों दिन कुल 373 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 141 युवाओं का विभिन्न पदों पर चयन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य डॉ. सनत कुमार पाण्डेय, जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य मैथिली उपस्थित रहे।

### जेई-ड्राफ्टमैन प्रकरण पर कामकाज ठप

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सिंचाई विभाग के बाढ़ खंड में अवर अभियंता और ड्राफ्टमैन के बीच हुआ विवाद गंभीर रूप लेता जा रहा है। मामले को लेकर मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन इरीगेशन डिपार्टमेंट श के पदाधिकारी और कर्मचारी आरोपी जेई अरुण कुमार के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। बुधवार को कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर सिंचाई विभाग कॉलोनी में धरना-प्रदर्शन किया, जिससे पूरे दिन कामकाज ठप रहा। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि अवर अभियंता द्वारा संघ के सदस्यों के खिलाफ फर्जी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वहीं, डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के अभियंताओं ने भी अपने पक्ष में प्रदर्शन किया। डीएम ने दोनों पक्षों को कलेक्ट्रेट बुलाकर वार्ता की और तत्काल आंदोलन समाप्त करने के निर्देश दिए हैं।

## गंभीर मरीजों के लिए जीवनदायिनी बनी उन्नत जीवनरक्षक एंबुलेंस सेवा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित उन्नत जीवन रक्षक (एएलएस) एंबुलेंस सेवा जिले के गंभीर मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसी क्रम में एक गंभीर मरीज को समय पर बेहतर उपचार दिलाकर एंबुलेंस टीम ने सराहनीय कार्य किया। गोंडा जनपद के लक्ष्मनपुर लाल नगर निवासी एक मरीज आंत फटने व पेट दर्द की गंभीर समस्या से जूझ रहा था। उसे जिला संयुक्त अस्पताल बलरामपुर में प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा के लिए लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर किया गया। एएलएस एंबुलेंस (संख्या यूपी 33 एफजी 1907) में तैनात आपात चिकित्सा तकनीशियन बलकिशन गुप्ता ने मरीज को सुरक्षित एंबुलेंस में स्थानांतरित कर लगातार ऑक्सीजन और ग्लूकोज चढ़ाते हुए पूरे रास्ते निगरानी की। वाहन चालक पवन कुमार श्रीवास्तव ने मानक गति और सुरक्षित ड्राइविंग के साथ मरीज को समय पर लखनऊ पहुंचाया। समय रहते मरीज को अस्पताल की आपातकालीन इकाई में भर्ती करा दिया गया, जिससे उसकी हालत में सुधार की उम्मीद जगी। मरीज के परिजनों ने एंबुलेंस सेवा की सराहना करते हुए कहा कि यह सेवा गंभीर परिस्थितियों में लोगों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रही है।



गंभीर मरीज को एएलएस एंबुलेंस से लखनऊ ले जाते परिजन।

## नैनो उर्वरक के प्रयोग की दी जानकारी

**गोंडा, अमृत विचार :** विकास खण्ड तरबगंज स्थित औद्यानिक विपणन एवं सहकारी समिति ढोडेपुर में नैनो उर्वरकों के महत्व एवं उपयोग पर आधारित किसान सभा एवं मृदा परीक्षण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता समाजसेवी एवं प्रगतिशील कृषक देवी प्रसाद मिश्र ने की। कार्यक्रम में इफको के क्षेत्राधिकारी अतर सिंह, इफको एमसी के एमडीई शशांक मिश्रा, हॉट स्पॉट एसएफए विभाकर तिवारी सहित कई किसान उपस्थित रहे। इस दौरान क्षेत्र अधिकारी ने किसानों को मृदा नमूना लेने की सही विधि तथा उसके परीक्षण से होने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कॉपर, सागरिका सहित अन्य उत्पादों के उपयोग की विधि और उनके लाभों पर प्रकाश डाला।

## रिंग रोड के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जनपद की महत्वपूर्ण परियोजना निर्माणाधीन रिंग रोड का बुधवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने स्थलीय निरीक्षण कर कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने गोंडा रोड स्थित प्रारंभिक बिंदु (प्वाइंट जीरो) का अवलोकन किया। इसके बाद प्वाइंट 2.3, प्वाइंट 5.265 और प्वाइंट 5.6 पर निर्माणाधीन पुलों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने आधुनिक तकनीक और निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश देते हुए परियोजना को तय समयसीमा में पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर प्रगति की निगरानी करने और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

डीएम ने कहा कि रिंग रोड के निर्माण से शहर में यातायात का दबाव कम होगा और लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। यह परियोजना जनपद के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाएगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## विशेष अभियान में 77 वाहनों का चालान

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को वीर विनय चौराहे पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। डीएम विपिन कुमार जैन के निर्देशन में यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने, तीन सवारी बैठाने, मॉडिफाइड साइलेंसर और अन्य नियम तोड़ने वाले चालकों को निशाना बनाया गया। कुल 77 वाहनों का चालान करते हुए 1.54 लाख का जुर्माना लगाया गया। गंभीर उल्लंघन मिलने पर तीन दोपहिया वाहनों को कोतवाली नगर में निरुद्ध किया गया, जबकि चार वाहनों पर ध्वनि प्रदूषण के चलते कार्रवाई हुई।

### चार गोवंशों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** पचपेड़वा पुलिस ने गोवंश तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चार गोवंशीय पशु और एक पिकअप वाहन बरामद किया है।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बड़े भाई रवीन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र मदन लाल गुप्ता, निवासी मोहल्ला काजीपुरा, तहसील फतेहपुर, जिला बाराबंकी, (गुमशुदा) से मेरा कोई संबंध नहीं है। उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्य या लेन-देन के लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**शरद कुमार (एडवोकेट) पुत्र मदन लाल ग्राम बम्भौरा, थाना व पोस्ट जरवलरोड, जिला बहराइच।**






श्री योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश



किसानों से अपील

गेहूँ खरीदः वर्ष 2026-27

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) योजना के अन्तर्गत गेहूँ की सरकारी खरीद 30 मार्च से 15 जून, 2026 तक होगी। इस वर्ष गेहूँ का सरकारी खरीद मूल्य रू0 2585/- प्रति कुन्तल है। जनपद में कुल 6 क्रय एजेंसी यथा खाद्य विभाग, पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, एफसीआई, मंडी समिति के माध्यम से 100 गेहूं क्रय केंद्र संचालित है। क्रय एजेंसियों द्वारा गेहूँ की खरीद खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल www.fcs.up.gov.in पर पंजीकृत किसानों से कम्प्यूटरीकृत खतौनी व आधार के आधार पर की जायेगी। भुगतान व्यवस्थाः गेहूँ के मूल्य का भुगतान किसानों के आधार लिंक बैंक खाते में पी0एफ0एम0एस0 (PFMS) के माध्यम से सीधे किया जायेगा।



श्री सूर्य प्रताप शाही
कैबिनेट मंत्री
उत्तर प्रदेश

महत्वपूर्ण निर्देशः

पंजीकरणः किसान भाई पोर्टल पर अपना पंजीकरण स्वयं या जनसेवा केन्द्र के माध्यम से करा सकते हैं। ओ0टी0पी0: पंजीकरण हेतु आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त OTP अनिवार्य है। गुणवत्ता मानकः गेहूँ अच्छी तरह सुखाकर, साफ करके लायें एवं अपना गेहूं सरकारी केंद्र पर विक्रय करें। समयः क्रय केन्द्र प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से सायंकाल 6:00 बजे तक खुले रहेंगे (रविवार व अवकाश छोड़कर)। सहायता एवं शिकायत हेतु संपर्क करें: टोल-फ्री नम्बरः 1800-180-0150

संचालित योजनाएं-

1- मुख्यमंत्री कृषक सहायता योजना
2- मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता।
3- मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना।
4- मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजना।
5- मुख्यमंत्री कृषि उत्पादन मंडी समिति उत्पादन के व्यापारी एवं आढ़ती सहायता योजना।
6- मुख्यमंत्री मंडी स्थल/उपमंडी स्थल अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना।

किसानों के लिए सरकार की ओर से कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। किसान भाई योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपने नजदीकी मंडी क्षेत्र के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।



दुर्गाशक्ति नागपाल
आयुक्त,
देवीपाटन मंडल गोंडा



प्रियंका निरंजन
जिलाधिकारी
गोंडा



पंकज वर्मा
सिटी मजिस्ट्रेट/सभापति
कृषि उत्पादन मंडी समिति गोंडा

नोट- योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किसान भाई अपने नजदीकी मंडी के कार्यालय पर पहुंचकर योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त करें और लाभ उठाएं।

**न्यूज ब्रीफ**

### पति-पत्नी ने मिलकर देवर का पैर काटा

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** कोतवाली भिनगा के अमवा गांव निवासी उमेश का रात किसी बात को लेकर भाभी से विवाद हो गया। इसके बाद भाभी ने पति ननके से उमेश की शिकायत की। ननके ने पत्नी के साथ मिलकर उमेश से मारपीट शुरू कर दी। नाराज भाई व भाभी ने उमेश को पकड़कर लिया और लाठी-डंडों से पिटाई करते हुए कुल्हाड़ी से वार कर उमेश का पैर काटकर अलग कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख घायल को मेडिकल कॉलेज बहराइच के लिए रेफर कर दिया।

### कोर्ट ने दिया मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सोनवा क्षेत्र के बेतौनी निवासी राजेन्द्र (17) पुत्र हरिद्वार की 28 सितम्बर 2023 को तमिलनाडू प्रदेश के कोयंबटूर में क्षत विक्षत अवस्था में शव बरामद हुआ था। पिता हरिद्वार ने आरोप लगाया था कि उसका बेटा मंदबुद्धि था जिसे गिलौला क्षेत्र के खेवनाएं गांव निवासी बुधराम धोखे से जून 2023 में बहला फुसलाकर तमिलनाडू प्रदेश के कोयंबटूर ले गया था। पिता का आराप था कि बुधराम ने हार्ट अटैक से मौत की सूचना दी थी। लेकिन शव मिला तो कई अंग गायब थे। शव लाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। पिता ने सोनवा थाने व एसपी को प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इस पर पीड़ित पिता ने न्यायालय की शरण ली। तीन वर्ष पहले हुई इस घटना में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार यादव ने इसे संगीन अपराध मानते हुए आरोपित के विरुद्ध मामला दर्ज करने का आदेश दिया है।

### किशोरी लापता होने से मचा हड़कंप

**जरवलरोड (बहराइच), अमृत विचार :** थाना जरवलरोड क्षेत्र के ग्राम आगापुर कुट्टी से एक 15 वर्षीय किशोरी के अचानक लापता हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई है। ग्राम अआगापुर कुट्टी की लगभग 15 वर्षीय) बीते शाम करीब 6 बजे शौच के लिए घर से निकली थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। काफी खोजबीन के बाद थक-हारकर परिजन 27 अप्रैल 2026 को थाना जरवलरोड पहुंचे और किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के निर्देश पर उपनिरीक्षक आदित्य को मामले की जांच सौंपी गई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में तलाश कर रही है।

### विधायक ने छात्राओं को किया जागरूक

**इकौना (श्रावस्ती), अमृत विचार :** राजकीय महामाया डिग्री कॉलेज श्रावस्ती में बुधवार को महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक रामफेरन पांडेय ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण, उनके अधिकारों की रक्षा और समाज में सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित करने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है। सरकार महिलाओं की समाज में सम्मानजनक स्थिति मजबूत करने के लिए सदैव तत्पर है। भाजपा जिला समिति की सदस्य अर्चना बाजपेयी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने महिलाओं के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। विपक्ष शुरू से ही महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी करता आ रहा है, जबकि वर्तमान सरकार ने उन्हें सुरक्षा और अवसर प्रदान किए हैं। इस दौरान सभी ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

# लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कराएं: सीडीओ

## मुख्य विकास अधिकारी ने जिला उद्योग बन्धु समिति की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**संवाददाता, बहराइच**



उद्योग बंधु की बैठक में मौजूद उद्यमी व मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता।

**अमृत विचार।** उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं सीएम युवा उद्यमी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीडीओ ने अधिकारियों को लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

बैठक में एमओयू क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 से अब तक जनपद बहराइच हेतु निवेशकों द्वारा कुल 194 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए हैं। जिनका निवेश मूल्य रू. 2877.99 करोड़ है। जिसके सापेक्ष इन्वेस्ट यू.पी. द्वारा निवेश सारथी पोर्टल पर रू. 2225.10 करोड़ लागत के 155 एम.ओ.यू. अपलोड किये गये थे, जिसका सत्यापन उद्यमी मित्र तथा जिलाधिकारी के स्तर से पूर्ण हो गया है। अब तक 117 इकाईयां क्रियाशील हो गयी है। अवशेष इकाईयों की स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही प्रगति पर है।

निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर चर्चा के दौरान बताया गया कि 44 विभागों से सम्बन्धित अनापत्ति एवं सहमति प्राप्त करने हेतु 01 अप्रैल 2025 से 28 अप्रैल 2026 तक 5582 आवेदन प्राप्त हुए है जिसके सापेक्ष 3915 आवेदन स्वीकृत, 71 आवेदन पत्र अण्डर क्वेरी तथा 97 आवेदन पत्र समय अन्तर्गत तथा 01 आवेदन पत्र समय उपरान्त लम्बित हैं। सीडीओ ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं साथ ही निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन कराएं। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि एम.ओ.यू. के माध्यम से निवेश को बढ़ायें तथा सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय कर अवशेष को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करें और जो एमओयू रेडी हैं उनका क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाय।

बैठक के दौरान कृष्ण मोहन साल्वेक्स प्रा.लि. के पार्टनर विजय केडिया द्वारा अवगत कराया गया कि इकाई ग्रा. वजीरपुर परगना व तहसील बहराइच में निर्माणाधीन है उक्त बाउण्ड्री के अन्दर कोई निर्माण नही है। मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि आयुक्त महोदय द्वारा कतिपय क्वेरी करते हुए पत्रावली वापस कर दी गयी है। प्रेच्छा का निवारण करते हुए पुनः पत्रावली कार्यालय देवीपाटन मण्डल गोण्डा प्रेषित की दी गयी है। उत्तर प्रदेश ब्रिज कारपोरेशन के प्रतिनिधि द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि बहराइच रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है तथा 31 मई तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेष प्रसाद व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, उद्यमी बृजमोहन मातनहेलिया, मनीष मल्होत्रा, दाऊ जी सोनी, विजय केडिया, सुनील केडिया, सुमीत अग्रवाल, आषीष कंसल सहित अन्य उद्यमी, व्यापारी व निर्यातक मौजूद रहे।

### शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं दिव्यांग

**बहराइच।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक दिव्यांगजन विभागीय वेबसाइट दिव्यांगजन डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना अन्तर्गत दिव्यांग दम्पति को विवाह करने पर पुरूष के दिव्यांग होने पर रू. 15,000 एवं महिला के दिव्यांग होने पर रू. 20,000तथा यदि दम्पति (पति-पत्नी) दिव्यांग हैं तो रू. 35,000 पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये जाने की व्यवस्था है। यह जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र धारक ऐसे युवक जिनकी शादी के समय आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो तथा युवती की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो।

# सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत, चार लोग घायल

**संवाददाता, श्रावस्ती**

**अमृत विचार।** जिले में चार अलग अलग सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। साथ ही चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रघुनाथपुर के मजरा विशम्भरपुर गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र लड्डुन अपनी पत्नी रीता (26) को लेकर बाइक से मल्हीपुर थाना क्षेत्र के खैहनिया गांव आपने ससुराल गया था। जहां से वह बुधवार को पत्नी के साथ लौट रहा था। इस दौरान मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ही मल्हीपुर-भिनगा मार्ग पर मधवापुर घाट के पास पहुंचते ही बाइक गड्ढे में चली गई और अनियंत्रित हो गई। तभी रीता चलती बाइक से सिर के बल पक्की सड़क पर गिर गई और घायल हो गई। महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उसे मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। इसी तरह इकौना थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी दिलीप कुमार दूबे (40) पुत्र महादेव देर रात बाइक से घर वापस लौट रहा था। इस दौरान सेमरी चकपिहानी गांव के पास तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दिलीप घायल हो गए। लोगों की ओर से घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिनगा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया।

वहीं इकौना थाना क्षेत्र के सेमगढ़ा ग्राम पंचायत के शहीद बाबा पुरवा निवासी विनोद (26) पुत्र राम सजन बुधवार को ई-रिक्शा में आधा दर्जन सवारी बैठाकर गोविन्द पुर मोड़ जा रहा था। गोविन्द पुर मोड़ के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में चालक विनोद के साथ ही गोलीराम (65) गंभीररूप से घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया।

इसी तरह नवीन माडर्न थाना क्षेत्र श्रावस्ती के कल्यानपुर निवासी स्वरता (75) पत्नी कृष्ण कुमार पैदल ही अपने नए घर पटना कोठार जा रहीं थी। जिन्हे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीररूप से घायल हो गईं। जिन्हे सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। जहां से जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया गया। वहीं इकौना थाना क्षेत्र के मुर्गी फार्म निवासी मोहम्मद असलम (35) पुत्र यार मोहम्मद मंगलवार देर शाम को इकौना बाजार की ओर आ रहे थे। कंजड़वा के बास बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गि घायल हो गया। जिसे एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**इकौना(श्रावस्ती)**



हीरालाल की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** दहौर निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव फांसी के फंदे से लटका मिला। मौके पर पहुंची कटरा पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नवीन मॉडर्न पुलिस थाना कटरा क्षेत्र के ग्राम कल्यानपुर के मजरा दहौरा गांव निवासी हीरालाल (42) पुत्र राम उजागर का शव बुधवार सुबह घर के पास जामुन के पेड़ में गमछे के फंदे से लटका मिला। सुबह सोकर उठे परिजनों ने शव लटका देखा तो उनमें कोहराम मच गया। लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे उप निरीक्षक ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर कब्जे में ले लिया। वहीं फॉरेंसिक टीम ने मौके की जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया। विदित हो कि मृतक के सभी सात बच्चे नाबालिग हैं। पिता की मौत के बाद उनकी सारी जिम्मेदारी पत्नी मृतक की पत्नी शांति देवी पर आ गई है। थानाध्यक्ष जयहरि मिश्रा ने बताया कि ग्रामीण और परिजनों से जब पूछताछ की गई तो पता चला कि मृतक शराब का नशा करता था। नशे में ही उसके फांसी लगाने की आशंका है। जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गेहूं खरीद की प्रगति को बढ़ाया जाए

**संवाददाता, बहराइच**



गेहूं क्रय केन्द्र का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी हरिकेश चौरसिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत गेहूं खरीद वर्ष 2026-27 हेतु शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी विशेष सचिव, आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश शासन हरिकेश चौरसिया ने जनपद का भ्रमण कर खाद्य तथा रसद विभाग के पयागपुर एवं रिसिया मण्डी स्थित गेहूं कय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, देवीपाटन सम्भाग, गोण्डा चन्द्रभान यादव एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी रूपेश कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान नोडल अधिकारी ने गेहूं खरीद की प्रगति को बढ़ाए जाने के निर्देश दिए।

- **क्रय केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने दिए निर्देश**

गेहूं क्रय केन्द्र के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने क्रय केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मौजूद कृषकों से क्रय केन्द्र द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर नोडल अधिकारी ने क्रय केन्द्र पर मौजूद कृषकों से वार्ता कर गेहूं खरीद कार्य के सम्बन्ध में फीड बैक प्राप्त करते हुए किसानों को प्रेरित किया कि वे अपनी उपज को गेहूं क्रय केन्द्रों पर बेंचकर सरकार द्वारा निर्धारित रू. 2,585 प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य प्राप्त करें। उन्होंने गेहूं क्रय केन्द्र पर मौजूद किसानों को प्रेरित किया कि शीघ्र किसान आईडी बनवा लें ताकि भविष्य में उन्हें सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं के लाभ से वंचित न होना पड़े।

नोडल अधिकारी ने सम्भागीय खाद्य नियंत्रक एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त क्रय केन्द्रों शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबन्द रखी जाएं। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

### ब्लॉक शिवपुर में अवैध स्कूलों की भरमार सीएम से की कार्रवाई की मांग

**नानपारा/बहराइच, अमृत विचार।** विकास खंड शिवपुर क्षेत्र में बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालन का मामला सामने आया है, जिससे शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्र निवासी सुनील सिंह द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि कई विद्यालय नियमों की अनदेखी करते हुए अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। शिकायत के अनुसार एल बी एम ग्लोबल पब्लिक स्कूल ललुही, डॉ.वी.आर.एम पब्लिक स्कूल सधुवापुर भगवानपुर तथा गायत्री शिशु मंदिर चंदेला बग्गर बाजार में बिना मान्यता के विद्यालय चलाए जा रहे हैं। इन स्कूलों में न तो शासन से मान्यता प्राप्त है और न ही यू-डैस कोड उपलब्ध है, जो किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय के लिए अनिवार्य होता है। आरोप है कि ऐसे विद्यालयों में बच्चों का प्रवेश लेकर अभिभावकों से शुल्क वसूला जा रहा है, जबकि बुनियादी सुविधाओं और योग्य शिक्षकों का अभाव है। इससे न केवल बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है, बल्कि अभिभावकों का आर्थिक शोषण भी किया जा रहा है। सुनील सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी विद्यालय संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। इस विषय में जब खंड शिक्षा अधिकारी शिवपुरी राम त्रिलोकी चौधरी से बात की गई तो उन्होंने बताया मामला संज्ञान में है। गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को नोटिस जारी किया गया है और 2 दिन के अंदर स्कूल बंद करने को कहा गया है।

### विद्युत कटौती से नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले में इस समय पड़ रही भीषण गर्मी के दौरान ग्रामीण इलाकों में हो रही विद्युत कटौती के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही विद्युत कटौती के चलते बुधवार को फखरपुर इलाके में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शन करते हुए विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग की। विद्युत कटौती से नाराज उपभोक्ता आज बड़ी संख्या में फखरपुर विद्युत उपकेंद्र पहुंचें इस दौरान लोगों ने बदहाल विद्युत व्यवस्था को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में शामिल उमेश पाठक ने बताया कि गर्मी के दौरान क्षेत्र में मात्र दो से चार घंटे तक की ही विद्युत आपूर्ति मिल पा रही है। जिसके चलते हम लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। लगातार कटौती से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है, अगर विद्युत व्यवस्था नहीं सुधरी तो हम सभी बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। इस दौरान जुनेद, जमील, इस्माइल, सुधीर सिंह, ओंकार समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा में भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

**पयागपुर (बहराइच) अमृतविचार।** कर्ताराम पुरवा दुहेलवा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का मंगलवार को समारोहपूर्वक समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ कमाया प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित ओम प्रकाश शास्त्री ने कथा के विश्राम दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण के सुदामा मिलन और उनके वैकुंठ गमन की भावपूर्ण व्याख्या की। उन्होंने कहा कि भक्ति में ही शक्ति है और जो भक्त सच्चे मन से परमात्मा को याद करता है, भगवान उसकी सहायता के लिए दौड़े चले आते हैं। शास्त्री जी के भजनों पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए और पूरा वातावरण "जय श्री कृष्ण" के जयकारों से गुंजायमान रहा इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान चंद्रकांत मणि त्रिपाठी रहे। उन्होंने सपरिवार विधि-विधान से पूजन कर कथा की पूर्णाहुति दी। कथा की समाप्ति के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों से आए सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान इंद्रमणि त्रिपाठी, आदित्य त्रिपाठी आदि रहे।



कथा कहते कथावाचक ओम प्रकाश शास्त्री।

### ब्राह्मण समाज ने दी लखनऊ कूच की चेतावनी

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के हरदी थाने में तैनात पुलिसकर्मियों की कथित बर्बरता और अभद्र व्यवहार ने अब एक बड़े जनांदोलन का रूप ले लिया है। पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली से क्षुब्ध ब्राह्मण समाज और परशुराम सेवा संस्थान ने आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि संस्थान के युवा विंग के जिलाध्यक्ष आदर्श शुक्ल ने मुख्यमंत्री आवास तक पदयात्रा निकालने का ऐलान कर दिया है। विवाद की जड़ बीते 20 अप्रैल की वह घटना है, जिसमें आरोप है कि थाना प्रभारी आलोक सिंह और उनके अधीनस्थ पुलिसकर्मियों ने आदर्श शुक्ल के साथ न केवल अमर्यादित आचरण किया, बल्कि उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने और फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दी। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इस दुर्व्यवहार की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। परशुराम सेवा संस्थान के पदाधिकारियों का तर्क है कि जब जिले के जिम्मेदार अधिकारी ही न्याय की गुहार अनसुनी कर रहे हों, तो उनके पास राजधानी का रुख करने के अलावा कोई विकल्प शेष नहीं बचता है।

### पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

**मल्हीपुर( श्रावस्ती), अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के तहत बुधवार को विभिन्न थानों मिशन शक्ति टीमों व शक्ति दीदियों ने जागरूकता चौपाल लगाई। एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने बताया कि चौपाल में मौजूद महिलाओं व बालिकाओं को फर्जी कॉल के संबंध में सचेत किया गया। सभी को बताया गया कि अगर कोई आप को फोन कर खुद को क्राइम ब्रांच या कस्टम का अधिकारी बताए, तो आप घबराएं नहीं। ये फर्जी कॉल आपको ठगी का शिकार बनाने के लिए करी जाती है। सावधान लगें और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को या आपातकालीन नंबर पर दें। चौपाल में महिलाओं को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया फ्रॉड के प्रति भी सचेत किया गया और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# अभियान चलाकर पानी से भरे जाएं सरोवर

**संवाददाता, बहराइच**



पंपसेट के माध्यम से तालाब में भरा जा रहा पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विभिन्न माध्यमों से जनपद के अमृत सरोवर, तालाबों में जल की उपलब्धता की समस्या संज्ञानित होने पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता द्वारा उपायुक्त श्रम रोजगार एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जल विहीन सरोवरों, तालाबों को तत्काल चिन्हित कराकर जल की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये।

डीएम ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत विकास खण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों में नियमित अनुश्रवण की व्यवस्था संचालित करके तालाबों में जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, जिससे आमजनमानस के साथ-साथ मवेशियों एवं पशु-पक्षियों को पानी की समस्या न होने पाये।

- **डीएम ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को दिये आदेश**

उपायुक्त श्रम रोजगार रवि शंकर पाण्डेय ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में समस्त खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए जल विहीन सरोवरों, तालाबों का चिन्हांकन कर जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के कार्य का अनुश्रवण किया गया। खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा सरोवरों का चिन्हांकन करके कन्वर्जेन्स एवं स्थानीय लोगों के प्रयास से पम्पसेट से अमृत सरोवर, तालाब में जल भराने की कार्यवाही सुनिश्चित कराई गई। बताया कि सभी विकास खण्डों विशेष रूप से बलहा, कैसरगंज, पयागपुर, फखरपुर, रिसिया, शिवपुर, तेजवापुर एवं विशेश्वरगंज में पशु-पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता हेतु अभियान चलाते हुए लगभग 59 पंचायतों में अमृत सरोवरो में जल भरा दिया गया है।

# मानव तस्करी का प्रयास विफल दो नेपाली लड़कियां हुईं मुक्त

**सिरसिया(श्रावस्ती)**



पुलिस व एसएसबी की गिरफ्त में आरोपी व बरामद लड़कियां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने मानव तस्करी का प्रयास विफल कर दिया। टीम ने मंगलवार रात दो नेपाली लड़कियों को मुक्त कराया।

सशस्त्र सीमा बल 62वीं वाहिनी भिनगा के कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण के निर्देश पर निरीक्षक रहेश सिंह राणा व निरीक्षक जीतेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार रात एसएसबी ने पुलिस की संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने सीमा चौकी गुज्जरगौरी के कार्यक्षेत्र तालभगौरा गांव के पास सीमा स्तम्भ संख्या 631 से लगभग चार किलोमीटर भारत की ओर आती एक बाइक रोका। इस दौरान टीम ने बाइक सवार युवक सहित दो नेपाली लड़कियों को बरामद किया। पूछताछ में पता चला कि युवक दोनों लड़कियों को मानव तस्करी के उद्देश्य से ले जा रहा था। इस पर जवानों ने युवक को दबोच लिया। वहीं दोनों नेपाली लड़कियों को सुरक्षित मुक्त कराया। पूछताछ में आरोपी की पहचान ग्राम मुजेहना पोस्ट मोहम्मदपुर कला निवासी मिथिलेश कुमार पुत्र पेशकार के रूप में हुई। जबकि दोनों लड़कियों को देहात, इंडिया के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सिरसिया पुलिस के हवाले कर दिया गया।

**निर्देश**

**नगर निकायों के कार्यों की डीएम ने की समीक्षा, हीट वेव से बचाव के उपाय करने पर दिया जोर**

# मानचित्र स्वीकृति के बगैर हो रहे भवन निर्माण पर करें कार्रवाई

**संवाददाता, श्रावस्ती**





नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा करतीं डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने दोनों नगर निकायों में कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान नगर पालिका परिषद भिनगा व नगर पंचायत इकौना सहित जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा के विकास कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराने, निविदाएं प्रतिस्पर्धात्मक व निष्पक्षतापूर्ण तरीके से कराने का निर्देश दिया।

डीएम ने कहा कि नगर में रहने वालों को हर हाल में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाए। दोनों नगर में हीट वेव से बचाव के लिए पर्याप्त उपाय करें। नगर में लगे सभी वाटर कूलर हरहाल में दुरूस्त कर संचालित कराएं। डीएम ने गोवंशो के लिए उचित व्यवस्था करने, मुख्य मार्गो व उसके किनारे कार्ययोजना बनाकर सफाई कराने, स्ट्रीट लाइट को दुरूस्त कराने, हैण्डपम्प को दुरूस्त कर संचालित कराने, नालियों की कराने व डोर-टू-डोर कूड़े का उठान कराने तथा एमआरएफ सेंटर व सार्वजनिक शौचालयों को प्रत्येक दशा में नियमित रूप से संचालन कराने को कहा। कर्मचारियों का रजिस्टर व्यवस्थित रखने, विभागीय वाट्सऐप ग्रुप पर सभी शौचालयों की फोटो सुबह-शाम प्रेषित करने व उसकी निरंतर मानिटरिंग करने, बड़े बकायेदारों की सूची बनाकर वसूली करने व विगत पांच वर्ष से अधिक पुराने बकायदारों के विरूद्ध नोटिस जारी कर वसूली करने को कहा।

जिलाधिकारी ने हर घर नल योजना के तहत शत-प्रतिशत घरों में पानी का कनेक्शन देने, भवन मानचित्र स्वीकृति के बगैर नगर में अवैध तरीके से हो रहे भवनो के निर्माण पर कार्रवाई करने, आउटसोर्स से कार्यरत कर्मचारी का ईपीएफ आदि की कटौती कम्पनियों से कराने का निर्देश देते हुए जन्म-मृत्यु पंजीकरण, भवन मानचित्र, दाखिल खारिज/वरासत, पीएम सूर्य घर, पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा की। बैठक में एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, ईओ भिनगा डा अनीता शुक्ला, इकौना सतीश कुमार, अवर अभियंता मिथिलेश, अवर अभियंता हरिकृष्ण, एलबीसी विपिन चटर्जी, सौरभ आर्य सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी रहे।

### लेखपाल पर कार्रवाई की मांग

**बदला चौराहा (श्रावस्ती) :** जमुनहा के ग्राम खलीफतपुर निवासी सुनील कुमार वर्मा पुत्र नन्दकिशोर ने बुधवार एसडीएम जमुनहा को एक शिकायती पत्र सौंपा है। इसमें पीड़ित का आरोप है कि उसने गेहूं बेचने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया था। पहले ऑनलाइन व फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर गेहूं खरीद होती थी, परन्तु मुख्यमंत्री के आदेश के अनुसार फार्मर रजिस्ट्री में छूट प्रदान किया गया। जबकि प्रार्थी की माता नंदरानी का पंजीकरण निरस्त कर दिया है। ऐसे में पीड़ित ने एसडीम से लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।



कमजोर व्यक्ति कभी क्षमा नहीं कर सकता। माफ करना शक्तिशाली व्यक्ति का गुण है।
–महात्मा गांधी



## उड़ान पर संकट

भारत में विमानन ईंधन- एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में हालिया उछाल ने पूरे नागरिक उड्डयन क्षेत्र को असहज स्थिति में ला खड़ा किया है। फरवरी में इसके दाम साढ़े 91 हजार रुपये के आसपास प्रति किलो लीटर थे, वहीं अप्रैल तक यह दो लाख रुपये के पार पहुंच गया। सवाल यह है कि क्या यह वृद्धि अस्थायी है और क्या एयरलाइंस इसे बिना यात्रियों पर बोझ डाले समायोजित कर सकती हैं?

वास्तविकता यह है कि एटीएफ किसी भी एयरलाइन की परिचालन लागत का सबसे बड़ा घटक है। सामान्य परिस्थितियों में इसका हिस्सा 40 फीसद के आसपास रहता है, लेकिन मौजूदा उछाल ने इसे 60 प्रतिशत से ऊपर पहुंचा दिया है। ऐसे मेंफेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस द्वारा 'परिचालन बंद होने' की चेतावनी महज दबाव की राजनीति नहीं, आर्थिक यथार्थ भी है। बिना किराया बढ़ाए लागत समायोजन लगभग असंभव है। ठीक है कि सरकार ने अतीत में विमानन क्षेत्र को राहत दी है— कभी एटीएफ पर करों में कमी, तो कभी डायनेमिक प्राइसिंग और सीट-आधारित किराया वसूली की छूट देकर, परंतु इस बार स्थिति अधिक जटिल है। यदि सरकार करों में बड़ी कटौती करे या उत्पाद शुल्क घटाए तो राजस्व पर सीधा असर पड़ेगा। अनुमानतः एक प्रतिशत उत्पाद शुल्क में कमी से ही हजारों करोड़ रुपये का वार्षिक नुकसान हो सकता है, जो पहले से दबाव में चल रहे राजकोष के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। यदि एयरलाइंस को पूरी छूट दी जाती है कि वे टिकट कीमतें बढ़ाएं, तो 'हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा कर सके' यह सपना टूट जाएगा। पिछले एक दशक में मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोग बड़ी संख्या में उड़ान भरने लगे हैं। किराये में तीव्र वृद्धि इस सामाजिक-आर्थिक बदलाव को उलट सकती है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के किराए के अलग-अलग मूल्य निर्धारण तर्कसंगत होने के बावजूद मौजूदा संकट में जब एयरलाइंस समान मूल्य निर्धारण या अधिक लचीलापन चाहती हैं, ताकि घाटे की भरपाई हो सके तो इस पर सोचना चाहिए। घाटे की भरपाई के लिए एयरलाइंस यात्रियों की सुविधाओं में कटौती करेंगी या सुरक्षा से समझौता करेंगी, यह आशंका सैद्धांतिक रूप से मौजूद है, पर व्यवहार में सुरक्षा मानकों को ढीला करना संभव नहीं, क्योंकि विमानन कंपनियां अंतर्राष्ट्रीय नियमों और भारत के डीजीसीए के सख्त नियंत्रण में है। कंपनियां सेवाओं जैसे भोजन, बैगेज या लाउंज सुविधाओं में कटौती कर सकती हैं। इस परिस्थिति में सरकार और उद्योग के बीच संतुलित दृष्टिकोण परम आवश्यक है। अल्पकाल में राज्य सरकारों द्वारा करों में अस्थायी कमी, केंद्र द्वारा सीमित उत्पाद शुल्क राहत और एयरलाइंस द्वारा आंशिक किराया समायोजन बढ़े बोझ को साझा कर सकते हैं। बाद में एटीएफ को जीएसटी के दायरे में लाकर कीमतों में स्थिरता लाई जा सकती है।

चुनावों के बाद कीमतों में वृद्धि वैश्विक तेल बाजार की दिशा पर निर्भर करेगा। यदि कच्चे तेल के दाम ऊंचे रहते हैं, तो ईंधन और किराए दोनों पर दबाव बना रहेगा। फिलहाल संकट केवल एयरलाइंस का नहीं, बल्कि पूरे आर्थिक तंत्र का है। ऐसे में समाधान भी एकतरफा नहीं, बल्कि साझेदारी में ही निकलेगा— ताकि उड़ानें भी जारी रहें और यात्रियों का भरोसा भी कायम रहे।

### प्रसंगवश

## शहरों का ढांचा बुनने वाले फिर भी हाशिए पर खड़े

भोर की पहली किरण जब शहर की नींद पर धीरे से दस्तक देती है, उसी समय किसी निर्माण स्थल पर हथौड़े की चोटें नए कल की नींव रखने लगती हैं। यह ध्वनि केवल पत्थर नहीं तराशती, बल्कि उस भविष्य को गढ़ती हैं, जिसे हम विकास के नाम से पहचानते हैं। धूल से सने, छालों से भरे ये हाथ ही वे अदृश्य निर्माता हैं, जिनकी मेहनत से कांच जैसी ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कों की रेखाएं और उड़ान भरते एयरपोर्ट खड़े होते हैं। सुबह पांच बजे चाय की भाप के बीच वे अपने बच्चों के सपनों को संवारते हैं, जबकि स्वयं शहर की रोशनी से दूर, तिरपाल के साए में रातें काटते हैं। उनकी थकान ही उनकी ताकत है— जीने की, बनाने की और टूटे सपनों को फिर से खड़ा करने की अदम्य जिद।

ये मजदूर जिसे हम 'अनस्किल्ड' कहकर खारिज करते हैं, दरअसल सबसे जरूरी स्किल रखते हैं— वो स्किल जो मशीनें अभी सीख नहीं पाईं। ये लोग बिना तकनीक के भी प्रकृति के संकेत पहचान लेते हैं, सीमित संसाधनों में समाधान खोज लेते हैं और छोटी-सी सजगता से बड़े जोखिम टाल देते हैं। शहरों की ऊंचाइयां इन्हीं के परिश्रम से आकार लेती हैं, फिर भी वे व्यवस्था के किनारों पर ही खड़े रह जाते हैं। कोई तपती सड़क पर डिलीवरी करता है, कोई आग की लपटों में वेल्डिंग कर भविष्य गढ़ता है, तो कोई दूसरों के घरों में सेवा देकर जीवन को सहारा देता है। उनकी पहचान फिर भी केवल 'मजदूर' तक सिमटी रहती है। वास्तव में वे समाज की रीढ़ हैं— जिनके बिना आधुनिकता का ढांचा ढह सकता है, और अगर ये हाथ थम जाएं तो स्मार्ट सिटी का सपना भी बिखर जाएगा।




कृति जैन
लेखिका


विकास की ऊंचाइयों पर खड़ा आज का भारत, उन्हीं श्रमिक हाथों की नींव पर टिका है, जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। हालिया आंकड़े बताते हैं कि अनौपचारिक क्षेत्र लगभग 12.81 करोड़ श्रमिकों को रोजगार देता है, जबकि निर्माण क्षेत्र में 90 प्रतिशत से अधिक कार्यबल असंगठित है। करीब 15 करोड़ प्रवासी मजदूर अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं और अनौपचारिक क्षेत्र कुल जीडीपी का लगभग 50 प्रतिशत योगदान करता है। ई-श्रम पोर्टल पर 31 करोड़ से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं। ये केवल आंकड़े नहीं, बल्कि उन अनगिनत कहानियों की गवाही हैं, जहां पेट भरने के लिए कोई बिहार से दिल्ली, कोई उत्तर प्रदेश से मुंबई पहुंचता है। उनकी निःशब्द मेहनत ही देश की प्रगति का असली आधार है।

मजदूरों का संघर्ष अब केवल वेतन या कार्य-घंटों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सम्मान, सुरक्षा और सुरक्षित भविष्य की लड़ाई बन चुका है। गिग अर्थव्यवस्था में काम करने वाले लाखों युवा तपती धूप और ठंडी रातों में सेवाएं देते हैं, फिर भी उन्हें पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलती। महिलाएं घरेलू कार्य से लेकर निर्माण स्थलों तक अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, लेकिन समान अवसर और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अभी भी गंभीर कमी है।

हमें ऐसे समाज की आवश्यकता है, जहां मेहनत को किसी वर्ग या दर्जे से नहीं, बल्कि उसके वास्तविक मूल्य और गरिमा के आधार पर देखा जाए। जहां कोई बच्चा अपने पिता को मजदूर कहकर शर्मिंदा न हो, बल्कि पूरे गर्व से उनका सम्मान करे। नीतियां ऐसी हों कि एआई मजदूरों का सशक्त सहायक बने, उन्हें ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण, वास्तविक समय सुरक्षा निगरानी और न्यायसंगत आय की सुनिश्चितता दे। निर्माण स्थलों पर एआई-सहायता प्राप्त आधुनिक उपकरण श्रम का बोझ भले हल्का करें, लेकिन आत्मसम्मान और गौरव को कभी कम न करें। जब तक उनकी मुस्कान विकास की मुख्यधारा का हिस्सा नहीं बनती, तब तक हर उपलब्धि अधूरी ही रहेगी। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता से हो रहा है याददाश्त का क्षरण






डॉ. शिवम् भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर


तकनीक ने मनुष्य को तमाम सहूलियतें दी हैं और धीरे-धीरे उसे अपने ऊपर निर्भर भी बनाया है। पहिए से लेकर इंटरनेट तक हर आविष्कार ने श्रम घटाया, गति बढ़ाई और जीवन को सरल बनाया। यही उसकी उपलब्धि है, लेकिन जब सुविधा, क्षमता का विस्तार करने के बजाय उसका विकल्प बनने लगे, तब वही प्रगति एक अनचाहे संकट का रूप भी लेने लगती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के तेज़ी से बढ़ते उपयोग के बीच यह प्रश्न अब टालना कठिन है- क्या हम सुविधा के बदले अपनी सोचने की आदत छोड़ते जा रहे हैं?

बहुत समय नहीं बीता, जब फोन नंबर याद रखना सामान्य जीवन-कौशल था। मोबाइल ने यह जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली और स्मरण-शक्ति का वह अभ्यास धीरे-धीरे समाप्त हो गया। यह परिवर्तन उपयोगी था, लेकिन इसके साथ एक मानसिक अनुशासन भी छूट गया। आज वही प्रक्रिया अधिक गहरे स्तर पर काम कर रही है। इस बार स्मृति नहीं, बल्कि समझ, तर्क और निर्णय की क्षमता प्रभावित हो रही है। दफ्तरों, विद्यालयों-विश्वविद्यालयों और निजी जीवन में एआई की उपस्थिति अब अपवाद नहीं, सामान्य स्थिति है। लेखन, अनुवाद, विश्लेषण और निर्णय-सहायता-मशीनें हर स्तर पर सक्रिय हैं। इससे कार्यकुशलता बढ़ी है, लेकिन उसी अनुपात में मनुष्य समस्या-समाधान की प्रक्रिया से बाहर होता जा रहा है। निष्कर्ष तक पहुंचना आसान हुआ है, निष्कर्ष तक पहुंचने की बौद्धिक यात्रा अनावश्यक लगने लगी है।

यहीं 'कॉग्निटिव ऑफलोडिंग' और 'कॉग्निटिव एट्रॉफी' की प्रक्रिया शुरू होती है। जब व्यक्ति लगातार मशीनों पर निर्भर रहता है, तो वह आलोचनात्मक सोच में कम श्रम लगाता है। धीरे-धीरे यह प्रवृत्ति आदत बन जाती है और आदतें ही अंततः बौद्धिक क्षमता की सीमा तय करती हैं। यह सुविधा नहीं, सोचने की जिम्मेदारी का क्रमिक स्थानांतरण है। यह बदलाव अमूर्त नहीं है बल्कि हमारी रोज़मर्रा की आदतों में दर्ज है। दिशा-निर्धारण के लिए जीपीएस पर निर्भरता ने स्थानिक स्मृति को कमजोर किया है। साधारण गणना के लिए कैलकुलेटर, सामान्य लेखन के लिए एआई और तमाम आसान-जटिल प्रश्नों के लिए तैयार उत्तर- ये सब मिलकर ऐसी मानसिक संरचना बना रहे हैं, जिसमें उत्तर मिल जाता है, पर उत्तर तक पहुंचने की प्रक्रिया छूट जाती है और जब प्रक्रिया छूटती है, तो केवल परिणाम नहीं, आत्मविश्वास भी मशीन के हवाले होने लगता है।

एआई के तेजी से बढ़ते उपयोग के बीच यह प्रश्न अब टालना कठिन है कि क्या हम सुविधा के बदले अपनी सोचने की आदत छोड़ते जा रहे हैं? अब निष्कर्ष तक पहुंचने की बौद्धिक यात्रा अनावश्यक लगने लगी है।

समस्या तकनीक में नहीं, उसके सामने आत्मसमर्पण में है। उपकरण तब तक उपयोगी हैं, जब तक वे मानव क्षमता को बढ़ाते हैं, जैसे ही वे उसका स्थान लेने लगते हैं, वे उसे निष्क्रिय करने लगते हैं। एआई का वास्तविक संकट इसी बिंदु पर है- वह सोचने की जगह उपलब्ध कराता है और मनुष्य धीरे-धीरे उस स्थान को खाली छोड़ने लगता है। सोचना केवल निष्कर्ष तक पहुंचना नहीं है। यह वह प्रक्रिया है जो विवेक, तर्क और निर्णय-क्षमता को गढ़ती है। कठिन प्रश्नों से जूझना, असहमति को समझना और त्रुटियों से सीखना— यही बौद्धिक परिपक्वता का आधार है। यदि यह पूरा श्रम मशीनों को सौंप दिया जाए, तो परिणाम तो मिल सकता है, पर वह क्षमता नहीं बनती जो जटिल परिस्थितियों में मार्गदर्शन करती है।

एआई की सीमाएं इस जोखिम को और गंभीर बनाती हैं। यह उपलब्ध डेटा और पैटर्न पर आधारित है, जिनमें पूर्वाग्रह और त्रुटियां निहित हो सकती हैं। इसके बावजूद यह अपने उत्तरों को जिस आत्मविश्वास से प्रस्तुत करता है, वह भ्रम पैदा कर सकता है। यदि उपयोगकर्ता के पास स्वतंत्र समझ नहीं है, तो वह सही और गलत के बीच अंतर नहीं कर पाएगा। इस बिंदु पर सुविधा निर्भरता में बदल जाती है और निर्भरता निर्णय-असमर्थता में।


एआई के लाभ स्पष्ट हैं- उत्पादकता में वृद्धि, ज्ञान तक आसान पहुंच और जटिल कार्यों का सरलीकरण, लेकिन स्पष्टता ही पर्याप्त नहीं होती, विवेक भी चाहिए। प्रश्न तकनीक का नहीं, उसके उपयोग का है। क्या वह मनुष्य को अधिक सक्षम बना रही है, या अधिक आश्रित? यहीं से संस्थानों की जिम्मेदारी शुरू होती है। शिक्षा-प्रणाली यदि केवल परिणाम देने वाली तकनीकों को बढ़ावा देगी, तो वह सोचने की प्रक्रिया को हाशिए पर धकेल देगी। कार्य स्थल यदि केवल गति को महत्व देंगे, तो विश्लेषण और विवेक कमजोर होंगे और यदि नीति-निर्माता इस बदलाव को केवल नवाचार के उत्सव के रूप में देखेंगे, तो उसके सामाजिक परिणाम अनदेखे रह जाएंगे।

इसलिए एक स्पष्ट बौद्धिक अनुशासन आवश्यक है- पहले तर्क, फिर तकनीक; पहले विश्लेषण, फिर स्वचालन; पहले सत्यापन, फिर प्रसार। तकनीक सहायक हो सकती है, लेकिन समझ का विकल्प नहीं। अंततः यह प्रश्न व्यक्तिगत भी है और सामूहिक भी। क्या हम सुविधा के कारण अपनी बौद्धिक जिम्मेदारी से बच रहे हैं? यदि ऐसा है, तो यह आदत नहीं, बौद्धिक चरित्र का परिवर्तन है। तकनीक का विस्तार अनिवार्य है, लेकिन विचारों का संकुचन नहीं। यदि सुविधा सोच का स्थान लेने लगे, तो यह प्रगति नहीं— विवेक की आउटसोर्सिंग है।

अब चुनौती केवल संतुलन की नहीं, सजगता की है। एआई के साथ हमारा संबंध यह तय करेगा कि वह हमारी क्षमताओं का विस्तार बनेगा या उनका विकल्प। आवश्यक है कि निर्णय की अंतिम जिम्मेदारी मनुष्य के पास ही रहे- जहां तर्क, अनुभव और नैतिक विवेक मिलकर दिशा तय करते हैं। यदि यह केंद्र कमजोर पड़ता है, तो तकनीक की दक्षता भी हमें सही मार्ग नहीं दे पाएगी। जरूरी है कि मनुष्य तकनीक का उपयोग करे, पर उसके आगे न झुके, क्योंकि जिस दिन विचार का श्रम अनावश्यक लगने लगेगा, उसी दिन विवेक भी अनावश्यक प्रतीत होगा और जब विवेक ही हाशिए पर चला जाए, तो प्रगति का कोई भी दावा अंततः खोखला रह जाएगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



दिल्ली में बिहार का युवक मारा गया है, कोई ऐसी बात होगी तो इसकी जांच की जाएगी। जांच के बाद अगर कोई दोषी होगा, तो उस पर आवश्यक कार्रवाई होगी। इसमें कौन बड़ी बात है, मार दिया तो मार दिया, कोई ऐसे ही जानबूझकर कोई किसी को नहीं मार देता है।

–जीतन राम मांझी
केंद्रीय मंत्री

दिल्ली में जो घटना हुई है, वो बहुत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। जीतन राम मांझी ने जो कहा है, जो बयान दिया, 'मार दिया तो मार दिया, मरते रहते हैं' हमने वो बयान देखा है। इस तरह का घटिया बयान देने के लिए जीतन राम मांझी को बिहार के लोगों से माफी मांगनी चाहिए।

–तेजस्वी यादव
राजद नेता



## 'आप' के लिए आत्ममंथन का समय




जयदेव राठी
अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट


आम आदमी पार्टी की बिखरती झाड़ू अब सिर्फ विपक्षी दलों को दोष देकर नहीं बांधी जा सकती। 24 अप्रैल 2026 को दिल्ली में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस ने पार्टी की आंतरिक स्थिति को पूरी तरह उजागर कर दिया। राघव चड्ढा के नेतृत्व में सात राज्यसभा सांसदों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया और भाजपा में विलय की घोषणा कर दी। यह विद्रोह कोई अचानक घटना नहीं है। यह लंबे समय से चली आ रही आंतरिक कलह, सिद्धांतों से समझौते और एक व्यक्ति केंद्रित सत्ता की परिणति है।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और केजरीवाल ने इसे 'पंजाब के स्वाभिमान पर चोट' और 'गद्दारी' करार दिया है, लेकिन सच्चाई यह है कि समस्या बाहरी नहीं, बल्कि पार्टी के अंदरूनी ढांचे में गहरी जड़ें जमाए हुए है। केजरीवाल को अब विपक्ष को कोसने के बजाय अपने अंदर झांकना चाहिए। वह पार्टी जो 2012 में अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से निकली थी, आज उसी भ्रष्टाचार के आरोपों में घिर गई है, जिसके खिलाफ उसने जन-आंदोलन छेड़ा था। सादगी, पारदर्शिता और आम आदमी के सिद्धांतों पर पार्टी बनी थी।

सात सांसदों के इस्तीफे के पीछे के कारण स्पष्ट हैं। राघव चड्ढा को हाल ही में राज्यसभा में डिप्टी लीडर के पद से हटा दिया गया था। उन्होंने पार्टी पर आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार अब 'अनचेक' हो गया है और व्यक्तिगत स्वार्थ हावी है। स्वाति मालीवाल, जो दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रहीं और केजरीवाल की करीबी मानी जाती थीं, ने भी 'अनचेक भ्रष्टाचार' का सीधा जिक्र किया। इससे पहले उन्होंने केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार पर हमले का आरोप लगाकर पार्टी की छवि को झटका दिया था।

पिछले कुछ सालों में आम आदमी पार्टी से जिस तरह लोग गए हैं, अब उस पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। पार्टी के लिए यह आत्ममंथन का समय है।

हरभजन सिंह, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, राजिंदर गुप्ता और विक्रम साहनी, सभी ने सामूहिक रूप से यही कहा कि पार्टी मूल मिशन से भटक गई है। यह पहला विद्रोह नहीं है। आप की स्थापना के बाद से ही सिद्धांतों की हत्या, आंतरिक लोकतंत्र की कमी और केजरीवाल की तानाशाही शैली के आरोप लगते रहे हैं। 2014 में ही पार्टी के संस्थापक सदस्य शाजिया इल्मी ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने खुलकर कहा कि पार्टी में 'आंतरिक लोकतंत्र की कमी' है, फैसले एक छोटे समूह द्वारा लिए जा रहे हैं और आलोचना को दबाया जा रहा है। इल्मी, जो पार्टी की शुरुआती चेहरा और प्रवक्ता थीं, बाद में भाजपा में शामिल हो गईं। उसी समय कैप्टन जीआर गोपीनाथ जैसे अन्य संस्थापक सदस्य भी निराश होकर चले गए और उन्होंने पार्टी की रणनीतियों पर सवाल उठाए।

2015 में पार्टी को सबसे बड़ा झटका लगा जब दो संस्थापक सदस्य योगेंद्र यादव और प्रशांत भूषण को 'गंभीर अनुशासनहीनता और एंटी-पार्टी गतिविधि' के आरोप में निष्कासित कर दिया गया। यादव और भूषण ने केजरीवाल पर एकतरफा फैसले लेने, आंतरिक लोकतंत्र की हत्या और टिकट वितरण में भाई-भतीजावाद का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि 'आप अब एक खाप पंचायत की तरह चल रही है, जहां एक छोटा समूह और तानाशाह सारे सपनों को तोड़ रहा है।' उनके साथ आनंद कुमार और अजीत झा को भी बाहर कर दिया गया। 2017-18 का दौर आया, जब एक के बाद एक विद्रोह हुए। कुमार विश्वास, 2018 के आसपास पार्टी से दूरी बनाने लगे। उन्होंने पारदर्शिता की कमी, खासकर राज्यसभा नामांकनों में अनियमितताओं का आरोप लगाया और कहा कि नेतृत्व अब सिद्धांतों से समझौता कर रहा है। 2018 में ही पत्रकार से राजनेता बने अशुतोष ने इस्तीफा दे दिया। उसी साल अलका लांबा को पार्टी ने इस्तीफा देने को कहा। लांबा ने इसे 'एंटी-पार्टी एक्टिविटी' करार दिया। बाद में अल्का लांबा कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गईं। कपिल मिश्रा, जो केजरीवाल सरकार में मंत्री थे, 2017 में ही बागी हो गए। उन्होंने केजरीवाल पर भ्रष्टाचार का सीधा आरोप लगाया। कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन से करोड़ों रुपये नकद लेने का दावा किया। मिश्रा को कैबिनेट से हटा दिया गया और बाद में वे 2019 में भाजपा में शामिल हो गए।

एचएस फूलका, अशोक खेतान और कई अन्य दिल्ली इकाई के नेता भी इसी दौर में चले गए, आंतरिक लोकतंत्र की कमी और व्यक्तिगत स्वार्थ को वजह बताते हुए। आप पार्टी छोड़ चुके, नवीन जयहिंद ने भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। पंजाब में भी 2022 विधानसभा चुनाव से पहले कम से कम 11 विधायकों ने या तो इस्तीफा दे दिया या अयोग्य ठहराए गए। हर बार असहमति को 'गद्दारी' या 'विपक्षी साजिश' बताकर दबाया गया, लेकिन समस्या जड़ में थी- केजरीवाल की एकल सत्ता और फैसलों की एकतरफा प्रक्रिया।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## नाव वाली निन्ह

निन्ह-बिन्ह में हमारी नाव की चालक एक बालिका थी। वैसे चेहरे और बनावट से वियतनाम की अधिकांश महिलाएं बालिका ही लगती हैं। नदी किनारे से बीच में आते ही वह पांव से नाव चलाने लगी। पहले तो हमें लगा कि हमें प्रभावित करने के लिए करतब दिखा रही है, लेकिन आसपास देखा तो सभी नाविक पांव से ही नाव चला रहे थे।




अनूप शुक्ल
लेखक


बालिका ने टूटी-फूटी अंग्रेजी में बताया कि आने-जाने का छह किलोमीटर का रास्ता है, नदी में नाव चलाने का। दो घंटे लगातार पांव से नाव चलाती रही। बताया- 'यहां ऐसे ही चलाते हैं नाव। एक्सरसाइज हो जाती है। थक जाने पर कभी-कभी हाथ से भी चप्पू चला लेते हैं।'

बातचीत शुरू होने पर अपने बारे में उसने विस्तार से बताया। नाम जितनी बार बताया हमने उतनी बार जो समझा वह सही नहीं था। हारकर हम मोबाइल की शरण में गए। उसने अपने मोबाइल में लिखकर अपना नाम बताया- Linh. इसके बाद पूरी नाव चलाने के दौरान बातचीत होती रही। बातचीत में भाषा बाधा आने पर वह मुंह से मोबाइल में बोलकर उसको हमारे सामने कर देती। उसमें उसकी कहीं बात अंग्रेजी में अनुवादित होकर हमारे सामने आ जाती।

Linh ने बताया कि वह बारह साल की उम्र से नाव चला रही है। अठारह साल हो गए नदी में नाव चलाते हुए। इस बीच स्कूल की पढ़ाई भी पूरी की उसने। पति उसका एक रेस्टोरेंट में सफाई का काम करता है। दो बच्चे हैं एक चार साल का दूसरा दो साल का। पति-पत्नी दोनों काम करते हैं तो घर में बच्चों की देखभाल Linh की सास करती हैं। माता-पिता गांव वाले घर में रहते हैं। दोनों कढ़ाई और वाशिंग का काम करते हैं। पिता की उमर 65 साल की है।

Linh से बातचीत करके पता चला कि निन्ह-बिन्ह में क़रीब 1500 नाव चलती हैं। प्रतिदिन दो से तीन फेरे लग जाते हैं नाव के। बरसात में भी लोग आते रहते हैं। नाव उसकी अपनी ख़ुद की है। हमने पूछा- 'कितने की ली नाव?' उसने अपने हाथ बड़ा करके और मुंह पूरा खोलकर बताया- 'बहुत मंहगी है नाव।' हमने भी आगे नहीं पूछा।

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वियतनाम में महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी दुनिया में सबसे अधिक दरों में से एक है, जो लगभग 68% से 75% के बीच है। 15 वर्ष से अधिक आयु की लगभग 70% से अधिक वियतनामी महिलाएं आर्थिक रूप से सक्रिय हैं।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## भारत-न्यूजीलैंड समझौता नए अवसरों का नया युग

भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) केवल एक आर्थिक करार नहीं है, बल्कि यह दोनों देशों के बीच गहरे होते भरोसे, सहयोग और भविष्य की साझा संभावनाओं का प्रतीक भी है। इस समझौते के जरिए न सिर्फ व्यापारिक रिश्तों को नई गति मिलेगी, बल्कि किसानों, व्यापारियों, छात्रों और नौकरीपेशा युवाओं के लिए भी नए दरवाजे खुलेंगे। यह डील ऐसे समय में सामने आई है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था कई चुनौतियों से गुजर रही है और देशों के बीच मजबूत साझेदारी की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है।

इस समझौते पर भारत की ओर से वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले ने हस्ताक्षर किए, जबकि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने इसे दोनों देशों के लिए ऐतिहासिक बताया। यह समझौता अब न्यूजीलैंड की संसद में अनुमोदन के बाद पूरी तरह लागू होगा, लेकिन इसके संभावित प्रभाव अभी से चर्चा का केंद्र बन चुके हैं।




कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार


एफटीए के तहत न्यूजीलैंड भारतीय निर्यात पर लगभग सभी टैरिफ समाप्त कर देगा, जिससे भारतीय उत्पाद वहां सस्ते और अधिक प्रतिस्पर्धी बन जाएंगे। इसके जवाब में भारत भी न्यूजीलैंड से आने वाले लगभग 95 प्रतिशत उत्पादों पर शुल्क में भारी कमी करेगा। इस तरह यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार को संतुलित और व्यापक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले पांच वर्षों में दोनों देशों ने व्यापार को पांच अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, जो वर्तमान स्तर की तुलना में एक बड़ा उछाल होगा।

इस समझौते का सबसे बड़ा लाभ भारत के उन क्षेत्रों को मिलेगा जो निर्यात पर निर्भर हैं। रेडीमेड गारमेंट्स, चमड़ा, जूते, समुद्री उत्पाद, आभूषण, इंजीनियरिंग सामान और हस्तशिल्प जैसे सेक्टर न्यूजीलैंड के बाजार में बिना शुल्क के प्रवेश कर सकेंगे। इससे भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ेगी और देश के एमएसएमई सेक्टर को मजबूती मिलेगी। छोटे और मध्यम उद्योग, जो अक्सर वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाते हैं, उन्हें इस डील के जरिए अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी पहचान बनाने का मौका मिलेगा।

किसानों के लिए भी यह समझौता राहत लेकर आया है, हालांकि भारत ने डेयरी, कॉफी, मसाले, खाद्य तेल और कुछ अन्य संवेदनशील कृषि उत्पादों को इस समझौते से बाहर रखा है, ताकि घरेलू किसानों को नुकसान न हो। यह एक संतुलित रणनीति है, जिससे जहां एक ओर व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर किसानों के हितों की भी रक्षा होगी। दूसरी तरफ, भारत को न्यूजीलैंड से लकड़ी, कोकिंग कोल और धातु स्क्रैप जैसे औद्योगिक कच्चे माल पर ड्यूटी-फ्री पहुंच मिलेगी। इससे भारतीय उद्योगों की उत्पादन लागत कम होगी और विनिर्माण क्षेत्र को मजबूती मिलेगी।

यह समझौता केवल वस्तुओं के व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा क्षेत्र और मानव संसाधन के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देता है। भारतीय युवाओं के लिए यह एक बड़ा अवसर बनकर सामने आया है। इस डील के तहत हजारों भारतीय पेशेवरों को न्यूजीलैंड में काम करने के लिए अस्थायी वीजा मिलेगा। आईटी विशेषज्ञ, इंजीनियर, डॉक्टर, नर्स, योग प्रशिक्षक, शेफ और संगीत शिक्षक जैसे पेशों के लिए नए अवसर खुलेंगे। इससे न केवल युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय अनुभव मिलेगा, बल्कि भारत के सेवा क्षेत्र के निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## वर्ड स्मिथ

### Good शब्द की उत्पत्ति

‘Good’ शब्द की कहानी भाषा के विकास के साथ जुड़ी एक रोचक यात्रा है। आज हम जिस ‘good’ का इस्तेमाल ‘अच्छा’ या ‘उत्तम’ के अर्थ में करते हैं, उसकी जड़ें हजारों साल पुरानी हैं। यह शब्द सबसे पहले प्राचीन अंग्रेजी (Old English) में ‘god’ के रूप में प्रचलित था। उस समय इसका अर्थ सिर्फ ‘अच्छा’ नहीं, बल्कि ‘सही, नैतिक और उपयुक्त’ भी होता था।




‘god’ शब्द जर्मनिक भाषा परिवार से आया है, जिसमें जर्मन, डच और स्कैंडिनेवियाई भाषाएं शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि जर्मन भाषा में आज भी ‘gut’ शब्द इस्तेमाल होता है, जिसका अर्थ भी ‘अच्छा’ ही है। इससे पता चलता है कि ‘good’ का मूल अर्थ और भाव सदियों से लगभग एक जैसा ही बना हुआ है। समय के साथ जब अंग्रेजी भाषा में बदलाव आए खासकर मिडिल इंग्लिश (Middle English) के दौर में तो ‘god’ की स्पेलिंग बदलकर ‘good’ हो गई। इस दौरान उच्चारण में भी थोड़ा परिवर्तन आया, लेकिन अर्थ वही रहा। ‘Good’ शब्द का उपयोग धीरे-धीरे और व्यापक हो गया। यह सिर्फ किसी वस्तु या व्यक्ति की गुणवत्ता बताने के लिए ही नहीं, बल्कि भावनाओं, व्यवहार और नैतिकता को व्यक्त करने के लिए भी इस्तेमाल होने लगा। जैसे ‘good person’, ‘good work’ या ‘feel good’। इस तरह ‘good’ शब्द केवल एक साधारण विशेषण नहीं, बल्कि भाषा और संस्कृति के विकास की एक जीवंत मिसाल है, जो हमें यह दिखाता है कि शब्द समय के साथ बदलते हुए भी अपने मूल भाव को बनाए रखते हैं।

## नोटिस बोर्ड

### परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 4 मई

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने जून 2026 सत्रांत परीक्षा के लिए अहम तिथियां घोषित की हैं। क्षेत्रीय समन्वयक के अनुसार, सभी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को असाइनमेंट 2 मई तक अध्ययन केंद्रों पर जमा करने होंगे। परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया 5 अप्रैल से जारी है, जिसकी अंतिम तिथि 4 मई निर्धारित की गई है। अनुत्तीर्ण या अनुपस्थित छात्र भी इस अवधि में आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद फॉर्म भरने पर 1200 रुपये विलंब शुल्क लगेगा, जबकि परीक्षा शुल्क 150 रुपये प्रति प्रश्नपत्र तय किया गया है।

### रोजगार मेला का आयोजन



कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग की ओर से 5 मई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान श्रीनगर गढ़वाल में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला सुबह 11 बजे शुरू होगा। क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज मोटर्स समेत 10-12 कंपनियां शामिल होंगी। करीब 700-800 पदों पर भर्ती की संभावना है। हाईस्कूल से लेकर आईटीआई, डिप्लोमा और स्नातक योग्य अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हों।



# क्रिएटिव युवाओं के लिए सुनहरा भविष्य
# फैशन स्टाइलिंग

आज के दौर में फैशन केवल कपड़ों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह एक तेजी से बढ़ती हुई क्रिएटिव इंडस्ट्री बन चुका है, जहां स्टाइल, पर्सनालिटी और प्रेजेंटेशन का खास महत्व है। सोशल मीडिया, फिल्म इंडस्ट्री और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के बढ़ते प्रभाव ने फैशन स्टाइलिंग को एक ग्लैमरस और डिमांडिंग करियर बना दिया है। आपको नए-नए लुक्स एक्सपेरिमेंट करना, ट्रेंड्स को समझना और लोगों की पर्सनालिटी को बेहतर बनाना पसंद है, तो फैशन स्टाइलिंग कोर्स आपके लिए एक शानदार विकल्प साबित हो सकता है।



प्रियंका शुक्ला
फैशन एक्सपर्ट

### क्या है फैशन स्टाइलिंग

फैशन स्टाइलिंग एक ऐसी कला है, जिसमें किसी व्यक्ति, मॉडल, सेलिब्रिटी या ब्रांड के लिए परफेक्ट लुक तैयार किया जाता है। इसमें कपड़ों के साथ-साथ एक्सेसरीज, फुटवियर, हेयरस्टाइल और मेकअप का सही संयोजन शामिल होता है। एक स्टाइलिस्ट को यह समझना होता है कि किसी खास मौके, थीम या इवेंट के अनुसार कौन-सा लुक सबसे बेहतर रहेगा। आज के समय में फैशन स्टाइलिंग का उपयोग फिल्मों, टीवी शो, वेब सीरीज, फोटोशूट, फैशन शो और सोशल मीडिया कंटेंट में बड़े स्तर पर किया जाता है। यही कारण है कि इस फील्ड में प्रोफेशनल्स की मांग लगातार बढ़ रही है।

### क्या-क्या सिखाया जाता है कोर्स में

फैशन स्टाइलिंग कोर्स सिर्फ कपड़े चुनने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यक्ति की पूरी पर्सनालिटी को निखारने पर आधारित होता है। इस कोर्स में आपको कई महत्वपूर्ण स्किल्स सिखाई जाती हैं, जैसे-

- लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स और फोरकास्टिंग की समझ
- कलर थ्योरी और सही कलर कॉम्बिनेशन
- बॉडी टाइप और स्किन टोन के अनुसार स्टाइलिंग
- फोटोशूट, एड शूट और रैंप के लिए स्टाइलिंग टेक्निक्स
- एक्सेसरीज और लेयरिंग का सही उपयोग
- बेसिक मेकअप और हेयर स्टाइलिंग
- वार्डरोब मैनेजमेंट और ब्रांड स्टाइलिंग

इसके अलावा, कई इंस्टीट्यूट्स में इंडस्ट्री एक्सपोजर, इंटर्नशिप और लाइव प्रोजेक्ट्स भी करवाए जाते हैं, जिससे छात्रों को रियल वर्ल्ड का अनुभव मिलता है। भारत में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (NIFT), पर्ल एकेडमी और अन्य फैशन स्कूल्स इस कोर्स को प्रोफेशनल तरीके से सिखाते हैं।



### करियर ऑप्शन

फैशन स्टाइलिंग कोर्स करने के बाद आपके सामने करियर के कई रास्ते खुल जाते हैं। आप अपनी रुचि और स्किल्स के अनुसार अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर सकते हैं-

- पर्सनल स्टाइलिस्ट (सेलिब्रिटी या क्लाइंट के लिए)
- फैशन कंसल्टेंट
- फोटोशूट या एड फिल्म स्टाइलिस्ट
- टीवी और फिल्म इंडस्ट्री में कॉस्ट्यूम स्टाइलिस्ट
- ई-कॉमर्स या ब्रांड्स के लिए स्टाइलिंग एक्सपर्ट
- फैशन ब्लॉगर, कंटेंट क्रिएटर या इन्फ्लुएंसर
- आज इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स ने भी इस फील्ड में नए अवसर पैदा किए हैं, जहां आप अपनी पहचान खुद बना सकते हैं।

### जरूरी स्किल्स

सिर्फ कोर्स करना ही काफी नहीं होता, बल्कि इस इंडस्ट्री में सफल होने के लिए कुछ जरूरी स्किल्स भी चाहिए-

- क्रिएटिविटी और यूनिक सोच
- ट्रेंड्स को समझने और अपनाने की क्षमता
- कम्युनिकेशन और नेटवर्किंग स्किल्स
- टाइम मैनेजमेंट और प्रोजेक्ट हैंडलिंग
- डिटेल्स पर ध्यान देने की आदत



### सैलरी

फैशन स्टाइलिंग में शुरुआती सैलरी आमतौर पर 15,000 से 30,000 रुपये प्रति माह तक हो सकती है। जैसे-जैसे आपका अनुभव और पोर्टफोलियो मजबूत होता जाता है, आपकी कमाई भी तेजी से बढ़ती है। कुछ अनुभवी स्टाइलिस्ट्स लाखों रुपये तक कमा लेते हैं। फ्रीलांसिंग इस फील्ड का सबसे आकर्षक हिस्सा है, जहां आप एक प्रोजेक्ट के लिए हजारों से लेकर लाखों रुपये तक चार्ज कर सकते हैं। खासकर जब आप बड़े ब्रांड्स, इन्फ्लुएंसर्स या सेलिब्रिटीज के साथ काम करते हैं, तो आपकी कमाई कई गुना बढ़ सकती है।

फैशन स्टाइलिंग एक ऐसा करियर है, जो न सिर्फ क्रिएटिव संतुष्टि देता है, बल्कि आपको ग्लैमर और पहचान भी दिलाता है। अगर आपके अंदर फैशन के प्रति जुनून, नई चीजें सीखने की इच्छा और लोगों को स्टाइलिश बनाने का टैलेंट है, तो यह फील्ड आपके लिए बेहतरीन अवसरों से भरा हुआ है।

## किस्सा कैंपस का

### कॉलेज ने दी मुझे मेरी आवाज

1990-91 का वह दौर बदलाव का समय था। इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने के बाद जब मैंने कानपुर के प्रतिष्ठित पीपीएन महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया, तो मन में उत्साह भी था और थोड़ी घबराहट भी। अब तक की शिक्षा लड़कों के स्कूल में हुई थी, जहां एक अनुशासन की सीमा थी, लेकिन कॉलेज का पहला दिन एक पूरी तरह से अलग दुनिया का अहसास करा रहा था। जैसे ही मैंने कॉलेज के भारी गेट से अंदर कदम रखा, नजारा बिल्कुल नया था। पहली बार मैं एक ऐसी जगह था, जहां सह-शिक्षा (Co-education) थी। लड़कों और लड़कियों को एक साथ कैंपस में देखना और कॉलेज की वह बेफिक्र आज़ादी शुरुआत में थोड़ी अजीब लगी। ठीक 9:00 बजे मेरी पहली क्लास हिंदी की थी। वह 45 मिनट की क्लास आज भी याद है, जहां प्रोफेसर के शब्दों से ज्यादा मेरा ध्यान खिड़की के बाहर दिखते कॉलेज के विशाल मैदान और नई दुनिया पर था। माहौल का रंग और मन में उठती हलचल धीरे-धीरे मैं कॉलेज के माहौल में ढलने लगा।



अनूप अवस्थी
कानपुर

पढ़ाई के साथ-साथ फुर्सत के पलों में मेरा ठिकाना ‘छात्र संघ भवन’ बनने लगा। यहां बैठकर छात्रों की बातें सुनना और कैंपस की राजनीति को समझना मेरी दिनचर्या का हिस्सा हो गया, लेकिन इसी बीच मैंने कुछ ऐसा महसूस किया, जो मुझे भीतर तक खटकने लगा। कॉलेज के शांत और शैक्षिक माहौल में कुछ बाहरी तत्व और अराजक लड़के अनावश्यक हस्तक्षेप कर रहे थे। कैंपस में उनकी मौजूदगी और व्यवहार साधारण छात्रों के लिए असुविधाजनक था। वहीं से मेरे भीतर एक बदलाव आया। मैंने तय किया कि मैं केवल एक छात्र बनकर नहीं रहूंगा, बल्कि इस संस्थान की गरिमा की रक्षा करूंगा। मैंने मन बना लिया- मैं छात्र संघ का चुनाव लड़ूंगा। कॉलेज परिसर से असामाजिक तत्वों को बाहर करना और बाहरी लड़कों के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाना। जैसे-जैसे दिन बीते, मेरी इस मुहिम से अन्य छात्र भी जुड़ने लगे। दोस्तों का कारवां बढ़ता गया और मेरी पहचान एक जुझारू छात्र नेता के रूप में होने लगी।

मैंने छात्र संघ के उपाध्यक्ष पद के लिए ताल ठोंकी। चुनाव प्रचार का वह शोर, पोस्टर और साथियों का जोश अद्भुत था। जब परिणाम आए, तो मैं सफल नहीं हो पाया, लेकिन उस हार में भी एक बड़ी जीत छिपी थी। मेरी मुहिम ने कॉलेज प्रशासन और प्राचार्य एन. के. सक्सेना जी का ध्यान खींचा। सक्सेना जी ने मेरे विजन को समझा और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने में मेरा भरपूर सहयोग किया। परिणाम यह हुआ कि वह असामाजिक तत्व धीरे-धीरे कैंपस से गायब होने लगे। पीपीएन कॉलेज में बिताए वे तीन वर्ष महज किताबी शिक्षा के नहीं थे। उन तीन सालों ने मुझे सिखाया कि स्कूल और कॉलेज में बहुत बड़ा अंतर है। स्कूल आपको नियम सिखाता है, लेकिन कॉलेज आपको उन नियमों को लागू करना और समाज की विसंगतियों से लड़ना सिखाता है। 90 के दशक की वह यादें आज भी जहन में ताजा हैं। वह हिंदी की क्लास, छात्र संघ की सीढ़ियां और वह संकल्प जिसने मुझे एक साधारण छात्र से एक जिम्मेदार नागरिक और जनसेवक की राह पर आगे बढ़ाया। पीपीएन कॉलेज ने मुझे मेरी आवाज दी।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में न्यायमूर्ति लीसा गिल ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित किया गया था। राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने 25 अप्रैल को जस्टिस गिल को शपथ दिलाई। जस्टिस गिल ने जस्टिस धीरज सिंह ठाकुर की जगह ली है, जो 24 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए।
- हाल ही में भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता नई दिल्ली के भारत मंडपम में हस्ताक्षरित किया गया। इस समझौते पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री माननीय टॉड मैक्ले ने हस्ताक्षर किए। इस समझौते को दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम के रूप में देखा जा सकता है। इसका उद्देश्य व्यापार बाधाओं को दूर करना, बाजार तक पहुंच में सुधार करना और दीर्घकालिक आर्थिक अवसर पैदा करना है।
- हाल ही में भारत ने एक बड़े आर्थिक बदलाव की तैयारी शुरू कर दी है, क्योंकि नीति आयोग ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के लिए एक नई दो-चरणों वाली रणनीति पेश की है। डीपीआई का यह नया चरण 2047 तक देश को $30 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखता है। इस रोडमैप का शीर्षक ‘DPI@2047: The Roadmap to Prosperity’ है, जो यह बताता है कि कैसे डिजिटल सिस्टम अलग-अलग क्षेत्रों में समावेशी विकास, इनोवेशन और उत्पादकता को बढ़ावा देंगे। इस विजन का लक्ष्य प्रति व्यक्ति आय को $18,000 तक पहुंचाना भी है, जो बड़े पैमाने पर आर्थिक सशक्तिकरण का संकेत देता है।
- हाल ही में भारत के क्रिकेट दिग्गज विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में 9000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने यह उपलब्धि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए मैच के दौरान हासिल की।

## जॉब अलर्ट

### भारतीय रिजर्व बैंक सेवा बोर्ड

- पद का नाम-ग्रेड ‘B’ (DR) में अधिकारी (परिवीक्षा पर) – सामान्य / DEPR / DSIM कैडर
- सेवा-सामान्य कैडर / DEPR कैडर / DSIM कैडर
- कुल रिक्तियां-60 (PwBD पदों सहित)
- वेतनमान -शुरुआती मूल वेतन 78,450/- प्रति माह, 78450-4050(9)-114900-EB-4050(2)-123000-4650(4)-141600 (16 वर्ष) के वेतनमान में, सकल परिलब्धियां लगभग 1,54,936/- प्रति माह (HRA के बिना)
- वेबसाइट -www.rbi.org.in

### LIC Housing Finance Limited

- पद का नाम-जूनियर असिस्टेंट
- कुल रिक्तियां-180 पद
- रोजगार का प्रकार-नियमित / स्थायी राष्ट्रीयता भारतीय
- आवेदन की अंतिम तिथि-30 अप्रैल 2026
- वेबसाइट-www.lichousing.com

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

- पद का नाम- अप्रेंटिस (अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के तहत नियुक्ति) विभाग मानव संसाधन वर्टिकल, जनशक्ति नियोजन और भर्ती प्रभाग
- कुल पद-1865 (जिसमें 98 PWD शामिल हैं) वजीफा Rs. 15,000/- (ग्रामीण/अर्ध-शहरी) | Rs. 18,000/- (शहरी) | Rs. 20,000/- (मेट्रो) प्रति माह
- प्रशिक्षण की अवधि-अनुबंध की तारीख से एक वर्ष
- आवेदन का तरीका- केवल ऑनलाइन (BFSI SSC पोर्टल के माध्यम से)
- चयन का तरीका- ऑनलाइन परीक्षा (100 अंक, 60 मिनट) + स्थानीय भाषा की प्रवीणता परीक्षा
- वेबसाइट- www.unionbankofindia.co.in

### PGIMER चंडीगढ़

- पद-सीनियर रेजिडेंट, सीनियर मेडिकल ऑफिसर, सीनियर/जूनियर डेमोंस्ट्रेटर
- कुल पद-134 पद (PGIMER में 119 + संगरूर में 15)
- आवेदन करने की अंतिम तारीख-11 मई 2026
- CBT की तारीख-22 मई 2026
- वेबसाइट-www.pgimer.edu.in

# स्कूल की चौखट पर खड़ा बाजार, भीतर सिमटती शिक्षा

निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी पुस्तकों के अनुपालन का सवाल अब महज पाठ्य सामग्री का विवाद नहीं रहा, बल्कि यह देश की शिक्षा व्यवस्था के चरित्र की परीक्षा बन चुका है। जब एक ओर कानून स्पष्ट दिशा देता हो और दूसरी ओर संस्थान स्वार्थवश उससे भटकें, तो यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि नैतिक विचलन का संकेत होता है। अप्रैल 2026 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा केंद्र, सीबीएसई और सभी राज्यों को जारी नोटिस ने इस विडंबना को उजागर किया है। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या शिक्षा का अधिकार कानून केवल औपचारिक घोषणा बनकर रह गया है या उसे लागू करने की प्रतिबद्धता ही क्षीण हो गई है। यह पूरा घटनाक्रम बताता है कि शिक्षा में समानता का मूल सिद्धांत निरंतर दबाव और उपेक्षा के बीच संघर्ष कर रहा है।



आर के जैन
प्रोफेसर

शिक्षा का अधिकार कानून 2009 की धारा 29 ने स्पष्ट रूप से यह प्रावधान किया था कि प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा 1 से 8) में पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों का निर्धारण एनसीईआरटी या संबंधित एससीईआरटी द्वारा किया जाएगा। इसी सोच के तहत एनसीईआरटी और एससीईआरटी को पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों के निर्धारण का अधिकार सौंपा गया। इन संस्थाओं द्वारा तैयार पुस्तकें न केवल शैक्षणिक रूप से संतुलित और विश्वसनीय होती हैं, बल्कि आम परिवारों के लिए किफायती भी रहती हैं। इसके विपरीत, निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें इस मूल उद्देश्य को कमजोर करती हैं। जब एक ही कक्षा की पुस्तकों पर हजारों रुपये खर्च होने लगें, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या शिक्षा अब अधिकार से ज्यादा एक लाभकारी व्यापार में बदलती जा रही है।

निजी विद्यालयों में महंगी पुस्तकों को अनिवार्य बनाना कोई आकस्मिक भूल नहीं, बल्कि एक सुव्यवस्थित आर्थिक तंत्र की ओर संकेत करता है। कई स्थानों पर स्कूल और प्रकाशक मिलकर ऐसा गठजोड़ रचते हैं, जिसमें शिक्षा का उद्देश्य पीछे छूट जाता है और मुनाफा केंद्र में आ जाता है। अभिभावकों को “उच्च गुणवत्ता” और “अधिक उपयोगी सामग्री” का हवाला देकर इन पुस्तकों को खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है, जबकि इन दावों की ठोस पुष्टि प्रायः नहीं होती। इस पूरी प्रक्रिया में अभिभावकों की विवशता का व्यवस्थित दोहन होता है और वे विरोध करने में असहाय महसूस करते हैं। ऐसी प्रवृत्ति शिक्षा के नैतिक आधार को कमजोर करती है और संस्थागत विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है।

सबसे चिंताजनक परिणाम एक तेजी से गहराते शिक्षा-विभाजन के रूप में सामने आता है। जहां सरकारी विद्यालयों के बच्चे सस्ती, मानकीकृत और समान पुस्तकों से पढ़ते हैं, वहीं निजी स्कूलों के छात्र महंगी और अलग सामग्री पर निर्भर होते हैं, जिससे उनके ज्ञान का आधार ही भिन्न बन जाता है। यही अंतर आगे चलकर अवसरों की खाई को और चौड़ा कर देता है। मध्यम और निम्न वर्गीय परिवार पहले से ही शिक्षा पर बढ़ते खर्चों का दबाव झेल रहे हैं, ऐसे में किताबों का अतिरिक्त आर्थिक बोझ उनके लिए बेहद असहनीय हो जाता है। यह स्थिति केवल आर्थिक असमानता को नहीं बढ़ाती, बल्कि समाज में गहराते असंतुलन और विभाजन को भी और मजबूत करती है।



इस पूरे परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की पहल एक महत्वपूर्ण और समयोचित हस्तक्षेप के रूप में सामने आती है, जिसने शिक्षा के अधिकार को मानवाधिकार के व्यापक दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता को और स्पष्ट किया है। अनावश्यक तथा भारी-भरकम पुस्तकों का बढ़ता बोझ बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, जो राष्ट्रीय स्कूल बैग पॉलिसी-2020 की मूल भावना के विपरीत है। यदि राज्य सरकारें और संबंधित संस्थाएं अब भी इस मुद्दे पर उदासीन बनी रहती हैं, तो यह केवल प्रशासनिक अक्षमता नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्वों की स्पष्ट उपेक्षा मानी जाएगी। इसलिए इस विषय को अब सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ठोस और प्रभावी कदम उठाना अनिवार्य हो गया है।

समान पाठ्य सामग्री सिर्फ शैक्षणिक जरूरत नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और अवसर की समानता का एक अहम स्तंभ है। अब सरकार और समाज दोनों के सामने यह स्पष्ट विकल्प है कि शिक्षा को बराबरी का सेतु बनाया जाए या उसे विभाजन की खाई में बदलने दिया जाए।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,496.36 | 24,177.65 |
| बढ़त | 609.45 | 181.95 |
| प्रतिशत में | 0.79 | 0.76 |

सोना 1,52,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,44,500 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, गुरुवार ,30 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### ओमेक्स समूह लखनऊ में शुरू करेगा नई आवासीय परियोजना

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी ओमेक्स समूह लखनऊ में एक नई आवासीय परियोजना के विकास के लिए 250 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वह अपने प्रीमियम आवासीय परियोजना 'ओमेक्स कैसिया' के विकास पर करीब 250 करोड़ रुपये निवेश करेगी। यह परियोजना लखनऊ के रायबरेली रोड स्थित 690 एकड़ के 'ओमेक्स मेट्रो सिटी' टाउनशिप का हिस्सा है। कंपनी के अनुसार, इस परियोजना की कुल 360 इकाइयों में से करीब 300 पहले ही बेची जा चुकी हैं। ओमेक्स समूह देश की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियों में से एक है।

### महिंद्रा लाइफस्पेस की बिक्री बुकिंग 21% बढ़ी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड की बिक्री बुकिंग वित्त वर्ष 2025-26 में 21 प्रतिशत बढ़कर 3,405 करोड़ रुपये हो गई। आवासीय परियोजनाओं की मजबूत मांग इसकी प्रमुख वजह रही। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की बिक्री बुकिंग (प्री-सेल्स) 2,804 करोड़ रुपये थी। कंपनी के आवासीय कारोबार में ग्राहकों से प्राप्त धनराशि 2025-26 में बढ़कर 2,107 करोड़ रुपये हो गई जबकि 2024-25 में यह 1,831 करोड़ रुपये थी।

### बागमाने प्राइम ऑफिस रीट के शेयर का मूल्य दायरा तय

**नई दिल्ली।** ब्लैकस्टोन समर्थित बागमाने प्राइम ऑफिस आरईआईटी रीट ने 3,405 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 95 से 100 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। बेंगलुरु स्थित इस रीट (रियल एस्टेट इनवेस्टमेंट ट्रस्ट) का सार्वजनिक निर्गम पांच मई को खुलेगा और सात मई को बंद होगा जबकि बड़े (एंकर) निवेशक चार मई को बोली लगा पाएंगे। प्रस्तावित आईपीओ 2,390 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और 1,015 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। आईपीओ के लिए 95 से 100 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है।

### फेडरल बैंक का शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के फेडरल बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 22 प्रतिशत बढ़कर 1,341 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 1,091 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। फेडरल बैंक ने बताया कि उसे आयकर रिफंड पर ब्याज के रूप में 456 करोड़ रुपये का एकमुश्त लाभ मिला है। इस पूरी रकम को उसने अलग प्रावधान मद में रख दिया है।

# गंगा एक्सप्रेस-वे से 12 जिलों में आर्थिक क्रांति की नींव

## मेरठ से प्रयागराज तक बनेगा एकीकृत आर्थिक नेटवर्क, मैन्युफैक्चरिंग, एग्री-बेस्ड इंडस्ट्री और टेक्सटाइल को मिलेगा बढ़ावा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** गंगा एक्सप्रेस-वे मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जैसे 12 जिलों को जोड़ते हुए व्यापक आर्थिक परिवर्तन की आधारशिला रख रहा है। अलग-अलग क्षेत्रों की आर्थिक विशेषताओं के अनुरूप नए अवसर उभर रहे हैं।

मेरठ-हापुड़ में मैन्युफैक्चरिंग और स्पोर्ट्स गुड्स, बुलंदशहर-अमरोहा में फूड प्रोसेसिंग व डेयरी, शाहजहांपुर-हरदोई में एग्री-बेस्ड इंडस्ट्री, उन्नाव-रायबरेली में टेक्सटाइल व एमएसएमई और प्रयागराज में लॉजिस्टिक्स व टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। इस तरह यह एक्सप्रेस-वे विभिन्न आर्थिक गतिविधियों को जोड़कर एक इंटरकनेक्टेड नेटवर्क तैयार करता है। गंगा एक्सप्रेस-वे को केवल सड़क परियोजना नहीं, बल्कि इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट कॉरिडोर के रूप में डिजाइन किया गया है। दो मुख्य टोल प्लाजा, 19 रैंप टोल, 9 जनसुविधा परिसर, 960 मीटर लंबे गंगा ब्रिज और 720 मीटर रामगंगा ब्रिज जैसी संरचनाएं इसे मजबूत बनाती हैं। 120 मीटर का राइट ऑफ वे भविष्य के विस्तार और औद्योगिक विकास के लिए पर्याप्त स्थान देता है।

- **दो मुख्य टोल प्लाजा, 19 रैंप टोल 9 जनसुविधा परिसर, 960 मीटर लंबे गंगा ब्रिज और 720 मीटर रामगंगा ब्रिज हैं इसकी मजबूती**




### मुख्यमंत्री योगी की प्रतिबद्धता और सक्रिय निगरानी रही निर्णायक

इस पूरे प्रोजेक्ट की गति बनाए रखने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सक्रिय निगरानी और प्रतिबद्धता निर्णायक रही। उन्होंने नियमित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठकों के माध्यम से हर चरण की प्रगति पर नजर रखी, जबकि उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) की सक्रिय भूमिका ने जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को गति दी। ड्रोन सर्वे, डिजिटल ट्रैकिंग और रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग से कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की गई। परिणामस्वरूप, यह मेगा प्रोजेक्ट न केवल चुनौतियों को पार करता हुआ आगे बढ़ा, बल्कि तय समयसीमा में पूरा होकर प्रभावी प्रशासन और मजबूत नेतृत्व का उदाहरण भी बना।

### गाड़ियां ही नहीं, दौड़ेंगे सपने और अवसर

गंगा एक्सप्रेस-वे सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के आर्थिक भविष्य की नई धुरी बनकर उभर रहा है। यहां अब केवल गाड़ियां ही नहीं, बल्कि निवेश, उद्योग, सपने और अवसर भी दौड़ेंगे। यह प्रोजेक्ट पश्चिमी यूपी की औद्योगिक क्षमता को पूर्वांचल के कृषि और श्रम आधारित क्षेत्रों से जोड़ता है। इससे उत्पादन, आपूर्ति और बाजार के बीच दूरी कम होगी और प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

### वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की ओर ...

उत्तर प्रदेश के एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था लक्ष्य में यह एक्सप्रेस-वे 'इकोनॉमिक मल्टीप्लायर' की भूमिका निभाएगा। बेहतर कनेक्टिविटी से निवेश बढ़ेगा, उद्योग स्थापित होंगे, रोजगार सृजित होंगे और आय में वृद्धि होगी। इस तरह गंगा एक्सप्रेस-वे प्रदेश को इंफ्रास्ट्रक्चर-ड्रिवन ग्रोथ मॉडल की ओर ले जाकर आर्थिक नेतृत्व की नई दिशा देगा।

### निवेश का हाईवे, रोजगार का इंजन

एक्सप्रेस-वे के किनारे विकसित हो रहे इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक्स हब इसे निवेश का प्रमुख केंद्र बना रहे हैं। वेयरहाउसिंग, कोल्ड स्टोरेज, एमएसएमई, फूड प्रोसेसिंग और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग जैसे सेक्टर तेजी से विकसित होंगे। इससे लाखों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे और स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में अवसर मिलेंगे।

## भारत-केन्या ने की अपनी मुद्राओं में व्यापार पर चर्चा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अफ्रीका क्षेत्र में भारत के एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार के रूप में उभर रहे केन्या के साथ नैरोबी में हुई एक बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग की समीक्षा की है। दोनों देशों ने इसे और विस्तृत एवं मजबूत बनाने के अलावा अपनी मुद्राओं में व्यापार करने की संभावनाओं पर भी पर चर्चा की।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार भारत-केन्या संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की 27-28 अप्रैल को नैरोबी में हुई दसवीं बैठक में दोनों पक्षों ने स्थानीय मुद्राओं में व्यापार निपटान को बढ़ावा देने की संभावना को स्वीकार किया है। यह उल्लेख किया गया कि केन्याई बैंकों ने भारतीय बैंकों के साथ विशेष रुपये पर आधारित वोस्त्रो खाते (एसआरवीए) खोले हैं, और इस व्यवस्था का अधिक उपयोग द्विपक्षीय लेनदेन को सुगम बना सकता है।

# वाहन और दूरसंचार शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी, सेंसेक्स 609 अंक उछला

मुंबई,एजेंसी

एशियाई बाजारों में मजबूती और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, वाहन एवं दूरसंचार शेयरों में लिवाली के बीच बुधवार को घरेलू बाजार चढ़कर बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 609 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि एनएसई निफ्टी में 182 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 609.45 अंक यानी 0.79 फीसदी उछलकर 77,496.36 अंक अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,095.6 अंक तक चढ़ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 181.95 अंक यानी 0.76 प्रतिशत बढ़कर 24,177.65 अंक पर पहुंच गया।

प्रमुख वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी का शेयर सकारात्मक नतीजों के बाद 2.82 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में 14,679.5 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड वार्षिक शुद्ध लाभ दर्ज किया है।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का सूचकांक कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए।


ब्रेंट क्रूड 114.4 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया

**बढ़त के साथ बंद हुए शेयर :-** आईटीसी लिमिटेड, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और महिंद्रा एंड महिंद्रा।

**नुकसान में रहे शेयर :-** इंटरग्लोब एविएशन, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में गिरावट देखी गई।

### स्माल कैप 0.75% चढ़ा, मिडकैप 0.49% फिसला

छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.75 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.49 प्रतिशत की गिरावट आई। क्षेत्रवार सूचकांकों में दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) खंड में सर्वाधिक 1.57 प्रतिशत की तेजी रही जबकि रियल्टी खंड में 1.42 प्रतिशत, दूरसंचार खंड में 1.28 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 1.14 प्रतिशत की बढ़त रही।

- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 114.4 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 2,103.74 करोड़ की बिकवाली व घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1,712.01 करोड़ की खरीदारी की।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि बाजार में तेजी के पीछे तिमाही नतीजों से जुड़ी उम्मीद और चुनिंदा प्रमुख कंपनियों में खरीदारी प्रमुख कारण रहे। हालांकि कच्चे तेल के दाम 110 डॉलर प्रति बैरल के पार चले जाने से तेजी पर लगाम रही। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-कमजोर वैश्विक संकेतों और कच्चे तेल के ऊंचे दाम के बावजूद निवेशकों ने गिरावट का फायदा उठाकर खरीदारी की।

## सोना 1,500 रुपये टूटा, चांदी में बढ़त

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमत में 1,500 रुपये की गिरावट आई और यह 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। यह गिरावट मुनाफावसूली के कारण हुई, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के बारे में फैसले से पहले कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमतों में मामूली बढ़त दर्ज की गई। यह 500 रुपये बढ़कर 2,44,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। 99.9 % शुद्धता वाला सोना 1,500 रुपये यानी एक प्रतिशत गिरकर 1,52,800 रुपये (सभी करों सहित) प्रति 10 ग्राम रह गया।

# प्राकृतिक आपदा में बैंक कर्जदारों को खुद दे सकेंगे राहत, आरबीआई ने दी मंजूरी

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत उपायों पर संशोधित दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि बैंक अब उधारकर्ताओं के अनुरोध का इंतजार किए बिना ही उन्हें राहत दे सकेंगे। नए नियम एक जुलाई, 2026 से लागू हो जाएंगे।

केंद्रीय बैंक ने अपने निर्देश में कहा है कि कर्जदाताओं को सभी पात्र उधारकर्ताओं को अपने स्तर पर ही राहत देने की अनुमति होगी। हालांकि ग्राहक चाहें तो प्राकृतिक आपदा घोषित होने के 135 दिनों के भीतर इससे बाहर निकल सकते हैं।




नए दिशा-निर्देश वाणिज्यिक बैंकों, लघु वित्त बैंकों, सहकारी बैंकों, एनबीएफसी और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों पर लागू होंगे।

आरबीआई के मुताबिक, आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बैंक अस्थायी परिसरों से शाखाएं चला सकेंगे और सैटेलाइट ऑफिस, एक्सटेंशन काउंटर या मोबाइल बैंकिंग के जरिए सेवाएं बहाल कर सकेंगे। एटीएम सेवाओं को जल्द चालू करने और नकदी जरूरतों के लिए वैकल्पिक इंतजाम करने के भी निर्देश दिए गए हैं। बैंक अपने विवेक से एक वर्ष तक शुल्क और अन्य मदों में छूट या कटौती कर सकते हैं।

राहत केवल उन खातों को मिलेगी जो स्टैंडर्ड श्रेणी में हैं और आपदा के समय 30 दिन से अधिक बकाया में नहीं थे।आरबीआई ने यह भी कहा कि अगर आपदा के बाद कोई खाता गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) हो जाता है, तो समाधान योजना लागू होने पर उसे फिर से 'स्टैंडर्ड' श्रेणी में अद्यतन किया जा सकेगा।

## टाटा मोटर्स ने एक वर्ष में दाखिल किए 144 पेटेंट आवेदन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 में 144 पेटेंट आवेदन दाखिल किए। यह एक वर्ष में अब तक की सर्वाधिक संख्या है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि ये आवेदन वाहन सुरक्षा को अच्छा बनाने, विश्वसनीयता बढ़ाने, ग्राहकों की कुल लागत को कम करने और यात्रियों के आराम को बेहतर बनाने जैसे रणनीतिक लक्ष्यों के अनुरूप हैं। टाटा मोटर्स के उपाध्यक्ष एवं इंजीनियरिंग प्रमुख अनिरुद्ध कुलकर्णी ने कहा कि 2025-26 में दाखिल पेटेंट आवेदनों की रिकॉर्ड संख्या हमारी इंजीनियरिंग टीम के जुनून, रचनात्मकता और तकनीकी उत्कृष्टता का प्रमाण है। आगे भी हम अपनी क्षमताओं का उपयोग ग्राहकों, समाज और देश के दीर्घकालिक हितों के लिए करते रहेंगे।

## सरकार ने हब-एंड-स्पोक मॉडल पर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के संचालन का एसओपी जारी किया

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** नागर विमानन मंत्रालय ने विमानों के संचालन का हब-एंड-स्पोक (एचएंडएस) मॉडल लागू करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है, जिससे यात्रियों के लिए घरेलू से अंतरराष्ट्रीय यात्रा के बीच जुड़ना अधिक सुगम होगा। एचएंडएस मॉडल के तहत छोटे हवाई अड्डों यानी स्पोक से यात्री बड़े हवाईअड्डों यानी हब के जरिए अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों तक पहुंच सकेंगे। सूत्रों ने कहा कि एयर इंडिया जून से इस विमानन मॉडल पर आधारित परीक्षण शुरू कर सकती है। एक सूत्र ने बताया कि एक जून से वाराणसी से इस मॉडल के तहत उड़ानों का परीक्षण शुरू हो सकता है, जिसमें यात्री पहले दिल्ली और फिर वहां से लंदन के लिए उड़ान भरेंगे। मंत्रालय की तरफ से 27 अप्रैल को जारी एसओपी के अनुसार, यात्रियों का आव्रजन और सीमा शुल्क मंजूरी यात्रा की शुरुआत वाले हवाई अड्डे और अंतिम गंतव्य पर होगा जबकि हब एयरपोर्ट पर उनका सामान बाहर निकाले बगैर सीधे अगली उड़ान में भेज दिया जाएगा।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम

# बंगाल चुनावः भांगर में मतदान के दौरान तनाव आईएसएफ ने धमकाने के लगाए आरोप

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में बुधवार को दूसरे चरण के मतदान के दौरान दक्षिण 24 परगना के भांगर और उसके आसपास के इलाकों में तनाव का माहौल रहा, जहां इंडियन सेक्युलर फ्रंट(आईएसएफ) ने तृणमूल कांग्रेस पर मतदान एजेंटों को डराने और मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान जारी रहने के बीच, कम से कम सात विधानसभा क्षेत्रों में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों को तैनात किया गया है।

पुलिस ने 26 अप्रैल को भांगर में तृणमूल कार्यकर्ता बताये जा रहे एक व्यक्ति के घर से देसी बम बरामद किए थे। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर एनआईए ने राज्य में 79 देसी बमों की बरामदगी की जांच के लिए मामला दर्ज किया। भांगर और कैनिंग पूर्व क्षेत्र के कई इलाकों से सुबह से ही अशांति की खबरें आ रही थीं। संवेदनशील क्षेत्रों में केंद्रीय बलों, राज्य पुलिस और एनआईए टीम की तैनाती की गई।


अभिनेता प्रोसेनजीत चटर्जी (दाएं) और उनके बेटे त्रिशांजीत मतदान करने के बाद।

### आरजी कर पीड़िता की मां का तृणमूल ने किया विरोध

कोलकाता। पानीहाटी सीट से भाजपा उम्मीदवार एवं आरजी कर बलात्कार-हत्या मामले की पीड़िता की मां रत्ना देवनाथ को उत्तर 24 परगना जिले में स्थित एक मतदान केंद्र पर जाने के दौरान तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। देवनाथ ने आरोप लगाया कि मतदाताओं को प्रभावित करने के आरोप को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ हुई बहस के बाद सत्तारूढ़ दल के समर्थकों ने उन्हें बूथ परिसर से बाहर निकलने से रोक दिया।, केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों ने उन्हें वहां से निकलने में मदद की। उन्होंने केंद्रीय बलों से उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया।

## तृणमूल सांसद ने केंद्रीय बलों पर लगाया नागरिकों पर लाठीचार्ज का आरोप

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष ने बुधवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान दक्षिण 24 परगना जिले में एक मतदान केंद्र के पास केंद्रीय सुरक्षा बलों ने महिलाओं और एक बच्चे सहित नागरिकों पर लाठीचार्ज किया। घोष ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में सुरक्षा बलों पर अविश्वसनीय हिंसा का आरोप लगाया। दावा किया कि महिलाओं पर लाठीचार्ज करने के बाद अर्धसैनिक बल के जवानों ने एक बच्चे को घायल कर दिया। घोष ने कहा कि यह अस्वीकार्य है। निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयास के आरोपों के बाद सुरक्षा बलों ने फाल्टा के बेलसिंह इलाके में एक बूथ के बाहर एक समूह पर लाठीचार्ज किया, जिसमें पुरुष और महिलाएं शामिल थीं।

## कैमरे की नजर में पश्चिम बंगाल चुनाव

बुधवार को पश्चिम बंगाल चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का मतदान हुआ। देखिए झलकियां....


कोलकाता में अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में एक बूथ का निरीक्षण करने पहुंचीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।


कोलकाता के भवानीपुर में एक बूथ पर भाजपा प्रत्याशी शुभेंदु अधिकारी।


मतदान के बाद उंगली पर स्याही का चिह्न दिखाती महिला।


सेंट मैरी चर्च एंड स्कूल के बूथ पर मतदान को पहुंची मिशनरीज ऑफ चैरिटी की नन, उनकी जांच करते केंद्रीय बल के जवान।


मतदान के लिए ला मार्टिनियर स्कूल फॉर बॉयज़ के मतदान केंद्र पर कतार में खड़े इस्कॉन के साधुओं की जांच करता जवान।


एक मतदान केंद्र पर वोट डालकर बाहर आती वृद्ध महिला।

सभी फोटो : शुभंकर चक्रवर्ती

### इन क्षेत्रों में दोबारा होगा मतदानः मुख्य निर्वाचन अधिकारी

कोलकाता,एजेंसी। पश्चिम बंगाल के सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि राज्य के उन क्षेत्रों में दोबारा मतदान कराया जाएगा, जहाँ से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के साथ छेड़छाड़ की रिपोर्टें मिली हैं। कहा कि जहाँ कहीं भी मशीन के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आई हैं, चाहे वह टेप चिपकाकर की गई हो या किसी अन्य तरीके से, हम वहां फिर से मतदान करवाएंगे।

## एक ही क्षेत्र में पहुंचे ममता-शुभेंदु अधिकारी, कसे तंज

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी बुधवार सुबह भवानीपुर के चक्रबेड़िया स्थित एक ही मतदान केंद्र से संबंधित क्षेत्र में पहुंचे और बिना किसी सीधे संवाद या औपचारिक अभिवादन के एक-दूसरे पर तंज कसते नजर आए। यह स्थिति मुख्यमंत्री के राजनीतिक गढ़ में जारी प्रतिष्ठा की लड़ाई को रेखांकित करती है। बनर्जी चक्रबेड़िया के वार्ड नंबर 70 में स्थानीय तृणमूल नेताओं को कथित तौर पर डराने-धमकाने की शिकायत मिलने के बाद मतदान केंद्र के बाहर बैठी हुई थीं, तभी अधिकारी भी वहां पहुंचे। हालांकि, दोनों आमने-सामने नहीं आए। बनर्जी जब पार्टी कार्यालय के बरामदे में बैठी थीं, तभी अधिकारी केंद्रीय बलों के कर्मियों की एक बड़ी टुकड़ी के साथ ठीक सामने वाली सड़क पर पहुंचे और मुख्यमंत्री पर हमला बोलते हुए दावा किया कि उन्हें (ममता बनर्जी) को एहसास हो गया है कि 'एक भी वोट' उनके पक्ष में नहीं आ रहा है। बनर्जी भाजपा पर केंद्रीय बलों, पुलिस पर्यवेक्षकों और चुनाव अधिकारियों के जरिए चुनाव में धांधली करने की कोशिश करने का आरोप लगाया जबकि अधिकारी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे हताशा का संकेत बताया।



## बंगाल चुनाव में केंद्रीय बल भाजपा की मदद कर रहेः ममता बनर्जी

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि विधानसभा चुनावों के लिए तैनात केंद्रीय बल भाजपा के पक्ष में काम कर रहे हैं और दावा किया कि राज्य में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से नहीं कराए जा रहे हैं। भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के मित्रा इंस्टीट्यूशन स्कूल में मतदान करने के बाद ममता बनर्जी ने केंद्रीय बलों पर तीखा हमला बोला। बनर्जी ने आरोप लगाया कि उनके पार्टी कार्यकर्ताओं और पोलिंग एजेंटों को डराया-धमकाया जा रहा है और उन्हें मतदान केंद्रों से बाहर निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बलों द्वारा किए जा रहे अत्याचार अभूतपूर्व हैं। जो कुछ हो रहा है वह किसी भी तरह से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव नहीं है।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि केंद्रीय बलों को उनके संवैधानिक कर्तव्य निभाने के बजाय पक्षपातपूर्ण राजनीतिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा का नाम लिए बिना कहा कि केंद्रीय बलों को देश की सीमाओं की रक्षा करनी चाहिए, लेकिन इसके बजाय वे एक विशेष पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। बनर्जी ने दावा किया कि तृणमूल कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है। बनर्जी ने आरोप लगाया कि उन्होंने हमारे कई कार्यकर्ताओं पर हमला किया है और हमारे मतदान एजेंटों को बूथ छोड़ने के लिए मजबूर किया है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इससे पहले भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का दौरा किया था, जिनमें चेतला, पद्मपुकुर और चक्रबेरिया इलाके शामिल हैं। यह दौरा स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेताओं से कथित धमकी और अनियमितताओं की शिकायतें मिलने के बाद किया गया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### जवाबी कार्रवाई: ब्रिटेन ने रूसी राजनयिक को निष्कासित किया

**लंदन।** ब्रिटेन ने मॉस्को द्वारा हाल में एक ब्रिटिश अधिकारी के निष्कासन और उसके बाद चलाए गए अभियान के जवाब में बुधवार को एक रूसी राजनयिक को निष्कासित कर दिया। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय ने कहा कि उसने रूसी राजदूत को लंदन स्थित अपने कार्यालय में तलब कर जवाबी कार्रवाई की जानकारी दी। इससे मॉस्को और पश्चिमी देशों के बीच बढ़ते तनाव का पता चलता है। विदेश कार्यालय ने कहा, यह व्यवहार पूरी तरह अस्वीकार्य है, और हम अपने राजनयिक कर्मचारियों के उत्पीड़न या उन्हें धमकी दिए जाने को बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह कदम तब उठाया गया जब पिछले महीने रूस ने जासूसी के आरोपों पर ब्रिटिश राजनयिक को निष्कासित कर दिया था।

### लंदन में यहूदियों पर चाकू से हमला आतंकी घटना : पुलिस

**लंदन।** लंदन पुलिस ने यहूदियों की बड़ी आबादी वाले एक इलाके में बुधवार को समुदाय से जुड़े दो पुरुषों पर चाकू से किए गए हमले को आतंकवादी घटना करार दिया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि हमारे यहूदी समुदाय पर हमले ब्रिटेन पर हमले के समान हैं। लंदन पुलिस ने कहा कि इस बात की जांच की जा रही है कि क्या बुधवार के हमले में विशेष रूप से यहूदी समुदाय को निशाना बनाया गया। पुलिस ने बताया कि गोल्डर्स ग्रीन इलाके में 34 साल और 76 साल के दो यहूदी पुरुष चाकू से किए गए हमले में घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, संदेह के आधार पर 45 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

### श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति पर अदालत में चलेगा अभियोग

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और उनके सचिव समन एकनायके पर 1.66 करोड़ श्रीलंकाई रुपये के सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले में अभियोग चलाया जाएगा। पूर्व राष्ट्रपति और एकनायके पर आरोप है कि वर्ष 2023 में विक्रमसिंघे की पत्नी के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए ब्रिटेन स्थित एक विश्वविद्यालय की यात्रा पर सरकारी धन खर्च किया गया था। विक्रमसिंघे ने 2022 से 2024 तक राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। उन्होंने तर्क दिया कि यह वॉल्वरहैम्प्टन विश्वविद्यालय का एक आधिकारिक निमंत्रण था।

# ईरान युद्ध में खुद ही चौतरफा घिरा अमेरिका, ट्रंप की बढ़ने लगीं मुश्किलें

## तय समयसीमा में युद्ध समाप्त न करने पर अमेरिकी कानून मांग सकता है जवाब

**कैनबरा, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने ईरान के खिलाफ जारी युद्ध को समाप्त करने की समयसीमा तेजी से नजदीक आ रही है। इस समयसीमा को पार करना अमेरिकी कानून का उल्लंघन माना जाएगा। लिहाजा इसके बाद ट्रंप की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। ट्रंप के लिए हालात इसलिए ज्यादा दुष्कर माने जा रहे हैं क्योंकि मध्यावधि चुनाव में केवल छह महीने शेष बचे हैं और कांग्रेस में उनका बहुमत भी बेहद कम है।

अमेरिकी कानून वॉर पावर्स रिजोल्यूशन 1973 के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति कांग्रेस की अनुमति के बिना 60 दिनों तक युद्ध छेड़ सकते हैं। इसके बाद कांग्रेस को युद्ध की मंजूरी देनी होती है वर्ना राष्ट्रपति को सैन्य कार्रवाई समाप्त करनी पड़ती है। फिलहाल अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम लागू है, लेकिन ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी बनाए रखने के लिए तैनात अमेरिकी नौसैनिक बलों और जहाजों पर यह कानून लागू होगा। ऐसे में इन सवालों का जवाब तलाश पाना मुश्किल साबित हो रहा है कि 60 दिनों की समयसीमा समाप्त होने के बाद भी ट्रंप पीछे हटने से इन्कार करते हैं तो क्या होगा। माना जा रहा है कि ईरान संघर्ष में यह कानून रिपब्लिकन सांसदों को इस युद्ध को समाप्त करने का माध्यम प्रदान कर सकता है। इस कानून की दो धाराओं के तहत युद्ध समाप्त करने की समयसीमा लागू होती है।


बुधवार को ट्रंप ने ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय के साथ राजकीय रात्रिभोज किया।

### अर्थव्यवस्था पर आंच... तेल महंगाई के कारण अमेरिकी शेयर बाजार गिरकर न्यूनतम स्तर पर

**वाशिंगटन।** ईरान के साथ चल रहे युद्ध के कारण तेल की कीमतों में आए एक और उछाल ने मंगलवार को अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट को रिकॉर्ड स्तर से नीचे धकेल दिया। शेयर बाजार सूचकांक 'एस एंड पी 500' अपने नवीनतम सर्वकालिक उच्च स्तर से 0.5 प्रतिशत गिर गया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज सूचकांक 25 अंक यानी 0.1 प्रतिशत लुढ़का, नैस्डैक कंपोजिट सूचकांक रिकॉर्ड स्तर से 0.9 प्रतिशत नीचे आ गया। जून अनुबंध के लिए ब्रेंट क्रूड तेल 2.8 प्रतिशत बढ़कर 111.26 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ, जबकि जुलाई अनुबंध में 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 104.40 डॉलर पर पहुंच गया। एएए रेटिंग के अनुसार, गैसोलिन की औसत कीमत बढ़कर 4.18 डॉलर गैलन हो गई है जो 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि गैस की ऊंची कीमतें अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती हैं और उपभोक्ता अपने खर्च में कटौती कर सकते हैं, जिससे समग्र जीडीपी वृद्धि को खतरा हो सकता है।

### रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ की होगी हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी में पेशी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को ईरान के खिलाफ युद्ध की शुरुआत के बाद पहली बार सांसदों के कड़े सवालों का सामना करना होगा। यह सुनवाई हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के समक्ष आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रशासन के 2027 के सैन्य बजट प्रस्ताव पर चर्चा होगी। यदि यह प्रस्ताव पारित हुआ तो सैन्य खर्च बढ़कर 1.5 ट्रिलियन डॉलर के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर पहुंच जाएगा। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद लगातार यह आरोप लगाते रहे हैं कि यह युद्ध कांग्रेस की मंजूरी के बिना शुरू किया गया था और कइयों ने इसे अनावश्यक बताते हुए इसकी आलोचना भी की है। उम्मीद जताई जा रही है कि हेगसेथ और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन अधिक ड्रोन, मिसाइल रक्षा प्रणाली और युद्धपोतों की आवश्यकता पर जोर देंगे। रक्षा मंत्री ने अब तक युद्ध के बारे में सांसदों के सार्वजनिक सवालों से दूरी बनाए रखी है, हालांकि उन्होंने केन के साथ मिलकर टेलीविजन पर ब्रीफिंग दी है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों द्वारा ईरान युद्ध की बढ़ती लागत, अमेरिकी गोला-बारूद की भारी कमी और एक स्कूल पर बमबारी जैसे मुद्दों को उठाने की संभावना है, जिसमें बच्चों की मौत हुई थी। इसके अलावा, कुछ सांसद सैन्य तैयारी पर भी सवाल उठा सकते हैं।

# ऐतिहासिक यात्रा पूरी करने के बाद प्रक्षेपण स्थल पर लौटा नासा का आर्टेमिस-2 यान

**केप केनवरल।** चार अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा के चारों ओर ले जाने वाला अंतरिक्ष यान उस स्थान पर वापस पहुंच गया है, जहां से उसकी यह ऐतिहासिक यात्रा शुरू हुई थी। नासा का आर्टेमिस-2 कैप्सूल मंगलवार को फ्लोरिडा स्थित कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र लौट आया, जहां से लगभग एक महीने पहले उसने आधी सदी से अधिक समय में मनुष्य की पहली चंद्र यात्रा के लिए उड़ान भरी थी।

ओरियन कैप्सूल 10 अप्रैल को प्रशांत महासागर में सफलतापूर्वक उतरा था, जिसके बाद उसे सैन डिएगो से ट्रक के जरिए केप केनवरल लाया गया। इंजीनियर अगले वर्ष आर्टेमिस-3 मिशन के दौरान पृथ्वी की कक्षा में यानों को जोड़ने (डॉकिंग) के परीक्षण की तैयारी के लिए कैप्सूल की हीट शील्ड सहित सभी प्रणालियों की विस्तार से जांच करेंगे।

कैप्सूल के इलेक्ट्रॉनिक बॉक्स हटाकर दोबारा उपयोग में लाए जाएंगे, साथ ही अनुसंधान उपकरण भी निकाले जाएंगे। अमेरिका-कनाडा के चालक दल द्वारा 'इंटीग्रिटी' नाम दिया गया यह कैप्सूल अंतरिक्ष यात्रियों को अब तक मानव द्वारा तय की गई सबसे अधिक दूरी तक अंतरिक्ष में ले गया।



### आर्टेमिस-3 : चंद्रमा पर 2028 में पड़ेंगे इंसानी कदम

आर्टेमिस-2 से पहले आखिरी बार 1972 में अंतरिक्ष यात्री अपोलो 17 मिशन में चंद्रमा तक गए थे। आर्टेमिस-3 के लिए नया कैप्सूल और नया चालक दल होगा। वे पृथ्वी की कक्षा में रहकर स्पेसएक्स और ब्लू ओरिजिन द्वारा विकसित किए जा रहे चंद्र लैंडर के साथ डॉकिंग अभ्यास करेंगे। इसके बाद 2028 तक दो नए अंतरिक्ष यात्रियों के चंद्रमा पर उतरने का मार्ग प्रशस्त होगा।

### फिलिस्तीन के पूर्व राजदूत को लेबनान ने हिरासत में लिया

**बेरुत।** लेबनान प्रशासन ने फिलिस्तीन के पूर्व राजदूत को उसके देश में पहुंचने के कुछ ही देर बाद भ्रष्टाचार के आरोप में हिरासत में ले लिया।

अधिकारियों ने बताया कि पूर्व राजदूत अशरफ डब्बूर को मंगलवार देर रात बेरूत के रफिक हरीरी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया गया। इन अधिकारियों में दो न्यायिक क्षेत्र एवं सुरक्षा क्षेत्र के अधिकारी हैं तथा उन्होंने पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी।

# केजरीवाल को आबकारी मामले में जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका

- बरी किए जाने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई 4 मई को
- जस्टिस स्वर्णकांता के कोर्ट में पेश न होने का कर चुके हैं एलान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति मामले में पूर्व दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य को बरी करने संबंधी अधीनस्थ अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के लिए चार मई की तारीख निर्धारित की है। आम आदमी पार्टी के नेता न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा के समक्ष चल रही सुनवाई में शामिल न होने का एलान कर चुके हैं। जस्टिस स्वर्णकांता ने उन्हें अपना जवाब दाखिल करने का अंतिम अवसर दिया है।

न्यायमूर्ति शर्मा ने 20 अप्रैल को मामले से खुद को अलग करने संबंधी केजरीवाल और सिसोदिया की याचिकाओं को खारिज कर दिया था जिसके बाद दोनों नेताओं ने इस सप्ताह की शुरुआत में न्यायमूर्ति शर्मा को एक पत्र लिखकर कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से या किसी वकील के माध्यम से उनके समक्ष पेश नहीं होंगे। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि अदालत को अब तक अधीनस्थ अदालत के सभी रिकॉर्ड प्राप्त नहीं हुए हैं जिनमें अधीनस्थ अदालत द्वारा पारित पिछले कुछ आदेश भी शामिल हैं और उन्होंने सीबीआई की याचिका पर सुनवाई चार मई तक के लिए स्थगित कर दी।

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि हम रिकॉर्ड मंगवाएंगे और सोमवार से सुनवाई शुरू करेंगे। इसके साथ निर्देश दिया कि रिकॉर्ड कल तक मंगवा लिया जाए। अदालत ने यह भी गौर किया कि कई पक्षों ने अपने-अपने जवाब दाखिल कर दिए हैं लेकिन बरी किए गए कुछ आरोपियों ने अब तक ऐसा नहीं किया है। अदालत ने कहा, उन्हें जवाब दाखिल करने का एक और आखिरी मौका दिया जा रहा है।

### टिप्पणी हटाने की ईडी की याचिका पर भी सुनवाई

अदालत ने ईडी की उस याचिका पर सुनवाई के लिए भी चार मई की तारीख तय की है जिसमें अधीनस्थ अदालत के फैसले में ईडी के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणियों को हटाने का अनुरोध किया गया है। अधीनस्थ अदालत ने 27 फरवरी को केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य को आबकारी नीति मामले में बरी कर दिया और अपने फैसले में कहा कि यह मामला न्यायिक जांच में पूरी तरह से खरा नहीं उतरता और पूरी तरह से निराधार है।

# अमेरिकी सैनिकों का अरब सागर में वाणिज्यिक जहाज पर हमला

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी मरीन सैनिकों ने इस शक के कारण अरब सागर में एक वाणिज्यिक जहाज पर धावा बोल दिया कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नाकाबंदी तोड़कर ईरान जा रहा था। एम/वी ब्लू स्टार 3 नाम के इस जहाज की तलाशी ली गई और बाद में यह पुष्टि होने के बाद उसे छोड़ दिया गया कि वह किसी ईरानी बंदरगाह की ओर नहीं जा रहा था।

अमेरिकी सेंट्रल कमान ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि सुबह अरब सागर में अमेरिकी मरीन सैनिकों ने एम/वी ब्लू स्टार 3 नामक एक वाणिज्यिक जहाज पर धावा बोल कर कार्रवाई की। सैनिकों ने जहाज की तलाशी लेने और इस बात की पुष्टि होने पर कि जहाज किसी ईरानी बंदरगाह पर नहीं रुकेगा, उसे जाने दिया। समुद्री यातायात निगरानी वेबसाइट के अनुसार एम/वी ब्लू स्टार 3 कोमोरोस के ध्वज के तहत चलने वाला एक कंटेनर जहाज है और यह ओमान के सोहार बंदरगाह की ओर जा रहा था। सेंट्रल कमान ने बताया कि नाकाबंदी का पालन सुनिश्चित करने के लिए 39 जहाजों का मार्ग बदला गया है। ईरान के खिलाफ 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल युद्ध शुरू होने के बाद से होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर जहाजों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित हुआ है और लंबे समय तक आर्थिक नुकसान की आशंका बढ़ गई है।इस नाकाबंदी के कारण क्षेत्र के विभिन्न बंदरगाहों पर कई जहाज लंगर डाले हुए हैं।



- ईरान की ओर जाने का था शक पुष्टि न होने के बाद छोड़ा

### नाकेबंदी पर भड़का ईरान, कहा- समुद्री डकैतों जैसा रवैया दिखा रहा अमेरिका

**न्यूयॉर्क।** ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका की कड़ी आलोचना करते हुए अमेरिका पर समुद्री डकैती को अंजाम देने और खास समुद्री क्षेत्र को बंधक बनाने का आरोप लगाया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावनी ने होर्मुज में ईरान के अपने कदमों का बचाव करते हुए कहा कि अमेरिकी नीतियां अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कर रही हैं। जलमार्गों की सुरक्षा और संरक्षण पर सुरक्षा परिषद की एक खुली बहस में इरावनी ने अमेरिकी नीति के खिलाफ ईरान के कड़े रुख को स्पष्ट किया। उन्होंने हालिया अमेरिकी कार्रवाइयों को अंतरराष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय स्थिरता पर सीधा हमला बताते हुए घोषणा की कि अमेरिका समुद्री डकैतों और आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहा है। ईरानी राजदूत ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने 28 फरवरी से ईरान के खिलाफ एक गैरकानूनी समुद्री नाकाबंदी लागू कर दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में ईरानी वाणिज्यिक जहाजों को जब्त किया और चालक दल के सदस्यों को हिरासत में लिया, जो अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत समुद्री डकैती है।

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में की अमेरिका की आलोचना

# दिल्ली हाईकोर्ट: वर्चुअल सुनवाई के दौरान चले अश्लील वीडियो, रुकी कार्यवाही

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हो रही सुनवाई उस समय बाधित हो गई जब एक प्रतिभागी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अश्लील वीडियो चला दिया। ऐसा ही वाकया कुछ और अदालतों में भी हुआ। सिर्फ मुख्य न्यायाधीश की अदालत में ही इस कारण तीन बार कार्यवाही बाधित हुई।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ के समक्ष इस घटना का उल्लेख करते हुए घटना की रिकॉर्डिंग के प्रसारण को रोकने के लिए कार्रवाई की मांग की। चेतन शर्मा ने कहा कि इस तरह की घटनाएं न्यायालय की पवित्रता और समग्र सत्यनिष्ठा को नुकसान पहुंचाती हैं। उन्होंने कहा, मुझे पता चला है कि दोपहर के भोजन से पहले के सत्र में एक नहीं बल्कि कई अदालतों में इस तरह की असहज करने वाली एक या उससे ज्यादा घटनाएं हुई हैं।

मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय ने कहा कि इस मामले में रजिस्ट्रार जनरल को प्रशासनिक रूप से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उच्च न्यायालय के नियमों के तहत अदालती कार्यवाही की रिकॉर्डिंग प्रतिबंधित है और यदि कोई अनधिकृत सामग्री प्रसारित हो रही है, तो अधिकारी उसका पता लगाएंगे। मुख्य न्यायाधीश की अदालत में एक प्रतिभागी के अश्लील वीडियो चलाने से वर्चुअल कार्यवाही दोपहर के भोजन से पहले के सत्र में तीन बार बाधित हुई। इसी बीच, पीछे से एक आवाज आई कि मीटिंग हैक हो गई है। इस ऑडियो में कहा जा रहा है, मीटिंग तुरंत बंद करें। आप हैक हो गए हैं। मीटिंग बंद करें। मीटिंग अभी खत्म नहीं हुई है। प्रत्येक घटना के बाद वर्चुअल मीटिंग कुछ समय के लिए रोक दी गई।




- मुख्य न्यायाधीश ने दिए रिकॉर्डिंग का प्रसारण रोकने के निर्देश

### बाली में एयर इंडिया के पायलट की दिल का दौरा पड़ने से मौत


**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के एक पायलट की बुधवार को इंडोनेशिया के बाली में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। वह वहां विश्राम अवकाश पर थे।

एयरलाइन के एक अधिकारी के अनुसार, 40 वर्षीय यह फर्स्ट ऑफिसर मंगलवार को दिल्ली से बाली की उड़ान लेकर वहां पहुंचे थे। वह बाली में चालक दल के निर्धारित विश्राम पर थे, तभी उन्होंने अपने होटल में बेचैनी और अस्वस्थता की शिकायत की। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां पता चला कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा है। चिकित्सा दल के प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। बताया गया कि पायलट ने कुछ महीने पहले ही सभी अनिवार्य चिकित्सा जांच करवाई थीं।

# नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड के दोषी की जमानत मंजूर

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2013 में महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति (एमएएनएस) के संस्थापक नरेंद्र दाभोलकर की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए शरद कलस्कर की जमानत याचिका बुधवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति अजय गडकरी और न्यायमूर्ति आरआर भोंसले की पीठ ने यह याचिका स्वीकार की।

इससे पहले विशेष अदालत ने 10 मई 2024 को कलस्कर को सजा सुनाई थी। कलस्कर ने इसे चुनौती दी थी और अपील पर अंतिम सुनवाई होने तक अंतरिम जमानत की मांग की थी। दाभोलकर ने अंधविश्वासों, पाखंडी बाबाओं, तांत्रिकों के खिलाफ मुहिम छेड़ी थी। इसके कारण उन्हें दक्षिणपंथी संगठनों के गुस्से का सामना करना पड़ा था। बीस अगस्त 2013 को पुणे में सुबह की सैर के दौरान उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी हत्या तर्कवादियों की हाईप्रोफाइल हत्याओं की श्रृंखला में पहली वारदात थी, जिसमें फरवरी 2015 में कोल्हापुर में गोविंद पानसरे, अगस्त 2015 में धारवाड़ में कन्नड़ विद्वान एमएम कलबुर्गी और सितंबर 2017 में बेंगलुरु में पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या शामिल है।



- बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला, विशेष अदालत सुना चुकी है सजा

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज तकनीकी कार्यों में बड़ी सफलता मिलेगी। गैजेट्स पर धन खर्च हो सकता है। किसी उलझे हुए मामले में मध्यस्थता करनी पड़ सकती है।

**तुला** – आज का दिन व्यापार में साझदारी के लिए निर्णायक साबित होगा। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा।

**वृष** – आज पुराने कर्जों को चुकाने के लिए का दिन सही है। विदेश से जुड़े कार्यों में गति आएगी। घर में किसी मांगलिक आयोजन की चर्चा होगी।

**वृश्चिक** – आज कानूनी अड़चनें दूर होंगी। व्यर्थ की चिंता छोड़कर काम पर ध्यान केंद्रित करें। नौकरी में सहकर्मियों का व्यवहार सहयोगात्मक रहेगा।

**मिथुन** – आज आपकी कल्पना शक्ति बढ़ी रहेगी। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचें। संतान की सेहत में सुधार होगा।

**धनु** – आज प्रेम संबंधों में नया मोड़ आएगा। छात्रों को किसी प्रतियोगिता में सफलता मिल सकती है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**कर्क** – आज करियर में बड़ा बदलाव कर सकते हैं। पैतृक संपत्ति से लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी ईमानदारी सम्मान दिलाएगी।

**मकर** – आज प्रॉपर्टी के क्रय-विक्रय से बड़ा मुनाफा होगा। सुख-साधनों में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में पदोन्नति मिल सकती है।

**सिंह** – आज आप दूसरों की मदद के लिए आगे आएंगे। यात्रा से व्यापारिक लाभ के योग हैं। मार्केटिंग के लोगों को बड़ा टार्गेट मिल सकता है।


**कुंभ** – आज साहस और पराक्रम के बल पर कठिन लक्ष्य हासिल करेंगे। संचार माध्यमों से कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है।

**कन्या** – आज गुप्त धन या बीमा से लाभ होने की संभावना है। किसी पुरानी कड़वाहट को भुलाकर नए सिरे से रिश्तों की शुरुआत करेंगे।

**मीन** – आज बैंक और फाइनेंस से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। घर में किसी अतिथि का आगमन हो सकता है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 30 अप्रैल, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 21.12 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**दिशाशूल**-दक्षिण, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-चित्रा 1 मई 02.16 तक तत्पश्चात स्वाती।

### सुडोकू - 134 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 3 | 6 | 2 | 5 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 6 | 5 | 1 | 9 | 4 |
| 4 | 8 | 1 | 2 | 7 | 9 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 2 |
| 7 | 4 | 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 9 | 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 |

### सुडोकू -135

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 3 | | | 8 | |
| 4 | | | | | | 6 | | |
| 5 | | 2 | | | 1 | | 3 | |
| | | 1 | | | | | 6 | |
| | | 3 | | | | 7 | | |
| | 6 | | 2 | 7 | | 1 | | |
| | 4 | 5 | 8 | | | | | |
| | | 9 | | | | | | 6 |
| | 2 | 7 | | | | | 1 | |

# नफरती भाषणों से निपटने को वर्तमान कानून पर्याप्त, दखल की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कहा- कोर्ट खुद कानून नहीं बना सकता न बनाने को कह सकता है

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नफरत फैलाने वाले भाषणों के मुद्दे से निपटने के लिए मौजूदा कानून पर्याप्त हैं और इसीलिए इसमें हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने नफरती भाषण से संबंधित याचिकाओं पर फैसले में कहा कि यह कहना सही नहीं है कि नफरती भाषण से निपटने के लिए कोई कानून नहीं है।

पीठ ने कहा कि उभरती सामाजिक चुनौतियों के आलोक में नए कानून बनाना या पुराने कानूनों में बदलाव करना केंद्र और विधायिका पर निर्भर है। पीठ ने कहा कि वे चाहें तो विधि आयोग की मार्च 2017 की 267वीं रिपोर्ट में दिए गए सुझावों के तहत संशोधन करने पर भी विचार कर सकते हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने फैसला सुनाते हुए कहा, यद्यपि हम उस प्रकार के निर्देश जारी करने से इन्कार करते हैं, जिसका अनुरोध किया गया है लेकिन हम यह कहना उचित समझते हैं कि नफरत फैलाने वाले भाषण और अफवाह फैलाने से संबंधित मुद्दा भाईचारे, गरिमा और संवैधानिक व्यवस्था के संरक्षण से सीधे तौर पर जुड़ा है।

पीठ ने कहा कि अपराध तय करना और दंड का निर्धारण पूरी तरह से विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। पीठ ने कहा, इस न्यायालय के पूर्व निर्णयों से लगातार इसकी पुष्टि होती है कि यद्यपि संवैधानिक अदालतें कानून की व्याख्या कर सकती हैं और मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी कर सकती हैं, लेकिन वे कानून नहीं बना सकतीं या कानून बनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकतीं।

पीठ ने कहा कि आपराधिक कानून का मौजूदा ढांचा, जिसमें पूर्ववर्ती भारतीय दंड संहिता और संबंधित कानून शामिल हैं, शत्रुता को बढ़ावा देने, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने या शांति भंग करने वाले कृत्यों से पर्याप्त रूप से निपटता है।



# उत्तर भारत का नास्तिक सबरीमाला में प्रवेश का अधिकार कैसे मांग सकता है

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सबरीमाला मंदिर में महिलाओं से भेदभाव मामले में सुप्रीम टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सवाल किया कि उत्तर भारत का कोई नास्तिक व्यक्ति सबरीमाला मंदिर में प्रवेश के अधिकार का दावा कैसे कर सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि मंदिरों में प्रवेश के अधिकार पर फैसला करते हुए यह भी देखना होगा कि यह अधिकार कोई श्रद्धालु मांग रहा है या गैर श्रद्धालु। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी धार्मिक स्थलों पर महिलाओं से भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान की।

न्यायालय के 2018 के फैसले का समर्थन कर रहीं दो महिलाओं बिंदु अम्मिनी और कनकदुर्गा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने कहा कि याचिकाकर्ताओं में से एक अनुसूचित जाति की महिला है और उसे मंदिर जाने से रोकना संविधान के अनुच्छेद 17 (अस्पृश्यता उन्मूलन) का उल्लंघन होगा। सितंबर 2018 में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 4:1 के बहुमत से 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के सबरीमाला मंदिर में प्रवेश पर लगी रोक हटा दी थी और सदियों पुरानी इस प्रथा को अवैध और असंवैधानिक बताया था। जयसिंह ने कहा, आज हमें बताया जा रहा है कि जातिगत व्यवस्था से परे हिंदू सबरीमाला में प्रवेश कर सकते हैं, लेकिन महिलाएं नहीं।

पीठ ने कहा कि महिला को अनुसूचित जाति से होने के कारण नहीं रोका गया था, बल्कि इसलिए रोका गया क्योंकि वह 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की थी। जयसिंह ने कहा कि सबरीमाला में महिलाओं का बहिष्कार उनके जीवन के सबसे सृजनशील काल यानी 10 से 50 वर्ष की आयु के बीच लागू होता है। आप मुझे आधा जीवन जीने को नहीं कह सकते। इससे गंभीर पृथक्करण होगा। मंदिर में पूजा संविधान के अनुच्छेद 25(1) के तहत मौलिक अधिकार है। उन्होंने तर्क दिया कि 2018 का फैसला आने के बाद दोनों महिलाएं मंदिर गई थीं, लेकिन वे बाहर आईं तो कुछ संघ नेताओं ने शुद्धिकरण की बात की।



मुझे नहीं लगता कि हमें कोई खास रणनीतिक बदलाव करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि हम जिस तरह से खेल रहे हैं उससे हम काफी सहज हैं। जाहिर है क्रिकेट को किसी दूसरे ही अंदाज में खेलने को लेकर काफी चर्चा हो रही है।
–पार्थिव पटेल, गुजरात के सहायक कोच


# स्टेडियम

अयोध्या, गुरुवार ,30 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

गुजरात टाइटंस
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**समय** - शाम 7:30 बजे

# मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स को दिया 244 रनों का विशाल लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : रिकेल्टन (नाबाद 123) ने खेली मुंबई के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ पारी

**मुंबई, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन के तूफानी शतक और उनकी तीन अर्धशतकीय साझेदारियों से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट पर 243 रन बनाए। रिकेल्टन ने अपने करियर और मुंबई के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 55 गेंद में आठ छक्कों और 10 चौकों से नाबाद 123 रन बनाने के अलावा विल जैक्स (46) के साथ पहले विकेट के लिए 93, नमन धीर (22) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 और कप्तान हार्दिक पंड्या (31) के साथ चौथे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी भी की। सनराइजर्स की ओर से प्रफुल्ल हिंगे सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 54 रन देकर दो विकेट चटकाए जबकि इशान मलिंगा ने 29, नितीश कुमार रेड्डी ने 31 और साकिब हसन ने 39 रन देकर एक-एक विकेट हासिल किया। पंड्या ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कलाई में चोट के कारण क्विंटन डिकॉक के बाहर होने पर मुंबई ने जैक्स और रिकेल्टन को पारी का आगाज करने का मौका दिया और दोनों ने पावर प्ले में 78 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। रिकेल्टन ने हिंगे का स्वागत छक्के के साथ किया जबकि जैक्स ने इस तेज गेंदबाज पर लगातार दो चौके मारे। रिकेल्टन और जैक्स दोनों ने सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस पर भी दो-दो चौके मारे। जैक्स ने बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे पर दो छक्के और एक चौके से 16 रन बटोरे जबकि रिकेल्टन ने भी साकिब हुसैन पर दो छक्के और एक चौके से 18 रन जुटाए। कप्तान कमिंस ने इसके बाद गेंद नितीश कुमार रेड्डी को थमाई और उनकी पहली ही गेंद पर जैक्स ने विकेटकीपर इशान किशन को कैच थमा दिया। जैक्स ने 22 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। रिकेल्टन ने नितीश पर चौके के साथ आठवें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर अगली गेंद पर छक्के के साथ 23 गेंद में अर्धशतक जड़ा। सूर्यकुमार यादव (05) भी अगले ओवर में इशान मलिंगा की गेंद पर फाइन लेग पर अभिषेक शर्मा को कैच दे बैठे। लगातार ओवरों में विकेट गंवाने के बावजूद रिकेल्टन ने आक्रामक रुख जारी रखा। उन्होंने और नमन ने साकिब और कमिंस पर चौके मारे। रिकेल्टन ने दुबे पर लगातार दो छक्कों के साथ 12वें ओवर में टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। नमन हालांकि हिंगे की गेंद को हवा में लहराकर दुबे के हाथों लपके गए। रिकेल्टन ने नितीश की लगतार गेंदों पर चौके और छक्के के बाद एक रन के साथ 44 गेंद में अपना पहला आईपीएल शतक पूरा किया जो टीम की ओर से सबसे तेज शतक है। पंड्या ने भी हिंगे की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्के के साथ 16वें ओवर में टीम के रनों का दोहरा शतक पूरा किया लेकिन इसके बाद साकिब की गेंद पर लॉन्ग ऑफ पर हेनरिक क्लासेन को कैच दे बैठे। उन्होंने 15 गेंद का समना करते हुए दो छक्के और इतने ही चौके मारे।



शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते रेयान रिकेल्टन। एजेंसी

**मुंबई इंडियंस**

**243/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| विल जैक्स का इशान बो नितीश | 46 |
| रेयान रिकेल्टन नाबाद | 123 |
| सूर्यकुमार यादव अभिषेक बो मलिंगा | 05 |
| नमन धीर का दुबे बो हिंगे | 22 |
| हार्दिक पंड्या का क्लासेन बो साकिब | 31 |
| तिलक वर्मा का क्लासेन बो हिंगे | 07 |
| रोबिन मिंज नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त :** 08, विकेट पतन : 1-93, 2-110, 3-165, 4-221, 5-232

**गेंदबाजी :** कमिंस 4-0-39-0, हिंगे 4-0-54-2, मलिंगा 4-0-29-1, दुबे 3-0-50-0, साकिब 3-0-39-1, नितीश 2-0-31-1

**ऑरेंज कैप**



- वैभव सूर्यवंशी राजस्थान–400 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद –380 रन
- केएल राहुल दिल्ली–358 रन

**पर्पल कैप**



- इशान मलिंगा हैदराबाद–15 विकेट
- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु–14 विकेट
- जोफ्रा आर्चर राजस्थान–14 विकेट

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 8 | 6 | 1 | 1 | 13 | 1.043 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 8 | 6 | 2 | 0 | 12 | 1.919 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 0.617 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.815 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 | -0.475 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.121 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -1.060 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 8 | 2 | 5 | 1 | 5 | -0.751 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

### युवी पाजी के साथ प्रशिक्षण ने मेरा नजरिया बदल दिया : अभिषेक शर्मा

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के ओपनर अभिषेक शर्मा ने युवराज सिंह को अपनी सोच को सही दिशा देने का श्रेय दिया है। उन्होंने कहा कि बचपन के अपने आदर्श के साथ ट्रेनिंग करने से उन्हें टॉप लेवल के हाई-प्रेशर क्रिकेट के लिए तैयार होने में मदद मिली। 25 साल के अभिषेक मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने आठ मैचों में 380 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। वह टूर्नामेंट में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। अभिषेक ने बताया कि कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान युवराज के साथ करीब से काम करना उनके विकास का एक अहम मोड़ साबित हुआ। "युवी पाजी के साथ ट्रेनिंग करना मेरे लिए एक बहुत बड़ा पल था। मैं बचपन से ही उन्हें अपना आदर्श मानता था। वह मेरे हीरो थे। उन्होंने शुरुआत में मुझे कुछ सलाह दी थी, लेकिन हमारे पास साथ बिताने के लिए ज़्यादा समय नहीं था। फिर लॉकडाउन लग गया। मुझे लगता है कि युवी पाजी ने इसे कुछ खिलाड़ियों के साथ करीब से काम करने के एक मौके के तौर पर देखा। अभिषेक ने जियोस्टार को बताया मैं खुशकिस्मत था कि मैं उन खिलाड़ियों में से एक था। जब हमारा कैंप शुरू हुआ, तो उन्होंने कुछ ऐसा कहा जिसने सचमुच मेरा नज़रिया बदल दिया। उन्होंने मुझसे कहा कि हम जिस तरह की ट्रेनिंग और सोच पर काम कर रहे हैं, वह सिर्फ़ घरेलू क्रिकेट या आईपीएल के लिए नहीं है, और न ही सिर्फ़ भारत के लिए कुछ मैच खेलने के लिए है।



**हाईलाइट**

### बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप में नहीं खेलकर गलती की : शाकिब

**मुंबई।** पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन ने इस साल की शुरुआत में भारत में हुए टी20 विश्व कप से बांग्लादेश के बाहर रहने को एक बड़ी गलती करार किया और उम्मीद जताई है कि अगर दोनों टीम कुछ सीरीज खेलती हैं तो उनके बीच क्रिकेट के रिश्ते बेहतर हो सकते हैं। बांग्लादेश ने अपने तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स से बाहर किए जाने के बाद टी20 विश्व कप के लिए भारत का दौरा नहीं किया था जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका ने मिलकर की थी। जिसके बाद बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल किया गया। शाकिब ने ईयूटी20 बेल्जियम की जर्सी लांच के मौके पर बुधवार को यहां पत्रकारों से कहा मुझे लगता है कि यह एक बड़ा नुकसान था। उन्होंने कहा बांग्लादेश क्रिकेट के लिहाज से यह एक बहुत बड़ी चूक थी क्योंकि एक देश के तौर पर हमें अपने खिलाड़ियों को विश्व कप में खेलते हुए और उन मैचों में हिस्सा लेते हुए देखना बहुत पसंद है।

### विनेश फोगाट की कुश्ती में वापसी

**नई दिल्ली।** विनेश फोगाट कुश्ती में वापसी करते हुए अपना वेट क्लास बदलेंगी। वह गोंडा, उत्तर प्रदेश में 10 से 12 मई तक होने वाले नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट 2026 में 57किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगी। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता पेरिस 2024 ओलंपिक्स के बाद उनकी पहली उपस्थिति होगी, और जापान में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले आगामी एशियाई खेलों के लिए क्वालिफिकेशन का रास्ता भी बनेगी। 31 वर्षीय भारतीय पहलवान ने पेरिस 2024 ओलंपिक्स में गोल्ड मेडल मुकाबले के लिए तय वज़न (वेट) पूरा न कर पाने के एक दिन बाद ही संन्यास की घोषणा कर दी थी।

### गेंदबाज लगातार कर रहे सही प्रदर्शन : जहीर

**मुंबई।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने आईपीएल 2026 में बल्लेबाजों के आक्रामक खेल के बावजूद गेंदबाजों के लगातार बेहतर प्रदर्शन का श्रेय उनकी आक्रामक सोच और सही रणनीतियों को दिया। बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन के बीच अकील हुसैन (17 रन पर चार विकेट), मोहसिन खान (23 रन पर पांच विकेट), जोश हेजलवुड (12 रन पर चार विकेट) और भुवनेश्वर कुमार (पांच रन पर तीन विकेट) जैसे गेंदबाजों ने पिछले एक हफ्ते में अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। जहीर ने ईयू टी20 बेल्जियम की जर्सी के अनावरण के मौके पर संवाददाताओं से कहा, मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में गेंदबाज अब वापसी कर रहे हैं।

# पेरिस सेंट जर्मेन ने सेमीफाइनल का पहला चरण 5-4 से जीता

**चैंपियंस लीग**

**पेरिस, एजेंसी**

मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले चरण में बायर्न म्यूनिख पर 5-4 से रोमांचक जीत हासिल की। चैंपियंस लीग के किसी सेमीफाइनल मुकाबले में यह सर्वाधिक गोल का नया रिकॉर्ड है। सेमीफाइनल का दूसरा चरण अगले सप्ताह खेला जाएगा।

बायर्न की तरफ से हैरी केन ने 17वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन पीएसजी ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही 5-2 की बढ़त बना ली, जिसमें तेजतर्रार विंगर ख्विचा क्वारात्सखेलिया (24वें और 56वें मिनट) और औस्मान डेम्बेले (45वें और 58वें मिनट) ने दो-दो गोल किए। पीएसजी के लिए जोआओ नेवेस ने भी 33वें मिनट में गोल किया था। बायर्न की तरफ से केन के अलावा माइकल ओलिस (41वें), डेयोत उपामाकानो (65वें) और लुई डियाज (68वें मिनट) ने गोल दागे।



पीएसजी के खिलाफ गोल करते बायर्न के लुई डियाज। एजेंसी

### नया नियम : मुंह ढककर बहस करने पर खिलाड़ी को मिल सकता है लाल कार्ड

**वैंकूवर।** चैंपियंस लीग मैच के दौरान विनीसियस जूनियर के खिलाफ की गई कथित नस्लीय टिप्पणी को गंभीरता से लेते हुए अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल संघ बोर्ड (आईएफएबी) ने एक नए नियम को मंजूरी दी है जिससे खिलाड़ियों को दूसरे खिलाड़ी से मौखिक बहस करते समय मुंह ढकने पर लाल कार्ड से दंडित किया जाएगा। ब्रिटिश कोलंबिया के वैंकूवर में मंगलवार को हुई बैठक में आईएफएबी ने सर्वसम्मति से इस नियम को मंजूरी दी। यह नियम 11 जून से शुरू होने वाले विश्व कप फुटबॉल में लागू होगा।

# बेंगलुरु के सामने गुजरात की होगी कड़ी परीक्षा

- भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड की गेंदबाजी से रहना होगा सावधान

**अहमदाबाद, एजेंसी**

निरंतरता हासिल करने के लिए बेताब गुजरात टाइटंस को गुरुवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अब जबकि टूर्नामेंट का आधा चरण पूरा हो चुका है तब गुजरात टाइटंस की टीम आठ मैचों में चार जीत और चार हार के साथ अंक तालिका में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रही है। दूसरी तरफ मौजूदा चैंपियन आरसीबी शानदार फॉर्म में है और उसने आठ मैचों में से छह में जीत दर्ज की है। आरसीबी अभी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है।

आरसीबी की तरफ से उसके तेज गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड ने मिलकर कहर बरपाया है। जहां भुवनेश्वर ने अपनी शानदार स्विंग से पुराने दिनों की याद दिला दी है, वहीं हेजलवुड ने टेस्ट मैच के स्तर की गेंदों से बल्लेबाजों को परेशान किया है। वह बल्ले के बाहरी किनारे को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं। इसके अलावा बीच के ओवरों में क्रुणाल पंड्या का सामना करना भी बड़ी चुनौती है क्योंकि उनकी गेंदबाजी में काफी विविधता है। गुजरात टाइटंस की टीम शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अधिक निर्भर है। उसके चोटी के तीन बल्लेबाजों साई सुदर्शन, कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर ने एक बार फिर अधिकतर रन बनाए हैं।



अभ्यास सत्र के दौरान गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल। एजेंसी

### घरेलू मैदान पर दबदबा नहीं बना पाया टाइटंस

गुजरात टाइटंस की टीम अभी तक अपने घरेलू मैदान पर दबदबा बनाने में नाकाम रही है। उसने मोटेरा में खेले गए तीन मैचों में से दो मैच गंवाए हैं। आरसीबी इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है, लेकिन सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है। इंग्लैंड के अपने साथी खिलाड़ी फिल साल्ट की चोट के कारण पिछले दो मैच में खेलने वाले जैकब बेथेल कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। यह प्रतिभाशाली बल्लेबाज गुरुवार को विराट कोहली के साथ पारी का आगाज करते हुए अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होगा। बेथेल ने टी20 विश्व कप के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था और वह किसी भी समय अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखा सकते हैं।

**टीम**

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, अरशद खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, जयंत यादव, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, अनुज रावत, कुलवंत खेजरोलिया, राहुल तेवतिया।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), टिम डेविड, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, फिलिप साल्ट, जितेश शर्मा, जैकब बेथेल, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, अभिनंदन सिंह, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, नुवान तुषारा, वेंकटेश अय्यर, जैकब डफी, मंगेश यादव, जॉर्डन कॉक्स, विक्की ओस्टवाल, विहान मल्होत्रा, कनिष्क चौहान, सात्विक देसवाल।

**आई मुसीबत**

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान पर गैरकानूनी कार्य का आरोप, पहली बार दोषी पाए जाने पर एक साल तक हो सकती कैद

# ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट पीने पर विवादों से घिरे रियान पराग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में 'वेपिंग' (ई-सिगरेट का इस्तेमाल करना) करते हुए टीवी कैमरों में कैद होने के बाद विवादों में घिर गए हैं। भारत सरकार ने 2019 में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसमें इसका उत्पादन, बिक्री और वितरण शामिल था। इस संबंध में कानून के अनुसार पहली बार अपराध करने पर दोषी को एक साल तक की कैद हो सकती है या/और उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया सकता है।

आईपीएल के मौजूदा सत्र में रन बनाने के लिए जूझ रहे पराग पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के सीधा प्रसारण के दौरान ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट का सेवन करते हुए देखे गए। कैमरे में कैद हुई इस घटना पर सोशल मीडिया पर तुरंत ही प्रतिक्रिया होने लगी। पराग ने अपनी टीम की जीत में 16 गेंदों में 29 रन बनाए थे। इस प्रतियोगिता के संचालन से जुड़े आईपीएल और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों ने इसे सोशल मीडिया और टीवी कैमरों की निगरानी के युग में बेहद लापरवाही वाला कृत्य करार दिया। आईपीएल के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कई खिलाड़ी ई-सिगरेट का सेवन करते हैं, लेकिन वे ड्रेसिंग रूम में ऐसा नहीं करते। इतने सारे कैमरों के बीच ऐसा करना बेहद जोखिम और लापरवाही भरा है। पराग को खुलेआम ई-सिगरेट पीते हुए पकड़े जाने के बाद बीसीसीआई को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। राजस्थान रॉयल्स टीम का कोई भी अधिकारी इस मामले पर टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं था।

आईपीएल के मौजूदा सत्र में यह पहला अवसर नहीं है जबकि राजस्थान किसी विवाद में पड़ा। इससे पहले इसी महीने की शुरुआत में टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन का इस्तेमाल करने कारण नियमों का उल्लंघन करने के लिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। आईपीएल के एक अन्य सूत्र ने पीटीआई को बताया कि मौजूदा टूर्नामेंट से पहले मुंबई में कप्तानों की बैठक में ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की निजता का मुद्दा उठाया गया था। कुछ कप्तानों ने सीधा प्रसारण के दौरान ड्रेसिंग रूम की ओर कैमरे घुमाए जाने पर आपत्ति जताई थी। सूत्र ने कहा यह ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट के इस्तेमाल से सीधे तौर पर संबंधित नहीं था। यह मोटे तौर पर खिलाड़ियों की निजता से जुड़ा था। कई बार खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में पूरे कपड़े नहीं पहने होते हैं या वे कैमरों से बचना चाहते हैं।



### क्या है नियम

ई-सिगरेट निषेध अधिनियम (पीईसीए) 2019 के अनुसार कोई भी व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ई-सिगरेट का उत्पादन या निर्माण या आयात या निर्यात या परिवहन या बिक्री या वितरण नहीं करेगा और ई-सिगरेट का विज्ञापन नहीं करेगा या किसी ऐसे विज्ञापन में भाग नहीं लेगा जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ई-सिगरेट के उपयोग को बढ़ावा देता हो। जॉन हॉपकिंस मेडिसिन के अनुसार ई-सिगरेट का इस्तेमाल करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, हालांकि यह सिगरेट पीने जितना हानिकारक नहीं हो सकता है। उसके अनुसार निकोटिन नियमित सिगरेट और ई-सिगरेट का मुख्य घटक है और इससे लत लग जाती है।

# थॉमस कप फाइनल्स में सात्विक चिराग की जोड़ी और लक्ष्य हारे

**होर्सेंस (डेनमार्क), एजेंसी**

लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोडी. को करीबी हार का सामना करना पड़ा जिससे भारत बुधवार को यहां थॉमस कप फाइनल्स के ग्रुप ए के आखिरी मुकाबले में चीन से 0-2 से पीछे चल रहा है। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य को दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी ली शि फेंग से कड़ा संघर्ष करने के बावजूद तीन गेम तक चले मुकाबले में शिकस्त झेलनी पड़ी। लक्ष्य ने पिछले महीने 'ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप' में ली को हराया था।

वह बुधवार को निर्णायक गेम में उसी फॉर्म को दोहरा नहीं पाए और 19-21, 21-8, 12-21 से पराजित हो गए। भारत को सात्विक और चिराग की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से मुकाबले को बराबर करने की उम्मीद थी। लेकिन पांच मैच प्वाइंट बचाने के बावजूद यह जोड़ी मौकों को भुनाने में नाकाम रही और आखिरकार पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता लियांग वेई केंग और वांग चांग से 13-21, 21-13, 24-26 से हार गई। अब सारा दारोमदार आयुष शेट्टी पर होगा कि वह वेंग होंग यांग का सामना करते हुए भारत को इस मुकाबले में बनाए रखें। आयुष इस महीने की शुरुआत में एशिया चैंपियनशिप के उपविजेता रहे थे। वहीं हरिहरन अमसकरुनन और एमआर अर्जुन की युगल जोड़ी ही जी टिंग और रेन जियांग यू की जोड़ी से भिड़ेगी। पहले गेम में लक्ष्य 3-6 से पीछे चल रहे थे, उन्होंने क्रॉस कोर्ट स्लाइस और तेज स्मैश के बाद ली के शॉट के बाहर जाने से वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर लिया।

दोनों खिलाड़ियों के बीच जोरदार स्मैश लगे जिसके बाद ली ने 10-8 की बढ़त बना ली और ब्रेक तक बढ़त बनाए रखी। ब्रेक के बाद लक्ष्य ने 14-13 से आगे निकल गए। लेकिन मुकाबला बेहद कड़ा हो गया और दोनों खिलाड़ी 19-19 पर बराबरी पर आ गए।

